अधिकतम 34 डिग्री से.
न्यूनतम 27 डिग्री से.
सूर्योदय 5.24
सूर्यास्त 7.30
सोना 24 कैरेट: 1,40,930.00
चांदी (प्रति किलो): 2,40,000
सेंसेक्स : 76,922.64
अमेरिका : 95.16
कैनेडियन : 66.99
आस्ट्रेलिया : 65.68

दैनिक **अर्थ प्रकाश**
खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

चंडीगढ़, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, हिमाचल एवं उत्तर प्रदेश से प्रकाशितः उत्तराखंड, बिहार, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में भी प्रसारित




बातों बातों में मन की बात

समझदार इन्सान का दिमाग चलता है और ना समझ इन्सान की जुबान।
-उपाध्याय गुप्तिसागर मुनि


वर्ष 01 | करनाल, वीरवार, 02 जुलाई, 2026 | आषाढ़ कृष्ण पक्षः तृतीया, विक्रमी संवत-2083 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंक : 244 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठः 8


# सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र को सरकार ने धरातल पर उतारा : नायब सैनी

**हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नारायणगढ़ में खोला विकास का पिटारा**

**337 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण एवं शुभारंभ**

अर्थ प्रकाश नेटवर्क



**चंडीगढ़,1 जुलाई।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 325 अमृत सरोवर के साथ-साथ 70 एडवांस्ड लाइफ स्पोर्ट् एंबुलेंस जनता को समर्पित की है। मुख्यमंत्री बुधवार को अंबाला के नारायणगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कुल 337 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शुभारंभ किया। 114 करोड़ रुपये की लागत से तैयार 7 महत्वपूर्ण स्वास्थ्य परियोजनाएं शामिल हैं। इसके साथ ही 223 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 325 अमृत सरोवर भी प्रदेश की जनता को समर्पित किए गए।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र को सरकार ने धरातल पर उतारा है। आज का अवसर केवल नारायणगढ़ के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे हरियाणा के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है, जब उन्होंने आज 337 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शुभारंभ किया है। यह केवल परियोजनाओं का उद्घाटन नहीं है, बल्कि स्वस्थ हरियाणा, समृद्ध हरियाणा और विकसित हरियाणा के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पिछले साढ़े 11 वर्षों में नारायणगढ़ विधानसभा क्षेत्र में निरंतर विकास कार्य किए गए हैं। आज की परियोजनाओं सहित इस क्षेत्र में 858 करोड़ रुपये के विकास कार्य किए जा चुके हैं।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज लगभग 32 करोड़ रुपये की लागत से बने 50-बेड के नए अस्पताल ब्लॉक का उद्घाटन किया गया है, जिससे नागरिक अस्पताल की क्षमता 100 बिस्तरों की हो गई है। साथ ही लगभग 50 लाख रुपये की लागत से ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट का शुभारंभ किया गया, जो स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करेगी।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि सरकार अपने संकल्पों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। विधानसभा चुनाव के संकल्प-पत्र के 217 वादों में से 66 पूरे किए जा चुके हैं, जबकि 151 वादों पर कार्य जारी है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए 'दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना' के तहत 2,100 रुपये प्रतिमाह सहायता दी जा रही है, जिसके अंतर्गत लगभग 10 लाख महिलाओं को 1,415 करोड़ रुपये दिए जा चुके हैं। इसके साथ ही गरीब परिवारों को राहत देने के लिए 500 रुपये में गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा है, जिसके तहत 14.42 लाख लाभार्थियों को 282 करोड़ रुपये की राशि दी गई है।

## न्यूज ब्रीफ

### लेफ्टिनेंट जनरल संदीप जैन बने भारतीय सेना के नए उप प्रमुख



**नई दिल्ली, 1 जुलाई।** भारतीय सेना में शीर्ष नेतृत्व स्तर पर एक महत्वपूर्ण बदलाव के तहत लेफ्टिनेंट जनरल संदीप जैन, सेना के उप प्रमुख (वाइस चीफ ऑफ द आर्मी स्टाफ) नियुक्त किए गए हैं। उन्होंने 1 जुलाई को नई दिल्ली में अपना पदभार ग्रहण कर लिया। बता दें कि लगभग चार दशक लंबे सैन्य करियर में लेफ्टिनेंट जनरल संदीप जैन ने विभिन्न चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में कमान संभालते हुए नेतृत्व, संचालन और रणनीतिक योजना के क्षेत्र में व्यापक अनुभव अर्जित किया है। वह राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के पूर्व छात्र हैं। लेफ्टिनेंट जनरल संदीप जैन को जून 1988 में महार रेजिमेंट में कमीशन प्राप्त हुआ था। कमीशन हासिल कर वह भारतीय सेना में शामिल हुए थे। अपने लंबे सैन्य जीवन में उन्होंने कमांड, स्टाफ और परिचालन से जु? अनेक महत्वपूर्ण दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया है। लेफ्टिनेंट जनरल संदीप जैन ने अर्ध-रेगिस्तानी क्षेत्र में एक पैदल सेना बटालियन की कमान संभाली और दक्षिण सूडान में संयुक्त राष्ट्र मिशन के दौरान भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाईं। इसके अलावा, उन्होंने स्ट्राइक कोर के अंतर्गत एक इन्फेंट्री ब्रिगेड, आतंकवाद-रोधी बल तथा उत्तरी कमान में एक पिवट कोर का नेतृत्व किया।

### नायरा का पेट्रोल 5 और डीजल 3 रुपए सस्ता

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी प्राइवेट फ्यूल रिटेलर कंपनी नायरा एनर्जी ने पेट्रोल के दाम में 5 रुपए प्रति लीटर और डीजल में 3 रुपए प्रति लीटर की कमी की है। अब भोपाल में नायरा के पेट्रोल की कीमत 119.79 रुपए से घटकर 114.79 रुपए और डीजल 102.57 रुपए से घटकर 99.57 रुपए पर आ गया है। नायरा एनर्जी के देश भर में 7 हजार से ज्यादा पेट्रोल पंप हैं। बाकी कंपनियों के एक लाख से ज्यादा हैं। इस तरह बाजार में इसकी 7त्न हिस्सेदारी है। नायरा की नई दरें सभी जगह लागू हो गई हैं। हालांकि, अलग-अलग राज्यों में लोकल टैक्स और वैल्यू-एडेड टैक्स की दरें अलग होने की वजह से हर शहर में रिटेल प्राइस में थोड़ा अंतर देखने को मिल सकता है।

# जम्मू-कश्मीर में बादल फटा, अरुणाचल में बाढ़ एमपी बिहार में बिजली गिरने से 8 लोगों की मौत

## ढेर सारा मलबा पहाड़ी से बहकर सड़क पर आया, कई जगह रास्ते हुए ब्लॉक

अर्थ प्रकाश नेटवर्क



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर को डोडा में बुधवार सुबह 2 बार बादल फटा। भलेसा के कलालगीसर इलाके में बादल फटने से बाढ़ आ गई। ढेर सारा मलबा पहाड़ी से बहकर सड़क पर आ गया। इससे रास्ते ब्लॉक हो गए।

वहीं, अरुणाचल प्रदेश में बाढ़ और लैंडस्लाइड का कहर है। अब तक 4 लोगों की मौत हो चुकी है। अंजॉ जिले के सारती गांव में लैंडस्लाइड में एक व्यक्ति की मौत हुई।

इससे पहले कीयी पन्योर में बाढ़ में 3 लोग बह गए थे। अधिकारियों के मुताबिक 2 लोग लापता हैं। 28 जिलों के 90 हजार से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं।

इधर, मध्य प्रदेश के हरदा-खरगोन में बिजली गिरने से 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि बैतूल में एक ही परिवार के चार लोग झुलस गए। वहीं, चंपा नदी के उफान में बाइक समेत दो युवक बह गए।

बिहार में भी बिजली गिरने से 5 लोगों की मौत हो गई। यूपी के सोनभद्र में मंगलवार शाम 4 बजे पिकनिक मनाने गए 3 लोग बरसाती नाले के तेज बहाव में बह गए। एक ही मौत हुई।

उत्तराखंड में बारिश से देहरादून में रिस्पना नदी उफान पर है। गंगा के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए ऋषिकेश में मंगलवार शाम से राफ्टिंग पर 31 अगस्त तक रोक लगा दी गई है।

**दिल्ली,राजस्थान को छोड़ पूरे देश में मानसून पहुंचा :** मानसून ने बुधवार को पंजाब और हरियाणा में एंट्री कर ली। अब दिल्ली और राजस्थान को छोड़कर पूरे देश में मानसून पहुंच गया है। मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि जुलाई में देश के ज्यादातर हिस्सों में सामान्य से कम बारिश हो सकती है।

### देश में जून में 39.8 प्रतिशत कम बारिश

देश में इस साल जून महीने में 1901 के बाद पांचवीं सबसे कम बारिश दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार, जून में सामान्य 165.3द्वद्व के मुकाबले केवल 99.5द्वद्व बारिश हुई, जो 39.8 प्रतिशत कम है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले दो से तीन दिनों में दक्षिण-पश्चिम मानसून दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान और पूरे जम्मू-कश्मीर में पहुंच सकता है। अल नीनो के असर के कारण इस साल मानसून प्रभावित हुआ है।

# वित्त मंत्री ने की फ्रांस दौरे की शुरुआत, आर्थिक और निवेश संबंधों को नई मजबूती देने पर फोकस

अर्थ प्रकाश नेटवर्क



**नई दिल्ली, 1 जुलाई।** केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को फ्रांस के आधिकारिक दौरे की शुरुआत की, जहां वह भारत और फ्रांस के बीच रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने, आर्थिक सहयोग को गहरा करने और निवेश, प्रौद्योगिकी सहयोग और नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई उच्चस्तरीय बैठकों में हिस्सा लेंगी।

इस दौरे का सबसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम फ्रांस के ऐक्स-एन-प्रोवेंस में आयोजित होने वाला भारत-फ्रांस आर्थिक एवं वित्तीय संवाद (ईएफडी) होगा। इस बैठक की सह-अध्यक्षता वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और फ्रांस के अर्थव्यवस्था, वित्त, औद्योगिक ऊर्जा और डिजिटल संप्रभुता मंत्री रोलैंड लेस्क्योर करेंगे। इस संवाद के दौरान दोनों देश विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के नए अवसरों की तलाश करेंगे और द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को और मजबूत बनाने पर चर्चा करेंगे।

फ्रांस प्रवास के दौरान वित्त मंत्री कई वैश्विक कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) के साथ अलग-अलग बैठकें भी करेंगी। इसके अलावा वह शीर्ष उद्योगपतियों के साथ एक गोलमेज चर्चा (राउंडटेबल) में भी हिस्सा लेंगी। इन बैठकों में भारत की मजबूत आर्थिक स्थिति, सरकार द्वारा किए गए संरचनात्मक सुधार, बढ़ते निवेश अवसरों और दीर्घकालिक विकास की संभावनाओं को वैश्विक निवेशकों के सामने प्रस्तुत किया जाएगा। निर्मला सीतारमण नई मध्यम वर्गीय आबादी के विकास को कैसे बढ़ावा दिया जाए विषय पर आयोजित एक विशेष पैनल चर्चा में भी भाग लेंगी। यह चर्चा लेस रेनकॉन्ट्रेंस इकोनॉमिक्स डीऐक्स-एन-प्रोवेंस के तहत आयोजित होगी, जिसे यूरोप के सबसे प्रतिष्ठित वार्षिक आर्थिक और सार्वजनिक नीति मंचों में से एक माना जाता है। इस सम्मेलन का आयोजन ले सर्कल डेस इकोनॉमिस्ट्स द्वारा किया जाता है, जिसमें विभिन्न देशों के राष्ट्राध्यक्ष, मंत्री, केंद्रीय बैंक प्रमुख, उद्योगपति, अर्थशास्त्री, शिक्षाविद और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि वैश्विक आर्थिक चुनौतियों पर विचार-विमर्श करते हैं।

अपने दौरे के दौरान केंद्रीय वित्त मंत्री कैडाराचे स्थित इंटरनेशनल थर्मोन्यूक्लियर एक्सपेरिमेंटल रिएक्टर (आईटीईआर) परियोजना का भी दौरा करेंगी, जो दुनिया की सबसे बड़ी परमाणु संलयन (न्यूक्लियर फ्यूजन) ऊर्जा परियोजनाओं में से एक है, जिसमें भारत और फ्रांस सहित 30 से अधिक देश साझेदार हैं।इसके अलावा, वह कैम्पस साइबर का भी दौरा करेंगी, जिसे फ्रांस का राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा, अनुसंधान और कौशल विकास केंद्र माना जाता है। इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच साइबर सुरक्षा को मजबूत करने, डिजिटल अर्थव्यवस्था में नवाचार बढ़ाने और सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों के आदान-प्रदान पर चर्चा होने की उम्मीद है।




## वेनेजुएला में मृत भारतीय नाविक के ब्रेन, फेफड़े और दिल निकाले

**नई दिल्ली।** वेनेजुएला में ड्यूटी के दौरान जान गंवाने वाले भारतीय नाविक राकेश चौहान (33) की बॉडी से दिमाग, फेफड़े, दिल, लंग्स, लीवर, किडनी समेत कई अंग गायब मिले हैं। यह आरोप चौहान की फैमिली ने लगाया है।

फेडरेशन ऑफ सीफेरर्स यूनियंस ऑफ इंडिया ने यह जानकारी सोशल मीडिया पोस्ट ने दी। पीड़ित परिवार का आरोप है कि शव का दोबारा पोस्टमॉर्टम हुआ तो शरीर पर 22 टांके मिले।

मस्तिष्क, हृदय, फेफड़े, यकृत (लिवर), गुर्दे, तिल्ली (प्लीहा या स्प्लीन), अग्न्याशय (पैंक्रियास), पेट, आंतें, थायरॉयड ग्रंथि जीभ के नीचे की हड्डी, वॉइस बॉक्स और श्वास नली समेत कई अंग गायब थे।

राकेश चौहान मूल रूप से उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले के रहने वाले थे। नवंबर 2025 में उन्होंने मर्चेंट नेवी जॉइन की थी और वेनेजुएला में मरीन फिटर के तौर पर काम कर रहे थे।

### भारत-पाक की 117 प्रमुख हस्तियों ने मोदी-शहबाज को पत्र लिखा, बोले-

## दुश्मनी खत्म कर बातचीत और रिश्ते फिर शुरू हों

अर्थ प्रकाश नेटवर्क




**नई दिल्ली।** भारत-पाकिस्तान के रिश्तों को सुधारने के लिए दोनों देशों की 117 हस्तियों ने पीएम मोदी और पाक पीएम शहबाज शरीफ को चिट्ठी लिखी है। इसमें कहा गया है कि टकराव नहीं, बातचीत का रास्ता चुनिए, ताकि दक्षिण एशिया में शांति और विकास का माहौल बन सके।

इन 117 हस्तियों में पूर्व अधिकारी, सामाजिक और राजनीतिक हस्तियां शामिल हैं। भारत की ओर से जम्मू-कश्मीर के पूर्व सीएम फारूक अब्दुल्ला, महबूबा मुफ्ती और आरजेडी सांसद मनोज झा समेत 61 लोगों और पाकिस्तान की ओर से पूर्व विदेश मंत्री खुर्शीद महमूद कसूरी समेत 56 लोगों ने चिट्ठी पर साइन किए हैं।

**क्यों लिखा गया यह पत्र?**

यह पहल ऐसे समय में की गई है जब हाल के महीनों में भारत और पाकिस्तान के संबंधों में तनाव बना हुआ है। इनका कहना है कि लगातार बढ़ती शत्रुता से दोनों देशों के विकास, क्षेत्रीय स्थिरता और आम नागरिकों के हित प्रभावित हो रहे हैं।






**विस्तार** | कैबिनेट ने टनल प्रोजेक्ट को दी मंजूरी

# द्वारका एक्सप्रेसवे को नेल्सन मंडेला मार्ग से जोड़ने के लिए 6,969.67 करोड़ से बनेगी टनल

अर्थ प्रकाश नेटवर्क



**नई दिल्ली, 1 जुलाई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट कमेटी ने बुधवार को एनएच-148एई पर 6 लेन की रोड़ टनल को मंजूरी दे दी है। इसके जरिए द्वारका एक्सप्रेसवे को दिल्ली के वंसतकुज में मौजूद नेल्सन मंडेला मार्ग से जोड़ा जाएगा। कैबिनेट की ओर से जारी बयान के मुताबिक, इस 8.1 किलोमीटर लंबी टनल को हाइब्रिड एनुटी मोड पर बनाया जाएगा। इसकी कुल लागत 6,969.67 करोड़ रुपए होगी। यह प्रोजेक्ट पश्चिम और दक्षिण दिल्ली के बीच आवाजाही को तेज करेगा। यह द्वारका एक्सप्रेसवे को वसंत कुंज से जोड़ेगा, जिससे गुरुग्राम, द्वारका, आईजीआई एयरपोर्ट और पश्चिम दिल्ली से साउथ की ओर आने वाले ट्रैफिक को फायदा होगा।

जमीन के नीचे बनने वाली ट्विन-ट्यूब टनल से जमीन के ऊपर होने वाली दिक्कतें कम होंगी और दक्षिणी रिज वन क्षेत्र भी सुरक्षित रहेगा, क्योंकि 1.98 किलोमीटर लंबी टनल रिज के नीचे से गुजरेगी। एनएचएआई, एम्स और महिपालपुर के बीच एक एलिवेटेड कॉरिडोर बनाने का भी प्रस्ताव दे रहा है। यह लिंक टनल को बारापुल्ला एलिवेटेड रोड से जोड़ेगा, जिससे पश्चिमी और दक्षिणी दिल्ली, पूर्वी दिल्ली, गाजियाबाद और नोएडा से जुड़ जाएंगे।

प्रस्तावित टनल रंगपुरी (दक्षिणी दिल्ली) रिज से होकर गुजरेगी। इसे ट्विन-ट्यूब टनल के तौर पर डिजाइन किया गया है। यह शिवमूर्ति इंटरचेंज से शुरू होगी और नेल्सन मंडेला मार्ग और महिपालपुर-छतरपुर रोड के चौराहे से पहले खत्म होगी।

### 1.8 किमी लंबे एलिवेटेड रोड का भी प्रस्ताव

बयान में कहा गया है कि इस चौराहे पर भीड़ कम करने के लिए, नेल्सन मंडेला मार्ग के साथ 1.8 किलोमीटर लंबी एलिवेटेड रोड का भी प्रस्ताव है। इसके अलावा, मौजूदा फ्लाईओवर के साथ छतरपुर से महिपालपुर की ओर एक और फ्लाईओवर बनाने का प्रस्ताव है। छतरपुर की ओर राइट-टर्न ट्रैफिक को आसान बनाने के लिए एक एलिवेटेड यू-टर्न का भी प्रस्ताव है। मुख्य कैरिजवे की लंबाई 6.3 किलोमीटर है। महिपालपुर-छतरपुर रोड पर प्रस्तावित फ्लाईओवर और एलिवेटेड यू-टर्न को मिलाकर, प्रोजेक्ट की कुल लंबाई 8.1 किलोमीटर हो जाती है। इसमें 3.14 किलोमीटर की टनल, 0.98 किलोमीटर का टनल अप्रोच रैंप, आरई वॉल के साथ 0.554 किलोमीटर का अप्रोच, 2.556 किलोमीटर का एलिवेटेड हिस्सा और 0.870 किलोमीटर की एट-ग्रेड रोड शामिल है।

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने 'एस.आई.आर.-2026' के तहत गणना फॉर्म भरा, लोगों से वोट पुनरीक्षण प्रक्रिया पूरी करने की अपील

# बी.एल.ओज़ और चुनाव आयोग के स्टाफ की अथक कोशिशों के कारण पंजाब में वोटर सूची की 90 प्रतिशत मैपिंग का काम पूरा: सीएम मान

कहा–एस.आई.आर. की जारी प्रक्रिया के दौरान किसी को भी वास्तविक वोट काटने नहीं दिया जाएगा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**संगरूर, 1 जुलाई।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज लोगों को वोटर सूचियों की जारी विशेष गहन पुनरीक्षण (एस.आई.आर.)-2026 के तहत अपने वोट की पुष्टि के लिए गणना फॉर्म (एन्यूमरेशन फॉर्म) भरने का आह्वान किया। अपने वोट की पुष्टि के लिए गणना फॉर्म भरने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य ने लगभग 90 प्रतिशत वोटर सूची की मैपिंग का आंकड़ा पहले ही हासिल कर लिया है। उन्होंने दोहराया कि पंजाब सरकार इस पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान किसी की भी वास्तविक वोट को काटने नहीं देगी। मीडिया से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, ÷पंजाब में विशेष गहन पुनरीक्षण (एस.आई.आर.)-2026 के तहत बूथ लेवल अधिकारी (बी.एल.ओ) 25 जून से 24 जुलाई तक घर-घर जाकर वोटर सूचियों की पुष्टि और सुधाई कर रहे हैं। यह बहुत ही गर्व और संतुष्टि की बात है कि राज्य में लगभग 90 प्रतिशत वोटरों की मैपिंग पहले ही हो चुकी है और बाकी बचा काम भी युद्ध स्तर पर चल रहा है। इस काम में जुटे स्टाफ को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, इस उपलब्धि के लिए मैं सभी बी.एल.ओ. और चुनाव आयोग के स्टाफ को बधाई देता हूं। यह सब उनकी लगन और कड़ी मेहनत के कारण ही संभव हुआ है।

बी.एल.ओज़. की भूमिका का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, बी.एल.ओज़. हर घर जाकर 'गणना फॉर्म' उपलब्ध करवा रहे हैं और वोटरों को इसे भरने में मदद भी कर रहे हैं। वोटरों की सुविधा के लिए फॉर्म के साथ कोई अतिरिक्त दस्तावेज नहीं लिए जा रहे हैं। सिर्फ मौजूदा विवरणों की पुष्टि की ही जरूरत है। इस प्रक्रिया के बारे में और जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री ने बताया, 'अगर कोई घर बंद मिलता है तो बी.एल.ओ. वहां सूचना पर्ची (इनफॉर्मेशन स्लिप) और स्टिकर लगाएगा। बी.एल.ओ. भरा हुआ फॉर्म लेने के लिए उस घर में कम से कम तीन बार दौरा करेंगे। लोगों से बिना किसी देरी के इस प्रक्रिया को पूरा करने की अपील करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, 'सिर्फ उन्हीं वोटरों के नाम वोटर सूची के मसौदे (ड्राफ्ट वोटर लिस्ट) में शामिल किए जाएंगे जो सही तरीके से भरा हुआ फॉर्म जमा करवाएंगे। अगर कोई फॉर्म जमा नहीं करवाता तो उसका नाम मसौदा सूची में शामिल नहीं किया जाएगा। फॉर्म जमा न करवाने वालों के बारे में जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, 'जो लोग फॉर्म जमा नहीं करवाएंगे, उनके बारे में पड़ोसियों से पूछताछ करके जरूरी प्रक्रिया अपनाई जाएगी और ऐसे वोटरों को चार श्रेणियों में बांटा जाएगा, जिनमें अनुपस्थित, स्थानांतरित हो चुके, मृतक और दोहरी वोट वाले वोटर शामिल हैं।

### राजनीतिक पार्टियों के बूथ लेवल एजेंटों के साथ साझा की जाएगी सूची

वोटर सूचियों के प्रकाशन की समय–सीमा साझा करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने बताया, यह सूची राजनीतिक पार्टियों के बूथ लेवल एजेंटों (बी.एल.एज़.) के साथ साझा की जाएगी और वोटर सूची का मसौदा 3 अगस्त को प्रकाशित किया जाएगा। अगर कोई वोटर वोटर सूची के मसौदे के प्रकाशन से पहले फॉर्म जमा नहीं करवा पाता तो वह 3 अगस्त से 2 सितंबर के बीच 'डिक्लेरेशन फॉर्म' के साथ फॉर्म–6 जमा करवाकर अपना दावा पेश कर सकता है। अंतिम वोटर सूची 1 अक्टूबर, 2026 को प्रकाशित की जाएगी। हर पात्र वोटर के अधिकारों की रक्षा के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, भारत चुनाव आयोग द्वारा चलाई जा रही एस.आई.आर. प्रक्रिया के दौरान राज्य सरकार एक भी वास्तविक वोट को काटने नहीं देगी। राज्य सरकार पूरी तरह सतर्क है और पात्र वोटरों को उनके लोकतांत्रिक अधिकार से गैर–कानूनी तरीके से वंचित करने की इजाजत नहीं दी जाएगी। लोगों से अपील करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, मैं हर पात्र वोटर से अपील करता हूं कि वह इस प्रक्रिया में पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लें क्योंकि इसका मुख्य उद्देश्य लोकतंत्र को मजबूत करना है।

# नशा छुड़ाऊ केंद्र के मालिक समेत दो व्यक्ति सात आधुनिक पिस्तौलों के साथ गिरफ्तार

सीमावर्ती रास्तों के द्वारा हथियारों की खेप प्राप्त कर रहे थे गिरफ्तार किए गए आरोपी: डीजीपी गौरव यादव

आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियाँ और बरामदगी होने की संभावना: सी.पी. अमृतसर गुरप्रीत भुल्लर

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**अमृतसर, 1 जुलाई।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों पर पंजाब को सुरक्षित राज्य बनाने के मद्देनजर चलाए जा रहे अभियान के दौरान बड़ी सफलता दर्ज करते हुए, अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने सीमा पार के हथियार तस्करी मॉड्यूल के दो व्यक्तियों को सात आधुनिक पिस्तौलों और 40 जिंदा कारतूसों के साथ गिरफ्तार कर इस मॉड्यूल को नष्ट कर दिया है। यह जानकारी डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने आज यहाँ साझा की। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान तरन तारन के गाँव सुर सिंह के निवासी सुरजीत सिंह उर्फ राणा (33) और अमृतसर के भाई मंज सिंह रोड के निवासी गुलबाग सिंह उर्फ बाठ (26) के रूप में हुई है। उल्लेखनीय है कि गुलबाग सिंह, अमृतसर के सुल्तानविंड में भाई मंज सिंह रोड पर नशा छुड़ाऊ केंद्र चलाता है। बरामद की गई पिस्तौलों में एक 9 एमएम ग्लॉक, एक .30 बोर तिसास (तुर्की निर्मित), एक .30 बोर स्पेशल मोडिफाइड पिस्तौल, चार .30 बोर पिस्तौलें शामिल हैं। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जाँच से पता चला है कि गिरफ्तार किए गए आरोपी सोशल मीडिया ऐप्स के द्वारा विदेशी तस्करों के संपर्क में थे और सीमावर्ती रास्तों के माध्यम से अवैध हथियारों की खेप प्राप्त करके आपराधिक तत्वों को आपूर्ति कर रहे थे।

डीजीपी ने कहा कि इस मामले में आगे-पीछे के संबंध स्थापित करने के लिए आगे की जाँच की जा रही है, ताकि अवैध हथियारों की आपूर्ति श्रृंखला में शामिल अन्य गुर्गों की पहचान की जा सके। ऑपरेशन से संबंधित विवरण साझा करते हुए, पुलिस कमिश्नर (सीपी) अमृतसर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि विश्वसनीय सूत्रों से मिली पुख्ता सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीमों ने सुरजीत उर्फ राणा और गुलबाग उर्फ बाठ को दो पिस्तौलों के साथ गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की निरंतर पूछताछ और उनके बयानों के आधार पर पुलिस टीमों ने पाँच और आधुनिक पिस्तौलें बरामद कीं, जिससे बरामदगी की कुल संख्या सात हो गई है। सी.पी. ने कहा कि आपराधिक पृष्ठभूमि की तफ्तीश से पता चला है कि आरोपी सुरजीत उर्फ राणा पहले से ही तरन तारन के पुलिस स्टेशन भिखीविंड में दर्ज व्यापारिक मात्रा में नशीले पदार्थों के एक मामले में वांछित है, जो संगठित आपराधिक गतिविधियों में उसकी संलिप्तता को दर्शाता है। उन्होंने आगे कहा कि आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियाँ और बरामदगी होने की संभावना है।

# कैबिनेट मंत्री मोहिंदर भगत द्वारा बागवानी विभाग के कार्यों की समीक्षा

प्रशासनिक सुधारों और किसान–हितैषी विकास पर दिया जोर

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 1 जुलाई।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार राज्य में बागवानी क्षेत्र को बढ़ावा देने और किसानों की आय बढ़ाने के लिए तेज़ी से कार्य कर रही है। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए बागवानी मंत्री श्री मोहिंदर भगत ने आज चंडीगढ़ में बागवानी विभाग के कार्यों की विशेष समीक्षा बैठक की।

इस अवसर पर बागवानी विभाग के सचिव अरशदीप सिंह थिंद तथा बागवानी निदेशक मनीष कुमार विशेष रूप से उपस्थित थे।

बैठक के दौरान मंत्री श्री मोहिंदर भगत ने बागवानी विभाग की विभिन्न योजनाओं और पहलों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी लंबित परियोजनाओं और प्रशासनिक मामलों का समयबद्ध ढंग से निपटारा किया जाए, ताकि बागवानी क्षेत्र को और अधिक विकसित किया जा सके तथा किसानों को बेहतर सेवाएं प्रदान की जा सकें। उन्होंने किसानों को दी जाने वाली सब्सिडी में तेजी और पारदर्शिता सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया।

श्री भगत ने बागवानी विभाग में रिक्त पदों को भरने तथा अधिकारियों की पदोन्नति संबंधी प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को नियमों के अनुसार पदोन्नति प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए, ताकि विभाग की कार्यक्षमता और अधिक प्रभावी बन सके।

इसके अतिरिक्त, मोहिंदर भगत ने विभिन्न बागवानी योजनाओं के तहत मशीनरी की खरीद तथा अन्य बुनियादी ढांचे से जुड़े कार्यों की प्रगति का भी जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को सभी लंबित कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए।

# मुकेरियां में कांग्रेस को बड़ा झटका, कई सीनियर नेता आप में हुए शामिल

मुकेरियां के कई कांग्रेसी सरपंच आप में हुए शामिल, पार्टी को मिली बड़ी मजबूती

मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सभी नेताओं का आप परिवार में किया स्वागत

अकाली दल के पूर्व विधानसभा उम्मीदवार सरबजोत सिंह साबी भी अपने समर्थकों के साथ आप में हुए शामिल



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 1 जुलाई।** आम आदमी पार्टी (आप) का परिवार लगातार बढ़ रहा है। बुधवार को पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की मौजूदगी में मुकेरियां के कई सीनियर कांग्रेस नेता पार्टी में शामिल हुए। आप में शामिल होने वालों में सरपंच अनिल ठाकुर, बेअंत सिंह रंधावा, पूनम रत्तू, सरपंच तजिंदर पाल सिंह, राजेश रत्तू, सरपंच लखवीर सिंह, शेर सिंह शेरा और अकाली दल के पूर्व विधानसभा उम्मीदवार सरबजोत सिंह साबी शामिल हैं। उन्होंने आम आदमी पार्टी की नीतियों और सोच पर भरोसा जताया और अपने समर्थकों के साथ पार्टी में शामिल होने का ऐलान किया। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सभी नेताओं का पार्टी में औपचारिक स्वागत किया। उन्होंने कहा कि आप की जनपक्षीय सरकार, ईमानदार राजनीति और पंजाब के विकास के लिए प्रतिबद्धता की वजह से अलग-अलग राजनीतिक पार्टियों के नेता और वर्कर आप की तरफ खीचे चले आ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि आप परिवार की यह लगातार बढ़ोतरी पार्टी की नीतियां और पंजाब सरकार के काम में लोगों के बढ़ते भरोसे को दिखाती है। उन्होंने आगे कहा कि जो नेता सच में लोगों की सेवा करना चाहते हैं, वे आगे आकर आप के साथ जुड़ रहे हैं। नए शामिल हुए नेताओं ने कहा कि वे मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में दी जा रही ईमानदार और पारदर्शी सरकार से बहुत प्रभावित हैं। उन्होंने कहा कि आप अकेली ऐसी राजनीतिक पार्टी बनकर उभरी है जो पंजाब की भलाई और तरक्की के लिए ईमानदारी से काम कर रही है, इसीलिए उन्होंने अपने कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी में शामिल होने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री ने भरोसा जताया कि इन अनुभवी ज़मीनी नेताओं के आने से मुकेरियां में पार्टी का ऑर्गेनाइजेशनल स्ट्रक्चर और मजबूत होगा और सरकार के लोगों के हक में लिए गए फैसलों को घर-घर तक पहुंचाने में मदद मिलेगी। उन्होंने सभी नए मेंबर्स को पार्टी में सही सम्मान और जिम्मेदारी का भरोसा दिलाया और 'आप' परिवार में उनका दिल से स्वागत किया।

## पटियाला के पातड़ां में शिरोमणि अकाली दल को बड़ा झटका, पूर्व विधायक वनिंदर कौर लूंबा और करण सिंह डीटीओ साथियों सहित 'आप' में शामिल



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 1 जुलाई।** पातड़ां में शिरोमणि अकाली दल को उस समय बड़ा राजनीतिक झटका लगा जब पूर्व विधायक वनिंदर कौर लूंबा और करण सिंह डीटीओ अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ मुख्यमंत्री भगवंत मान की मौजूदगी में आम आदमी पार्टी (आप) में शामिल हो गए। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने पार्टी में शामिल हुए सभी नए नेताओं और समर्थकों का पार्टी में औपचारिक स्वागत किया। उन्होंने कहा कि जमीनी नेताओं के शामिल होने से इलाके में पार्टी को मजबूती मिलेगी। सीएम मान ने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में विपक्षी पार्टी के समर्थकों का आप में शामिल होना आप सरकार के जनहितैषी कामों और नीतियों को जनता की बढ़ती मंजूरी दिखाता है, जिससे आने वाले समय में इलाके में पार्टी का आधार और बड़ा और मजबूत होगा।

# चेयरमैन बाल मुकंद शर्मा ने समीक्षा बैठक में राशन डिपो, आंगनवाड़ी केंद्रों द मिड–डे मील व्यवस्था का लिया जायजा

मानसा जिले के 60 प्रतिशत सरकारी स्कूलों में स्थापित हुए 'पोषण वाटिका', चेयरमैन ने जिला प्रशासन की सराहना की

जिले में प्राप्त 70 हजार राशन किटों में से 93 प्रतिशत का सफल वितरण, जनता से मिल रही सकारात्मक प्रतिक्रिया

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**मानसा, 1 जुलाई।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के तहत गठित पंजाब राज्य खाद्य आयोग के चेयरमैन श्री बाल मुकंद शर्मा ने आज जिला प्रबंधकीय परिसर, मानसा में विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस अवसर पर विधायक डॉ. विजय सिंगला तथा अतिरिक्त उपायुक्त पूनम सिंह भी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान उन्होंने जिले में संचालित आंगनवाड़ी केंद्रों, राशन डिपो तथा सरकारी विद्यालयों में संचालित मिड-डे मील व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा की।

श्री बाल मुकंद शर्मा ने जिले में संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के संतोषजनक परिणामों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार द्वारा भेजी गई 70 हजार राशन किटों में से 93 प्रतिशत किटें लाभार्थियों तक सफलतापूर्वक पहुंचाई जा चुकी हैं। उन्होंने बताया कि इन किटों में चीनी, दाल, नमक, हल्दी और सरसों का तेल जैसी दैनिक उपयोग की आवश्यक वस्तुएं शामिल हैं, जिन्हें लेकर आम जनता से अत्यंत सकारात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त हो रही है। खाद्य आयोग की अनुशंसाओं का उल्लेख करते हुए चेयरमैन ने कहा कि बच्चों के बेहतर पोषण को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक विद्यालय में 'पोषण वाटिका' स्थापित करना आवश्यक किया गया है। उन्होंने इस बात पर मानसा जिला प्रशासन की सराहना की कि जिले के 60 प्रतिशत सरकारी विद्यालयों में ऐसी वाटिकाएं स्थापित की जा चुकी हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि इन वाटिकाओं में सब्जियां, फल, औषधीय पौधे, आंवला, सहजन, करी पत्ता तथा पुदीना आदि विशेष रूप से लगाए जाएं, ताकि इनका उपयोग मिड-डे मील को अधिक पौष्टिक बनाने में किया जा सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आंगनवाड़ी केंद्रों के सभी पात्र लाभार्थियों तक सरकारी योजनाओं का 100 प्रतिशत लाभ हर हाल में पहुंचाया जाए। साथ ही, सामाजिक बुराइयों पर रोक लगाने के उद्देश्य से शिक्षा विभाग के अधिकारियों को विद्यालयों में विद्यार्थियों के बैगों की नियमित जांच करने के निर्देश दिए, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी छात्र तंबाकू या अन्य नशीले पदार्थों की चपेट में न हो। उन्होंने विद्यालयों के आसपास एनर्जी ड्रिंक की बिक्री पर रोक संबंधी सरकार के निर्देशों का भी सख्ती से पालन सुनिश्चित करने को कहा।

श्री बाल मुकंद शर्मा ने कहा कि पारदर्शिता और जनसुनवाई व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए खाद्य आयोग का हेल्पलाइन नंबर 98767-64545 प्रत्येक आंगनवाड़ी केंद्र, सरकारी विद्यालय, राशन डिपो तथा सार्वजनिक कार्यालय में स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया जाना चाहिए, ताकि किसी भी शिकायत की स्थिति में आम नागरिक सीधे संपर्क कर सकें। उन्होंने बताया कि इस हेल्पलाइन पर प्राप्त प्रत्येक शिकायत एवं सुझाव पर निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्रवाई की जाती है। इस अवसर पर विधायक डॉ. विजय सिंगला ने कहा कि पंजाब राज्य खाद्य आयोग के चेयरमैन एवं सदस्यों द्वारा समय-समय पर जिलों का दौरा कर विभिन्न सरकारी योजनाओं की समीक्षा करना तथा उनके प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना अत्यंत सराहनीय पहल है। अतिरिक्त उपायुक्त पूनम सिंह ने सभी विभागीय अधिकारियों को आयोग के दिशा-निर्देशों का आपसी समन्वय के साथ अक्षरशः पालन करने के निर्देश दिए।

# 'युद्ध नशियां विरुद्ध' के 16 महीने: 70 हज़ार से अधिक नशा तस्कर 3125 किलो हेरोइन के साथ गिरफ्तार

पुलिस टीमों द्वारा 19.40 करोड़ की ड्रग मनी, 842 किलो अफीम, 675 क्विंटल भूक्की, 59 लाख नशीली गोलियाँ जब्त

'गैंगस्टरां ते वार' के 162वें दिन भी जारी; 368 गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 1 जुलाई।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों पर शुरू किए गए नशे के खिलाफ चल रहे निर्णायक अभियान 'युद्ध नशियां विरुद्ध' के 16 महीने पूरे हो गए हैं, जिसके तहत पंजाब पुलिस ने 1 मार्च, 2025 से अब तक 50,656 एफआईआर दर्ज की हैं और 70,871 नशा तस्करों को गिरफ्तार कर 3125 किलोग्राम हेरोइन बरामद की है। इस नशा विरोधी अभियान की शुरुआत से, पंजाब पुलिस, पंजाब के डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीजीपी) गौरव यादव के निर्देशन में, राज्य के सभी 28 पुलिस जिलों में रोजाना कार्रवाई कर रही है।

विशेष डीजीपी कानून एवं व्यवस्था प्रवीण सिन्हा ने कहा कि 3125 किलोग्राम हेरोइन की बरामदगी के अलावा, पुलिस ने 842 किलोग्राम अफीम, 675 क्विंटल भूक्की, 85 किलोग्राम चरस, 1022 किलोग्राम गांजा, 58 किलोग्राम आईसीई, 59 लाख नशीली गोलियाँ/कैप्सूल और 19.40 करोड़ रुपये की ड्रग मनी भी जब्त की है। 487वें दिन, पंजाब पुलिस ने बुधवार को 87 नशा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 1.8 किलो हेरोइन, 401 नशीली गोलियाँ/कैप्सूल और 11.12 लाख रुपये की ड्रग मनी बरामद की है। इसके अलावा नशा छुड़ाऊ अभियान के तहत पंजाब पुलिस ने आज नौ व्यक्तियों को नशा छुड़ाने और पुनर्वास उपचार कराने के लिए राजी किया है।

इस दौरान, पुलिस टीमों ने 'गैंगस्टरां ते वार' अभियान को 162वें दिन भी जारी रखते हुए 650 छापेमारी कर 368 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया, जबकि 287 व्यक्तियों के खिलाफ एहतियाती कार्रवाई की गई और आठ फरार अपराधियों को भी गिरफ्तार किया गया है। लोग एंटी गैंगस्टर हेल्पलाइन नंबर 93946-93946 के माध्यम से गुप्त रूप से वांछित अपराधियों और गैंगस्टरों के बारे में रिपोर्ट कर सकते हैं और अपराध तथा आपराधिक गतिविधियों के बारे में सूचना भी दे सकते हैं।

# 30 दिन में खुले बोरवेल बंद नहीं हुए तो पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में दायर होगी जनहित याचिका: एडवोकेट वासु रंजन

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 1 जुलाई।** अंबाला के धनौरा गांव में 220 फुट गहरे खुले बोरवेल में गिरने से चार वर्षीय मासूम निरवैर की दर्दनाक मौत के बाद काउंसिल ऑफ लॉयर्स के चेयरमैन एवं एडवोकेट वासु रंजन ने हरियाणा, पंजाब और चंडीगढ़ प्रशासन के खिलाफ बड़ा कदम उठाने की घोषणा की है। उन्होंने कहा है कि यदि 30 दिनों के भीतर हरियाणा, पंजाब और चंडीगढ़ के सभी खुले एवं परित्यक्त बोरवेल सुरक्षित रूप से बंद नहीं किए गए, तो इस संबंध में पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की जाएगी। एडवोकेट वासु रंजन ने हरियाणा के मुख्यमंत्री, पंजाब के मुख्यमंत्री तथा चंडीगढ़ के प्रशासक को पत्र भेजकर अपने-अपने क्षेत्रों में खुले बोरवेलों की तत्काल पहचान कर उन्हें स्थायी रूप से बंद कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि खुले बोरवेल लगातार मासूम बच्चों की जान के लिए गंभीर खतरा बने हुए हैं और प्रशासन की लापरवाही के कारण ऐसी घटनाएं बार-बार सामने आती हैं। उन्होंने बताया कि इस संबंध में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को भी पत्र भेजा गया है, जिसमें देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए खुले एवं अनुपयोगी बोरवेलों को बंद करने संबंधी एक समान राष्ट्रीय गाइडलाइन जारी करने का अनुरोध किया गया है, ताकि भविष्य में किसी भी बच्चे की जान इस प्रकार की लापरवाही से न जाए। एडवोकेट वासु रंजन ने कहा कि केवल प्रशासनिक निर्देश पर्याप्त नहीं हैं। जो खेत मालिक या भूमि स्वामी खुले और असुरक्षित बोरवेल छोड़ देते हैं, उनके विरुद्ध भी आपराधिक मामला दर्ज किया जाना चाहिए, क्योंकि ऐसी लापरवाही सीधे तौर पर लोगों के जीवन को खतरे में डालती है। उन्होंने कहा कि यदि किसी खुले बोरवेल के कारण किसी व्यक्ति की मृत्यु होती है तो संबंधित जिम्मेदार व्यक्तियों की जवाबदेही तय कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि निरवैर की मौत पूरे देश के लिए एक चेतावनी है और अब समय आ गया है कि खुले बोरवेलों के मुद्दे पर केवल संवेदनाएं व्यक्त करने के बजाय प्रभावी कानूनी और प्रशासनिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। यदि निर्धारित अवधि में आवश्यक कदम नहीं उठाए गए तो जनहित और बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया जाएगा।

# मांवा–धीयां सत्कार योजना' को लेकर पंजाब सरकार पर बरसी महिला कांग्रेस

बलजीत कौर ने कहा–चुनावी दिखावे की बजाय महिलाओं को चाहिए स्थायी रोजगार, सुरक्षा और आर्थिक मजबूती

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**जीरकपुर, 1 जुलाई।** पंजाब महिला कांग्रेस की कार्यकारी अध्यक्ष बलजीत कौर ने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा लागू की गई 'मांवा-धीयां सत्कार योजना' महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की बजाय एक चुनावी दिखावा साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव नजदीक आते देख सरकार महिलाओं को प्रभावित करने के लिए ऐसी योजनाएं ला रही है, जबकि पिछले साढ़े चार सालों में महिलाओं के स्थायी विकास और आर्थिक तरक्की के लिए कोई ठोस नीति नहीं बनाई गई। बलजीत कौर ने कहा कि पंजाब की महिलाओं को चुनावों से पहले मिलने वाली आर्थिक सहायता से ज्यादा जरूरत स्थायी रोजगार, सुरक्षा, शिक्षा और अपने पैरों पर खड़े होने के अवसरों की है। अगर सरकार की नीयत सच में महिलाओं का जीवन स्तर ऊंचा उठाने की होती तो पूरे कार्यकाल के दौरान रोजगार के नए अवसर पैदा किए जाते, सरकारी विभागों में खाली पद भरे जाते और महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए दीर्घकालीन योजनाएं लागू की जातीं। उन्होंने कहा कि आज भी पंजाब की हजारों शिक्षित युवा महिलाएं बेरोजगारी का सामना कर रही हैं। कई महिलाएं उच्च शिक्षा हासिल करने के बाद भी रोजगार के लिए भटक रही हैं, लेकिन सरकार उन्हें स्थायी रोजगार देने की बजाय अस्थायी योजनाओं के जरिए प्रभावित करने की कोशिश कर रही है। बलजीत कौर ने मांग की कि सरकार सबसे पहले सरकारी विभागों में खाली पड़े पदों को भरे, महिलाओं के लिए विशेष रोजगार नीति बनाए, उद्योगों में रोजगार के अवसर बढ़ाए और स्वरोजगार के लिए बिना ब्याज या कम ब्याज पर ऋण उपलब्ध करवाए। उन्होंने कहा कि गांवों और शहरों की महिलाओं को कौशल विकास से जोड़ा जाए, स्वयं सहायता समूहों को मजबूत किया जाए और छोटे उद्योग, घरेलू कारोबार व स्टार्टअप शुरू करने के लिए विशेष आर्थिक सहायता दी जाए।


## हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नारायणगढ़ में खोला विकास का पिटारा

# 337 करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण

- 7 स्वास्थ्य परियोजनाएं प्रदेश को की समर्पित
- 325 अमृत सरोवर के साथ–साथ 70 एडवांस लाइफ स्पोर्ट्स एंबुलेंस की दी सौगात
- सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र को सरकार ने धरातल पर उतारा– मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

अर्थ प्रकाश/सुशील कुमार



**नारायणगढ़, 1 जुलाई।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने 325 अमृत सरोवर के साथ–साथ 70 एडवांस लाइफ स्पोर्ट्स एंबुलेंस जनता को समर्पित की है। मुख्यमंत्री बुधवार को अंबाला के नारायणगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कुल 337 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शुभारंभ किया। 114 करोड़ रुपये की लागत से तैयार 7 महत्वपूर्ण स्वास्थ्य परियोजनाएं शामिल हैं। इसके साथ ही 223 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 325 अमृत सरोवर भी प्रदेश की जनता को समर्पित किए गए।

कार्यक्रम के दौरान प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव, विधायक श्रीमती शैली चौधरी, स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ सुमिता मिश्रा, एनएचएम के एमडी आरएस ढिल्लो तथा पंचायत विभाग के डॉयरेक्टर अनीश यादव, भाजपा जिला प्रधान मनदीप सिंह राणा, पूर्व विधायक डॉ पवन सैनी भी मौजूद थे। कार्यक्रम में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए प्रदेश के विभिन्न जिलों में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत कर रहे मंत्रीगण और विधायक तथा अन्य गणमान्य भी जुड़े थे।

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि आज का अवसर केवल नारायणगढ़ के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे हरियाणा के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है, जब उन्होंने आज 337 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शुभारंभ किया है। यह केवल परियोजनाओं का उद्घाटन नहीं है, बल्कि स्वस्थ हरियाणा, समृद्ध हरियाणा और विकसित हरियाणा के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इससे पहले उन्होंने डॉक्टर्स डे के अवसर पर देश एवं प्रदेश के सभी डॉक्टरों, नर्सों, पैरामेडिकल स्टाफ, आशा वर्करों तथा स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े सभी कर्मियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने भारत के महान चिकित्सक, प्रख्यात स्वतंत्रता सेनानी, उत्कृष्ट प्रशासक एवं दूरदर्शी राष्ट्र निर्माता डॉ. बिधान चंद्र राय को श्रद्धापूर्वक नमन किया। उन्होंने कहा कि डॉ. राय का यह विचार कि स्वस्थ नागरिक ही मजबूत राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति होते हैं आज भी अत्यंत प्रासंगिक है।

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पिछले साढ़े 11 वर्षों में नारायणगढ़ विधानसभा क्षेत्र में निरंतर विकास कार्य किए गए हैं। आज की परियोजनाओं सहित इस क्षेत्र में लगभग एक हजार करोड़ रुपये के विकास कार्य किए जा चुके हैं।

मुख्यमंत्री ने क्षेत्र में कराए गए प्रमुख विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि यमुनानगर-पंचकूला राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-73 का निर्माण 1,112 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। बड़ागढ़ में राजकीय महिला महाविद्यालय, फतेहगढ़-रायवाली सड़क एवं पुल, नारायणगढ़ फोरलेन सड़क, रायवाली सड़क, आधुनिक खेल स्टेडियम सहित अनेक विकास कार्य पूर्ण किए गए हैं। शहजादपुर एवं अंबली में सीएचसी भवन तथा भूरेवाला, धनाना एवं चाणसौली में पीएचसी भवनों का निर्माण एवं विस्तार किया गया है।

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज लगभग 32 करोड़ रुपये की लागत से बने 50-बेड के नए अस्पताल ब्लॉक का उद्घाटन किया गया है, जिससे नागरिक अस्पताल की क्षमता 100 बिस्तरों की हो गई है। साथ ही लगभग 50 लाख रुपये की लागत से ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट का शुभारंभ किया गया, जो स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करेगी।

उन्होंने कहा कि चाणसौली में 13 करोड़ रुपये की लागत से महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय, करनाल का क्षेत्रीय उद्यान अनुसंधान केंद्र स्थापित किया गया है। वर्तमान वित्त वर्ष के बजट में नारायणगढ़ के लिए नए राजकीय बहुतकनीकी संस्थान की घोषणा की गई है। इसके अलावा प्रदेश में 10 नए आईएमटी स्थापित किए जा रहे हैं, जिनमें आईएमटी अंबाला एवं नारायणगढ़ भी शामिल हैं।

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र को सरकार ने धरातल पर उतारा है। प्रधानमंत्री के 4,400 से अधिक दिनों के नेतृत्व में भारत विश्व की अग्रणी शक्तियों में शामिल हो रहा है।

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सरकार अपने संकल्पों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। विधानसभा चुनाव के संकल्प-पत्र के 217 वादों में से 66 पूरे किए जा चुके हैं, जबकि 151 वादों पर कार्य जारी है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए 'दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना' के तहत 2,100 रुपये प्रतिमाह सहायता दी जा रही है, जिसके अंतर्गत लगभग 10 लाख महिलाओं को 1,415 करोड़ रुपये दिए जा चुके हैं। इसके साथ ही गरीब परिवारों को राहत देने के लिए 500 रुपये में गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा है, जिसके तहत 14.42 लाख लाभार्थियों को 282 करोड़ रुपये की राशि दी गई है।

उन्होंने कहा कि किसानों के हित में प्रदेश की सभी 24 फसलों की खरीद एमएसपी पर की जा रही है। अब तक 12 लाख किसानों को 1.80 लाख करोड़ रुपये सीधे खातों में दिए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले साढ़े 11 वर्षों में किसानों को फसल खराबे एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 16,530 करोड़ रुपये दिए गए हैं, जबकि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में यह राशि 1,138 करोड़ रुपये थी। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस सरकार 269 करोड़ रुपये की मुआवजा राशि बकाया छोड़कर गई थी, जिसे सरकार ने 2014 के बाद जारी किया।

नकली खाद, बीज एवं कीटनाशक के खिलाफ सख्त कानून बनाकर 5 वर्ष तक की सजा का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना के तहत 46 फसलों को शामिल किया गया है तथा अब तक 157 किसानों को 1.40 करोड़ रुपये की सहायता दी गई है।

प्रदेश में भूमि एवं संपत्तियों का पंजीकरण पूरी तरह पेपरलेस और डिजिटल कर दिया गया है। साथ ही पिछड़ा वर्ग की क्रीमीलेयर आय सीमा 6 लाख रूपए से बढ़ाकर 8 लाख रुपये की गई है तथा पिछड़ा वर्ग-बी को आरक्षण दिया गया है।

प्रधानमंत्री आवास योजना का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इसके तहत 1.56 लाख मकान दिए गए हैं। मुख्यमंत्री आवास योजना-शहरी के तहत 18,470 परिवारों को तथा ग्रामीण योजना के तहत 12,031 प्लॉट दिए गए हैं। किडनी रोगियों के लिए सभी सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क डायलिसिस सुविधा उपलब्ध कराई गई है। 17 जिलों में डे-केयर कैंसर सेंटर शुरू होने के बाद अब सभी 22 जिलों में कैंसर उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

उन्होंने कहा कि हरियाणा में पिछले दिनों केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह ने 350 अटल लाइब्रेरियों का उद्घाटन भी किया था। आज अमृत सरोवरों का उद्घाटन किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कई क्षेत्रों में भूजल का स्तर नीचे चला गया है, ऐसे में इन सरोवरों के बनाने का उद्देश्य यही है कि पानी को इक्ट्ठा करके इस समस्या का हल हो सके। उन्होंने उपस्थित किसानों से आहवान किया कि प्राकृतिक खेती को अपनाएं। मुख्यमंत्री ने इस दौरान सरकार द्वारा प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों को दी जाने वाली सब्सिडी और उनके लिए उठाए गए कदमों का जिक्र भी किया।

इस मौके पर स्वास्थ्य एवं आयुष मंत्री आरती सिंह राव, अतिरिक्त मुख्य सचिव स्वास्थ्य डॉ सुमिता मिश्रा, एनएचएम के मिशन निदेशक डॉ आरएस ढिल्लो, पंचायत विभाग के निदेशक अनीष यादव, उपायुक्त अजय सिंह तोमर, पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत, एसडीएम शिवजीत भारती, शहीदी स्मारक अम्बाला छावनी के निदेशक डॉ कुलदीप सैनी, पूर्व मंत्री असीम गोयल, भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप सिंह, पूर्व मंत्री संतोष चौहान सारवान, विधायक शैली चौधरी, पूर्व विधायक डॉ पवन सैनी, महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ मनीष बंसल, निदेशक डॉ ब्रहमदीप, निदेशक डॉ कुलदीप सिंह, सिविल सर्जन डॉ रेनू बेरी, एसएमओ डॉ परवीन कुमार, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया, हरियाणा व्यापार कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष राकेश बिदंल, जिला उपाध्यक्ष संदीप सैनी अम्बली, जिला महामंत्री विवेक गुप्ता एवं कर्मचन्द गोल्डी, सीएम के स्पेशल पब्लिसिटी ओएसडी गजेन्द्र फोगाट, पूर्व जिला प्रधान राजेश बतौरा, पूर्व वाईस चेयरमेन पवन गुज्जर, नम्बरदार सुरेश पाल, हनीश सैनी, मार्किट कमेटी चेयरमेन नरेन्द्र राणा कुराली, वाईस चेयरमेन भुषण अग्रवाल, जिला परिषद् के चेयरमेन मक्खन सिंह लबाना, नगर पालिका उपाध्यक्ष आईना गुप्ता, मंडल प्रधान जगदीप कौर, प्रीतपाल कौर मक्कड़, जिला परिषद् पूर्व चेयरमेन सुरेन्द्र राणा, मार्किट कमेटी चेयरमेन जसमेर राणा, पूर्व चेयरमेन ओमप्रकाश देवीनगर, सीएम विंडो एमीनेट पर्सन जसविन्द्र सिंह बखतुआ, रणधीर सिंह भूरेवाला, पूर्व पार्षद मंजू कौशिक, पार्षद राजू मक्कड़, पार्षद संजीव कौशिक, पार्षद जश्र ढींगरा, मार्किट कमेटी चेयरमेन गोपाल मित्त के साथ-साथ अन्य अधिकारीगण, गणमान्य लोग व भाजपा के पदाधिकारीगण व कार्यकर्ता भारी संख्या में मौजूद रहें।

### मंत्री आरती राव ने मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री का जताया आभार

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने कहा कि हरियाणा सरकार आमजन को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य न केवल बेहतर सुविधाओं में बढ़ोतरी करना है, बल्कि रोगों की समय पर पहचान करते हुए रोगों की रोकथाम करना भी है। आज से मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को सदृढ़ करने के लिए ब्लॉक स्तर पर भी इस दिशा में कार्य शुरु हो गया है। साथ ही राज्य की आपातकालीन सेवाओं को भी सदृढ़ किया गया है। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी का आभार जताते हुए कहा कि उनके दूरदर्शी नेतृत्व में प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर और सशक्त किया जा रहा है।

### प्रदेश में तैनात होगी तमाम एंबुलैंस, 112 से कनेक्ट भी होंगी

वहीं, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ सुमिता मिश्रा ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक मजबूत करने के लिए प्रदेश सरकार लगातार कार्य कर रही है। इसी के तहत नारायणगढ़ के अस्पताल में मरीजों के लिए बैड की संख्या में इजाफा किया गया है। उन्होंने बताया कि आज 7 महत्वपूर्ण परियोजनाओं का मुख्यमंत्री ने शुभारंभ किया है। मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए कांउसलर की रोटेशन वाइज सुविधा अब शैक्षणिक संस्थाओं में मिला करेगी। इसके अलावा उन्होंने बताया कि सीएसआर फंड से करीबन 20 करोड़ रुपये की मशीनरी इत्यादि की सुविधा भी प्रदेश की जनता को समर्पित की गई है। उन्होंने बताया कि जो एंबुलैंस जनता को समर्पित की गई है, वो प्रदेश के अलग–अलग जिलों में तैनात होंगी, तथा डायल 112 से एमरजैंसी के लिए कनेक्ट होगी।

### आईएमटी सहित अन्य परियोजनाओं के लिए जताया आभार

नारायणगढ़ की विधायक श्रीमती शैली चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने नारायणगढ़ को जो स्वास्थ्य सेवाओं की सौगात दी है, इसके लिए वो उनका आभार प्रकट करती है। उन्होंने खासतौर पर नारायणगढ़ को मुख्यमंत्री के प्रयास से मिली आईएमटी परियोजना के लिए भी आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हरियाणा की जनता की सेवा के लिए दिन रात लगे रहते है, इससे प्रदेश की जनता को सभी सुविधाएं उनके घर द्वार पर मिल रही है। कार्यक्रम के दौरान हरियाणा के मुख्यमंत्री ने धूम्रपान मुक्त हरियाणा संदेश पर आधारित एक पोस्टर भी लांच किया गया। जिसे स्पेशल पब्लिसिटी सैल हरियाणा द्वारा तैयार किया गया है व जिसके लेखक एवं गायक ओएसडी पब्लिसिटी सैल गजेन्द्र फौगाट है।

- कार्यक्रम के दौरान हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कॉर्पोरेट सोशल रिस्पान्सिबिलिटी (सीएसआर) के तहत पांच प्रमुख कॉर्पोरेट संस्थानों द्वारा सहयोग करने पर सम्मानित किया गया। जिनमें पॉवर ग्रिड से जीएम नरेन्द्र सिंह, भारत इलैक्ट्रानिक्स लिमिटेड से जीएम दीपा बजाज, एपीसीपीएल से चीफ फॉईनेसियल ऑफिसर अरूण कुमार, एडिशन जनरल मैनेजर अतुल कुमार अग्रवाल, डिप्टी जनरल मैनेजर राकेश बिष्ट, आईओसीएल रिफाईनरी से एक्सीक्यूटीव डॉयरेक्टर एमएल दहरिया, जनरल मैनेजर संजय कुमार तथा एनएचएआई से प्रौजेक्ट इंजीनियर प्रांजल मिश्रा, ऑप्रेशन सैल से स्वारबानी कुमार घोष शामिल हैं।
- मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने विभिन्न विकास परियोजनाओं का किया शुभारम्भ। मुख्यमंत्री ने 31.72 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से निर्मित अतिरिक्त 50 बिस्तरीय भवन एवं ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट (बीपीएचयू) का उद्घाटन किया। इसके साथ ही अस्पताल परिसर में पौधारोपण कर सरकारी अस्पतालों व कॉलेजों में वृक्षारोपण पखवाड़े का शुभारम्भ किया। मुख्यमंत्री ने नागरिक अस्पताल में स्वस्थ नारी–सशक्त परिवार (एसएनएसपी) महिला क्लीनिक का शुभारंभ तथा 33.78 करोड़ रुपये की लागत से उपलब्ध कराई गई 70 एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट (एएलएस) एंबुलेंस को नारायणगढ़ से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जोकि प्रदेश के अलग–अलग जिलों में अपनी सेवाएं देंगी। राजकीय स्कूलों में मानसिक स्वास्थ्य परामर्श सेवाओं का शुभारम्भ किया। छः जिला अस्पताल जो कि 28.09 करोड़ रूपए से नवीनीकरण किया गया है का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने 325 अमृत सरोवरों का 223 करोड़ रूपए की लागत से तैयार हुए अमृत सरोवरों का लोकार्पण भी रिमोट का बटन दबाकर ऑन लाईन माध्यम से किया।

### नारायणगढ़ के विकास के लिए 5 करोड़ देने की घोषणा

मुख्यमंत्री ने नारायणगढ़ विकास कार्यो एवं सामुदायिक भवन के निर्माण के लिए 5 करोड़ रूपए की राशि देने की घोषणा की। नारायणगढ़ में पहुंचने पर मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए विधायक शैली चौधरी और पूर्व विधायक डॉ पवन सैनी द्वारा नारायणगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यो के लिए अलग–अलग मांग पत्र रखा। इस पर मुख्यमंत्री ने राजकीय महाविद्यालय नारायणगढ़ में बच्चों के लिए स्केटिंग ट्रैक बनवाने की घोषणा की। गांव लखनौरा से गांव खानपुर लुबाना तक सड़क बनवाने, गांव पजंलासा से अहमदपुर तक सडक़ बनवाने तथा नारायणगढ़ अनाजमंडी के सामने सनातन मैदान बनवाने, शहजादपुर में सीवरेज ट्रीटमेंन्ट प्लांट स्थापित करने, लौटो से डुमावाला तक सडक़ व मारकंडा नदी पर पुल की फिजिबलिटी चैक करवाकर बनवाने, गांव कड़ासन में फ्लाईओवर के लिए एनएचएआई से फिजिबलिटी चैक करवाकर बनवाने, राजकीय महिला आईटीआई हुसैनी मार्ग के लिए भूमि उपलब्ध होने पर भवन बनवाने, नारायणगढ़ व शहजादपुर में डिजीटल लाइब्रेरी खोले जाने बारे घोषणाएं की।

## न्यूज़ ब्रीफ

### रोटरी रिवेरा के नए सत्र के लिए प्रधान बने राजेश सोंधी, अनुपम गुप्ता सचिव

**यमुनानगर (अप्रस/वीरेंद्र त्यागी)।** रोटरी यमुनानगर रिवेरा के नए सत्र 2026–27 का शुभारंभ हनुमान मंदिर, लालद्वारा में विधिवत हवन–पूजन के साथ किया गया। इस अवसर पर अन्नपूर्णा डे भी मनाया गया, जिसमें श्रद्धालुओं एवं उपस्थित जनों को प्रसाद एवं भोजन वितरित किया गया। रोटरी रिवेरा द्वारा आज सीए डे तथा डॉक्टर्स डे भी मनाया गया। इस अवसर पर सभी चार्टर्ड अकाउंटेंट्स एवं चिकित्सकों को उनके समाज और राष्ट्र के प्रति अमूल्य योगदान के लिए सम्मानपूर्वक सम्मानित करते हुए शुभकामनाएँ दी गईं। कार्यक्रम के चेयरमैन अमित गुप्ता एवं मनीष अग्रवाल रहे। कार्यक्रम में रोटरी रिवेरा के नव निर्वाचित प्रधान राजेश सोंधी तथा सचिव अनुपम गुप्ता, कोषाध्यक्ष विशाल भाटिया ने आने वाले समय में रोटरी रिवेरा द्वारा किए जाने वाले कार्यों को लेकर जानकारी दी। इस अवसर पर विकास छिब्बर ,संदीप जैन,संजय आनंद, नीरज महाजन, अनिल ग्रोवर, गगनदीप भाटिया, सुखवंत सिंह गिल, राधा गुप्ता, नीना सोंधी, शैली भाटिया सहित भारी संख्या में संस्था के सदस्य मौजूद रहे।

### सफाई कर्मचारियों ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

**गोहाना (अप्रस/भंवर सिंह)।** गोहाना के गांव खानपुर कलां में स्थित बीपीएस राजकीय महिला मेडिकल कॉलेज के अस्पताल के सफाई कर्मचारियों ने बुधवार को अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। सभी कर्मचारी निदेशक कार्यालय के बाहर एकत्रित हुए। कर्मचारियों ने मौजूदा सुपरवाइजर पर अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया। मेडिकल निदेशक डॉ. जेसी दुरेजा ने सफाई कर्मचारियों की मांगे पूरी करने का आश्वासन दिया। सफाई कर्मचारी प्रवीन ने आरोप लगाया कि सुपरवाइजर उन्हें बेवजह परेशान करता है। हाथ–पैर तोड़ने की धमकी भी देता है। अपनी मनमर्जी से सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी लगाता है। कर्मचारियों को परेशान करने के लिए एक वार्ड में एक ही सफाई कर्मचारी की ड्यूटी लगाता है। कर्मचारियों ने मौजूदा सफाई सुपरवाइजर को हटाकर नया सुपरवाइजर लगाने की मांग की। उन्होंने कहा पीजीआई रोहतक की तर्ज पर सफाई कर्मचारियों में से ही सुपरवाइजर लगाया जाए। इससे सफाई व्यवस्था सुचारू ढंग से हो पाएगी। सफाई कर्मचारियों का प्रतिनिधिमंडल ने अपनी समस्याएं मेडिकल निदेशक के सामने रखी। मेडिकल निदेशक डॉ जेसी दुरेजा ने उनकी समस्या का मौके पर ही समाधान कर दिया।

### 72 किलो डोडापोस्त तस्करी का मुख्य सप्लायर काबू

**नरवाना (अप्रस/हितेश गर्ग)।** वर्ष 2022 में 72 किलोग्राम डोडापोस्त बरामदगी के चर्चित मामले में फरार चल रहे मुख्य सप्लायर को सीआईए स्टाफ ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी करीब चार वर्षों से पुलिस की गिरफ्त से बाहर था और लगातार ठिकाने बदलकर छिप रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर सीआईए टीम ने उसे दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान धर्मबीर उर्फ धर्मी निवासी गांव कर्मगढ़, जिला जींद के रूप में हुई है। सीआईए प्रभारी सुखदेव सिंह ने बताया कि 20 अगस्त 2022 को तत्कालीन एएसआई अवतार सिंह के नेतृत्व में गांव फुलियां खुर्द में छापेमारी कर गुरमेल उर्फ मेली निवासी मोहलखेड़ा और बलराम उर्फ बल्लू निवासी फुलियां खुर्द को 72 किलोग्राम डोडापोस्त सहित गिरफ्तार किया गया था। जांच में सामने आया कि बरामद डोडापोस्त की सप्लाई धर्मबीर ने की थी। इसके बाद वह फरार हो गया था। पुलिस लगातार उसके संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थी, लेकिन वह हर बार गिरफ्तारी से बच निकलता था। बुधवार को एसआई रोशन लाल के नेतृत्व में सीआईए टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब उससे पूछताछ कर नशा तस्करी के नेटवर्क, अन्य सहयोगियों और डोडापोस्त की सप्लाई चेन के बारे में जानकारी जुटा रही है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

## बिजली के अवैध कटों से परेशान ग्रामीण पहुंचे एक्सईएन कार्यालय

अर्थ प्रकाश/भंवर सिंह

**गोहाना।** गोहाना क्षेत्र के गांव मुंडलाना में बिजली के लगातार लग रहे अवैध कटों से परेशान ग्रामीणों ने बिजली विभाग के खिलाफ रोष जताया। बड़ी संख्या में ग्रामीण ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार होकर गोहाना स्थित मुख्य पावर हाउस में एक्सईएन कार्यालय पहुंचे और बिजली सप्लाई व्यवस्था में सुधार की मांग की।

ग्रामीण प्रेमो, रामरतन, जयनारायण,ऋषि, जय भगवान, अतर सिंह, यशपाल ने कहा कि गांव में निर्धारित शेड्यूल के अनुसार बिजली नहीं मिल रही है। बार-बार लगने वाले अघोषित कटों के कारण घरेलू कामकाज के साथ-साथ किसानों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि गर्मी के मौसम में बिजली कटौती से लोगों की दिक्कतें और बढ़ गई हैं।

एक्सईएन की अनुपस्थिति में एसडीओ विकास सूर्यवंशी ने ग्रामीणों की शिकायतें सुनीं। ग्रामीणों ने उन्हें बिजली कटों की समस्या से अवगत करवाते हुए जल्द समाधान की मांग की।

एसडीओ विकास सूर्यवंशी ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि बिजली सप्लाई व्यवस्था को बेहतर बनाया जाएगा और अवैध कटों पर अंकुश लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को शेड्यूल के अनुसार बिजली उपलब्ध करवाने का प्रयास किया जाएगा।

## रोटरी क्लब करनाल को मिले 13 विशेष पुरस्कार

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 1 जुलाई।** रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3080 के रुड़की में आयोजित वार्षिक अलंकरण समारोह व उसके उपरांत करनाल में रोटरी क्लब के 74 वे स्थापना दिवस पर आयोजित समारोह में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन रवि प्रकाश,असिस्टेंट गवर्नर आशुतोष त्रिखा, पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर्स रोटेरियन अरुण शर्मा,प्रवीण गोयल, प्रथम महिला शालिनी प्रकाश के कर कमलों से क्लब द्वारा रोटरी वर्ष 2025-26 में किये गए जनमानस हितार्थ कार्यो जैसे वृक्षारोपण अभियान,रक्त दान,दंत जांच शिविरों का आयोजन,वाटर कूलरों व रोटरी व्हील की स्थापना,शीत ऋतु मे जरूरतमंद भट्ठा श्रमिकों को गर्म वस्त्र/ कंबल वितरण,अनाथाश्रम की युवती का विवाह,गौशाला व वृद्धाश्रम को आर्थिक सहयोग,मेधावी छात्रों को पारितोषिक या स्कूल फीस प्रदान,सोलर लाइट्स का प्रबंध आदि प्रकल्पों के लिए कुल 13 विशेष पुरस्कारों से सम्मानित किया। जहां रुड़की में आयोजित वार्षिक अलंकरण समारोह में 300 से अधिक रोटेरियंस ने शिरकत की,वहीं करनाल के एक होटल मे आयोजित 74 वे स्थापना दिवस में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन रवि प्रकाश व असिस्टेंट गवर्नर आशुतोष त्रिखा ने क्लब के सदस्यों को 74 वे स्थापना दिवस की बधाई दी व क्लब द्वारा किये गए कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर क्लब प्रधान रोटेरियन गौतम जैन, सचिव भारती शर्मा,शालिनी प्रकाश,डॉ पी के जैन, डॉ अरुण सूद, डॉ विक्रम मित्तल, ईश्वर बहल, मनीष अग्रवाल, विनोद मिश्रा, राजेश बांभा, मिनाक्षी जैन, पी आर नाथ,रनवीर सिंह, शकुन्तला सिंह, मीना मिड्ढा, विरेश जैन, विजय गुप्ता, शीनू गोयल, सुरेन्द्र जैन,सुषमा नाथ, सुभाष नारंग, नूतन नारंग, रमन मिड्ढा व स्नेहा जैन उपस्थित रहे।

## बराड़ा में नालों की सफाई बनी मात्र औपचारिकता, मानसून में फिर बाढ़ का खौफ

अर्थ प्रकाश/जयबीर राणा थंबड

**बराड़ा, 1 जुलाई।** मानसून की पहली ही बारिश ने नगर पालिका के दावों की हवा निकाल दी है। क्षेत्र में बारिश तो शुरू हो चुकी है, लेकिन जलभराव से निपटने के लिए पानी निकासी के पुख्ता इंतजाम अब तक धरातल पर नजर नहीं आ रहे। पिछले वर्ष आई भीषण बाढ़ का दंश झेल चुके स्थानीय लोग आज भी उस मंजर को याद कर सिहर उठते हैं। पूरा साल बीत जाने के बावजूद प्रशासन पानी निकासी का कोई स्थाई समाधान नहीं ढूंढ पाया। सोमवार को हुई झमाझम बारिश के बाद हरकत में आई नगर पालिका ने आनन-फानन में नालों की सफाई का काम तो शुरू कराया, लेकिन वह भी महज एक कागजी खानापूर्ति और औपचारिकता बनकर रह गया है।

सोमवार को नगर पालिका के सफाईकर्मी एक जेसीबी मशीन लेकर बैंक रोड पर पहुंचे और नाले की सफाई का काम शुरू किया। लेकिन इस दौरान सफाई के नाम पर सिर्फ औपचारिकता निभाई गई। जेसीबी द्वारा पूरे नाले को साफ करने के बजाय कहीं-कहीं से थोड़ा-बहुत कूड़ा निकालकर छोड़ दिया गया।

**स्थानीय दुकानदारों का आक्रोश:** दुकानदार डॉ. जय भगवान, सचिन, मदन, अमृतपाल सिंह, राजा, लालचंद, रिकू कुमार सहित अन्य का कहना है कि नाले की पूरी तरह से तसल्लीबख्श सफाई नहीं की जा रही है। काफी–काफी दूरी पर थोड़ा–बहुत कचरा निकालकर कोरम पूरा किया जा रहा है। हद तो तब हो गई जब गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब के समीप अंदर कॉलोनी को जाने वाली मुख्य सड़क के बीचों–बीच नाले की सिल्ट (कीचड़) निकालकर डाल दी गई। इससे पूरा रास्ता बंद हो गया और राहगीर फिसलकर गिरने लगे। जितना कचरा जेसीबी से निकाला गया, उतना तो सफाईकर्मी अपने साधारण औजारों से निकाल सकते थे। यह सीधे तौर पर सरकारी धन और जेसीबी के बजट का बेफिजूल खर्च है।

**पार्षद बोले: सफाई चाहिए,औपचारिकता नहीं:** वार्ड–2 के पार्षद अमित मक्कड़ ने नपा द्वारा नालों के सफाई कार्य को शुरू करने की सहराना की लेकिन बैंक रोड पर चल रहे सफाई कार्य का मौके पर मुआयना करने के बाद तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि यह सफाई नहीं बल्कि प्रशासनिक औपचारिकता है। अधूरे काम से पूरा नाला कचरे से अटा पड़ा है, लेकिन कर्मचारियों ने महज कुछ जगहों से औपचारिकता के लिए कचरा निकाला। नाले से निकाले गए गीले कचरे को तुरंत ट्रैक्टर–ट्रॉली में भरकर डंपिंग ग्राउंड ले जाना चाहिए। लेकिन कर्मचारी कूड़े को सड? किनारे ही छोड़ रहे हैं, जो हवा या दोबारा बारिश होने पर बहकर फिर से नाले में समा जाता है। ऐसे में भारी बारिश होने पर जलभराव की स्थिति जस की तस बनी रहेगी।

**नाले पर बने पक्के थड़े बने सफाई में रोड़ा:** बराड़ा के मुख्य बाजारों में नालों की बदहाली का एक बड़ा कारण अतिक्रमण भी है। दुकानदारों द्वारा नाले के ऊपर पक्के थड़े (रैंप) बना दिए गए हैं, जिससे पूरा नाला पूरी तरह कवर हो चुका है। नगर पालिका प्रशासन दुकानदारों के विरोध के डर से इन थड़ों को छूने से कतरा रहा है। जब तक इन थड़ों के नीचे जमे सालों पुराने कचरे को नहीं निकाला जाएगा, तब तक पानी की सुचारू निकासी असंभव है। इसके लिए दुकानदारों को भी आगे आकर थड़ों के बीच में सफाई के लिए जगह (चेंबर) छोड़नी होगी, अन्यथा जलभराव का नुकसान पूरे बाजार को ही झेलना पड़ेगा।

**लापरवाही पर भड़के एसडीएम, दी सख्त कार्रवाई की चेतावनी:** नालों की सफाई में बरती जा रही ढिलाई को लेकर एसडीएम सतीन्द्र सिवाच ने बुधवार को खुद मोर्चा संभाला। उन्होंने बराड़ा क्षेत्र के विभिन्न वार्डो और मुख्य मार्गों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अनाज मंडी के सामने स्थित साई कॉम्प्लेक्स के पास, बराड़ा गांव की फिरनी वाले नाले और क्वालिटी चौक के समीप चल रहे सफाई कार्यों का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सफाई की कछुआ चाल और भारी लापरवाही देखकर एसडीएम का पारा चढ़ गया। उन्होंने मौके पर मौजूद नगर पालिका के अधिकारियों और कर्मचारियों को जमकर लताड़ लगाई। एसडीएम ने दो टूक शब्दों में कहा कि मानसून के मद्देनजर नालों की सफाई में किसी भी स्तर पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि किसी अधिकारी या कर्मचारी की लापरवाही के कारण क्षेत्र में जलभराव हुआ, तो संबंधित के खिलाफ नियमानुसार सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। एसडीएम ने क्षेत्र के सभी जल निकासी मार्गों और पुलियों का निरीक्षण कर निर्देश दिए कि जहां भी गाद या कचरा फंसा है, उसे तुरंत हटाकर पानी का बहाव निर्बाध सुनिश्चित किया जाए।


**कार्यालय ग्राम पंचायत ढाबण विकास खण्ड धनोटू**
**तहसील बल्ह जिला मंडी**

प्रधान श्रीमती रोशन लाल — श्री तुलसी कौशल
मोबाइलः– ...... — मोबाइलः–9805822439

आज दिनांक 27/06/2026 को ग्राम पंचायत ढाबण की मासिक वैठक प्रधान श्री रोशन लाल जी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें उपस्थिति 07/07 रही। जिसमें निम्न कार्यावाही अम्ल में लाई गई।

**प्रस्ताव संख्या 4 – ग्राम पंचायत ढाबण के विभिन्न विकास कार्यों में विविध सामग्री प्रयोग हेतु निविदायें/कोटेशनें आमंत्रित करने बारे।**

यह कि बैठक में सर्वसमती से विनिश्चय हुआ कि ग्राम पंचायत ढाबण में विभिन्न मदों के अंतर्गत वित वर्ष 2026–27 में विकास कार्य करवाये जाने है जिस हेतु निम्न प्रकार से सामग्री उपलब्ध करवाने हेतु कोटेशने आमंत्रित की जानी अनिवार्य है ताकि विकास कार्यों को सुचारु रूप से चलाया जा सके।

| क्रम. संख्या | सामग्री का विवरण | मात्रा इकाई |
|---|---|---|
| 1. | रेत (Local Quarry) | प्रति घनमीटर |
| 2. | रेत (क्रशर की) | प्रति घनमीटर |
| 3. | बजरी 20mm (Local Quarry) | प्रति घनमीटर |
| 4. | बजरी 40mm (Local Quarry) | प्रति घनमीटर |
| 5. | बजरी 20mm (क्रशर की) | प्रति घनमीटर |
| 6. | बजरी40mm(क्रशर की) | प्रति घनमीटर |
| 7. | सोलिंग/ बोल्डर पत्थर | प्रति घनमीटर |
| 8. | पत्थर (Cut Stone) | प्रति घनमीटर |
| 9. | पकी ईंटे (मिटटी के भटे की ) | प्रति हजार |
| 10. | मशीन द्वारा कटान (Cutting through JCB Machine) | प्रति घनमीटर/ प्रति घंटा |
| 11. | सामग्री व अन्य सामग्री ढुलान ट्रेक्टर/जीप/अन्य वाहन द्वारा (सीमेंट स्टोर लुनापानी से पंचायत स्टोर व पंचायत स्टोर से कार्य स्थल तथा अन्य रूट आवशकता अनुसार ) | प्रति रूट/प्रति किलोमीटर |
| 12. | सीमेंट लोडिंग व अनलोडिंग लेबर ट्रेक्टर/जीप/अन्य वाहन | प्रति बैग |
| 13. | शटरिंग | प्रति square foot |
| 14. | सरिया (ISI Marked) | प्रति क्विंटल |
| 15. | दीवार लेखनी (Wall Writing) | प्रति square foot |
| 16. | SILT SAND | प्रति घनमीटर |
| 17. | इंटरलॉक टाइल्स (सभी साइज ) | प्रति square foot |
| 18. | पी 0वी0 सी0 पाइपें (सभी साइज ) | प्रति फूट |
| 19. | सीमेंट ब्लाक ((सभी साइज ) | प्रति square foot |
| 20. | RCC PIPES AND COLLER | प्रति पीस |
| 21. | सनेट्री फीटिंग (ALL ITEMS) | प्रति पीस |
| 22. | स्टील फर्नीचर (ALL ITEMS) | प्रति पीस |
| 23. | प्लास्टिक फर्नीचर (ALL ITEMS) | प्रति पीस |
| 24. | वुडन फर्नीचर (ALL ITEMS) | प्रति पीस |
| 25. | स्पोर्ट्स (ALL ITEMS) | प्रति पीस |
| 26. | क्रोकरी (ALL ITEMS) | प्रति पीस |
| 27. | स्टेशनरी (ALL ITEMS) | प्रति पीस |
| 28. | GI Pipes/GI sheets (All Size) | प्रति पीस |
| 29. | सफेदी /Paint | प्रति square foot |
| 30. | कंप्यूटर / प्रिंटर/ computer peripherals (As per Sepecifiaction ) | As per Sepecifiaction |
| 31. | Transportation of Plastic waste from segregation shed to Plastic Unit | प्रति रूट |
| 32. | Sanitation Kits | प्रति पीस/ प्रति किट |

निविदायें/कोटेशनें ग्राम पंचायत ढाबण विकास खण्ड धनोटू मंडी जिला मंडी हि0 प्र0 पिन न 0 175027 के पक्ष में 09/07/2026 शाम 5 बजे तक पंजीकृत डाक द्वारा ही स्वीकार की जाएगी। यह निविदायें/कोटेशनें दिनांक 10/07/2026 को 12 बजे पूर्वाहन कार्यालय ग्राम पंचायत कोट में अधिकृत कमेटी के समक्ष खोली स्वीकृत की जायेगी।

**नियम व शर्तें:–**

i) निविदादाता के पास अपना पंजीकरण, पैन संख्या एवं GST नम्बर होना आवश्यक है।
ii) ठेकेदार/आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित M-Form जमा करवाना होगा।
iii) सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग (PWD) के स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होगी।
iv) दरें अंकों एवं शब्दों दोनों में लिखी होनी चाहिए।
v) निर्माण सामग्री पंचायत स्थल पर उपलब्ध करवानी होगी।
vi) ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्राधिकार में एक ही मूल्य देय होगा तथा अवशिष्ट सामग्री की अदायगी देय नहीं होगी।
vii) निविदादाता यदि सामग्री की आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी गत समय में दी गई सामग्री की देय राशि का भुगतान नहीं किया जाएगा तथा न ही अग्रिम/सुरक्षित राशि वापिस होगी।
viii) किसी भी निविदा को बिना कारण बताए स्वीकार/अस्वीकार करने, समान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने, सामग्री की गुणवत्ता के मद्देनज़र तथा निविदाएँ किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत/विभाग के पास सुरक्षित रहेगा।
ix) सामग्री लेने का अंतिम मूल्य/निर्णय विभाग की Justification एवं पारित निविदादाताओं के साथ Negotiation अनुसार/उपरांत किया जाएगा।
x) निविदाकर्ता को GST अदायगी का वापसी पत्र एवं GST अदायगी की रसीद भी हर तीन महीने के बाद देनी होगी।
xi) चयनित निविदादाता को रु. 20,000/– (रुपये बीस हजार मात्र) सुरक्षा/धरोहर राशि के रूप में ग्राम पंचायत के पास जमा करवानी होगी।

**सर्वसम्मति से पारित है**

सम्पादकीय

# संबंधों को सुधारने के लिए भारत नहीं पाक को है ज्यादा जरूरत

भारत-पाकिस्तान के 117 लोगों ने दोनों देशों के बीच बिगड़े संबंधों को सुधारने के लिए दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों को साझा पत्र लिखा है। अब भारत में अगर यह सवाल पूछा जा रहा है कि क्या वास्तव में हमें इस तरह के पत्र की जरूरत है तो यह वाजिब ही है। सबसे बढ़कर यह कि इस पत्र को लिखने वालों में जम्मू-कश्मीर के दो पूर्व मुख्यमंत्री वहीं विपक्षी राजनीतिक दलों के नेता हैं। बेशक, दोनों पड़ोसियों के बीच संबंध सुधरना जरूरी है, लेकिन इन नेताओं को भारत के प्रधानमंत्री से ऐसी मांग करने के बजाय क्या सिर्फ पाकिस्तान के प्रधानमंत्री से इसकी मांग करने की ज्यादा जरूरत नहीं है कि वे आतंकवाद को पोषित करना बंद करें और भारत विरोधी हर गतिविधि को रोकें। गौरतलब है कि अपनी स्थापना के पहले दिन से पाकिस्तान के हुक्मरान भारत विरोधी गतिविधियों में संलिप्त रहे हैं और हालिया ऑपरेशन सिंदूर के बाद अगर भारत ने सबसे कठोर रुख पाकिस्तान के प्रति दर्शाया है तो उसी का परिणाम है कि पाक अब अपने घुटनों पर है और उसके हितैषी अब पत्र लिखकर हालात सुधारने की मांग कर रहे हैं। हालांकि उन हितैषियों की ओर से पाक की कभी भी उस तरह से भर्त्सना नहीं की है, जैसी की जानी चाहिए। यही वजह है कि ऐसे पत्र बौद्धिक बैठकों से निकले उन सिरफिरे विचारों से ज्यादा नहीं होते, जोकि उन वीर सैनिकों के खून को भुला देते हैं, जोकि सीमा पर दुश्मन की गोलियां झेलते हैं। या फिर पहलगाम हमले में उन महिलाओं के रूदन को भी नहीं समझते जो कि आतंकियों के द्वारा उनके पतियों की हत्या के बाद सामने आता है।

**गौरतलब है कि इस पत्र में 11 ऐसे मुद्दे गिनाए गए हैं, जिन पर काम किए जाने की जरूरत बताई गई है। इनमें पहला मुद्दा दोनों देशों के बीच संवाद पुनः शुरू करने और दूसरा मुद्दा जम्मू-कश्मीर समेत सभी विवादित मुद्दों पर फिर से बातचीत शुरू करने की मांग की गई है। अब सबसे हैरत की बात यह है कि जब देश की संसद अनुच्छेद 370 को खत्म कर जम्मू-कश्मीर को वह विशेष दर्जा खत्म कर चुकी है जोकि उसके और शेष भारत के बीच एक रुकावट था तो क्या यह जरूरी है कि ऐसे मुद्दों को लेकर पाक से चर्चा की जाए। आखिर पाक से बातचीत का मतलब ही क्या है। अब गौर करने लायक यह भी है कि जिन नेताओं ने यह पत्र लिखा है उन्होंने कभी भी अनुच्छेद 370 को समाप्त किए जाने का समर्थन नहीं किया है।**

गौरतलब है कि इस पत्र में 11 ऐसे मुद्दे गिनाए गए हैं, जिन पर काम किए जाने की जरूरत बताई गई है। इनमें पहला मुद्दा दोनों देशों के बीच संवाद पुनः शुरू करने और दूसरा मुद्दा जम्मू-कश्मीर समेत सभी विवादित मुद्दों पर फिर से बातचीत शुरू करने की मांग की गई है। अब सबसे हैरत की बात यह है कि जब देश की संसद अनुच्छेद 370 को खत्म कर जम्मू-कश्मीर को वह विशेष दर्जा खत्म कर चुकी है जोकि उसके और शेष भारत के बीच एक रुकावट था तो क्या यह जरूरी है कि ऐसे मुद्दों को लेकर पाक से चर्चा की जाए। आखिर पाक से बातचीत का मतलब ही क्या है। अब गौर करने लायक यह भी है कि जिन नेताओं ने यह पत्र लिखा है उन्होंने कभी भी अनुच्छेद 370 को समाप्त किए जाने का समर्थन नहीं किया है। उलटे उन्होंने इसे फिर से बहाल करने का संकल्प पत्र पारित किया हुआ है। इस पत्र में सैन्य तनाव कम करने के लिए कदम उठाने की मांग की गई है। हालांकि आजकल सामने आ रही रिपोर्ट के मुताबिक सिंधु नदी का पानी रोके जाने से पाकिस्तान प्यासा मर रहा है और उसके हुक्मरान भारत के खिलाफ जंग की तैयारी में सीमा पर सैन्य जमावड़ा करने में जुटे हैं। क्या इस पत्र को लिखने वाले यह समझेंगे कि भारत ने आखिर यह कदम क्यों उठाया था। यह कदम ऑपरेशन सिंदूर के बाद उस आक्रोश को प्रकट रूप देता है, जोकि देश के मन में पाक के प्रति भरा हुआ है। पाक वह नापाक देश है, जो कि भारत की सहानुभूति और उसके भले मन का फायदा उठाकर यहां आतंकवाद फैलाता है, निर्दोष लोगों की हत्याएं करवाता है और हमारे जांबाज सैनिकों का बलिदान करवाता है। जाहिर है, जब तक पाकिस्तान की ओर से इसकी गारंटी नहीं दी जाती जोकि पूरी तरह असंभव है, कि वह भारत के खिलाफ आतंकवादी वारदातों को अंजाम नहीं देगा और अपनी हदों में रहेगा, तब तक उसके साथ कोई बातचीत नहीं हो सकती। भारत सरकार का पाक के प्रति कड़ा रुख वक्त की मांग है और पूरे देश का समर्थन सरकार को हासिल है। पाकिस्तान को उसके कर्मों की सजा मिलनी चाहिए और उसे इसका एहसास होते रहना चाहिए कि आखिर उसने भारत के प्रति कितना बड़ा गुनाह किया है।

# गर्मी की मार, अर्थव्यवस्था पर बढ़ता भार, यूरोप की हीटवेव से दुनिया के लिए आर्थिक सबक : हीना भाटिया

## पर्यटन, जो अनेक यूरोपीय देशों की अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार है, भी इस संकट से प्रभावित हुआ

दैनिक अर्थ प्रकाश

अर्थशास्त्र शिक्षिका, निदेशक, आरंभ कॉमर्स अकादमी (CBSE एवं CUET), व लेखिका हीना भाटिया मानती है कि जलवायु परिवर्तन अब केवल पर्यावरण का विषय नहीं रहा, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के सामने खड़ी सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक बन चुका है।


प्रस्तुतिःचन्द्र शेखर धरणी

हीना भाटिया कहती हैं कि हीटवेव को अक्सर मौसम की सामान्य घटना मान लिया जाता है, लेकिन हाल ही में यूरोप में पड़ी भीषण गर्मी ने यह स्पष्ट कर दिया कि अत्यधिक तापमान केवल जनजीवन और पर्यावरण ही नहीं, बल्कि आर्थिक गतिविधियों को भी गहराई से प्रभावित करता है। यूरोप के अनेक देशों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास या उससे अधिक पहुँचने पर परिवहन सेवाएँ प्रभावित हुईं, पर्यटन गतिविधियाँ बाधित हुईं, स्वास्थ्य सेवाओं पर अतिरिक्त दबाव पड़ा और सरकारों को आपातकालीन कदम उठाने पड़े। यह स्थिति बताती है कि जलवायु परिवर्तन अब आर्थिक स्थिरता और विकास से सीधे जुड़ा हुआ विषय बन चुका है।

हीना भाटिया कहती हैं कि हाल ही में सोशल मीडिया पर एक टिप्पणी व्यापक रूप से चर्चा में रही–'यूरोप 40एष्ट पर रुक गया, जबकि भारत में लोग 45एष्ट पर भी चाय पीते हैं।' यह बात भले ही हास्यपूर्ण लगे, लेकिन वास्तविकता इससे कहीं अधिक गंभीर है। प्रश्न यह नहीं है कि कौन-सा देश अधिक गर्मी सह सकता है, बल्कि यह है कि किस देश की अर्थव्यवस्था बदलती जलवायु परिस्थितियों का सामना करने के लिए कितनी तैयार है।

हीना भाटिया कहती हैं कि आर्थिक दृष्टि से प्रत्येक हीटवेव प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों प्रकार की हानि पहुँचाती है। कृषि, निर्माण, परिवहन, विनिर्माण और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में कार्यरत श्रमिकों की उत्पादकता अत्यधिक गर्मी के कारण घट जाती है। कार्य के घंटे कम होते हैं, उत्पादन प्रभावित होता है और आपूर्ति श्रृंखला (Supply Chain) में व्यवधान आता है। इसका सीधा असर राष्ट्रीय आय, रोजगार और आर्थिक विकास पर दिखाई देता है।

हीना भाटिया कहती हैं कि पर्यटन, जो अनेक यूरोपीय देशों की अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार है, भी इस संकट से प्रभावित हुआ है। भीषण गर्मी के कारण पर्यटक अपनी यात्रा योजनाओं में बदलाव कर रहे हैं, कई पर्यटन स्थलों के समय में परिवर्तन करना पड़ा है तथा हवाई और रेल सेवाओं की परिचालन लागत बढ़ गई है। इसका प्रभाव होटल, रेस्तराँ और स्थानीय व्यापारियों की आय पर भी पड़ रहा है। इससे स्पष्ट होता है कि जलवायु से



जुड़ी एक घटना पूरे आर्थिक तंत्र को प्रभावित करने की क्षमता रखती है।

कृषि क्षेत्र भी सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में शामिल है। बढ़ते तापमान और लंबे सूखे के कारण फसल उत्पादन घटता है, सिंचाई की लागत बढ़ती है और पशुधन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

हीना भाटिया कहती हैं कि परिणामस्वरूप खाद्य पदार्थों की कीमतों में वृद्धि होती है, महँगाई बढ़ती है और आम उपभोक्ता की क्रय शक्ति प्रभावित होती है। दूसरी ओर सरकारों को स्वास्थ्य सेवाओं, आपदा प्रबंधन, राहत कार्यों और जलवायु- अनुकूल अवसंरचना पर अधिक संसाधन खर्च करने पड़ते हैं।

अर्थशास्त्र का एक मूल सिद्धांत है कि संसाधन सीमित होते हैं और प्रत्येक निर्णय की एक अवसर लागत (Opportunity Cost) होती है। आपदा राहत पर खर्च किया गया प्रत्येक अतिरिक्त रुपया वह संसाधन है, जिसे शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना या तकनीकी नवाचार पर लगाया जा सकता था। इसलिए जलवायु परिवर्तन सरकारों के सामने विकास और आपदा प्रबंधन के बीच संतुलन बनाने की चुनौती को लगातार बढ़ा रहा है।

हीना भाटिया कहती हैं कि भारत भी इस चुनौती से अछूता नहीं है। हरियाणा, विशेषकर सिरसा सहित उत्तर भारत के अनेक क्षेत्रों में हर वर्ष हीटवेव की तीव्रता बढ़ रही है। बढ़ता तापमान कृषि उत्पादन, बिजली की बढ़ती मांग, जल संकट तथा श्रमिकों की कार्यक्षमता को प्रभावित कर रहा है। ऊर्जा की बढ़ती खपत से लागत बढ़ती है, सिंचाई पर अधिक खर्च आता है और किसानों की आय पर दबाव पड़ता है। साथ ही अत्यधिक गर्मी के कारण स्वास्थ्य सेवाओं पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है, जिसका प्रभाव सरकारी व्यय पर भी दिखाई देता है।

हीना भाटिया कहती हैं कि यूरोप की हीटवेव भारत के लिए एक स्पष्ट चेतावनी है। यदि आज नवीकरणीय ऊर्जा जल संरक्षण, हरित अवसंरचना, वृक्षारोपण और प्रभावी हीट एक्शन प्लान में पर्याप्त निवेश नहीं किया गया, तो भविष्य में इसकी आर्थिक कीमत कहीं अधिक चुकानी पड़ सकती है। जलवायु परिवर्तन से निपटना केवल पर्यावरण संरक्षण का विषय नहीं, बल्कि आर्थिक विकास, खाद्य सुरक्षा और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का भी प्रश्न है।

आज जलवायु जोखिम वास्तव में वित्तीय जोखिम का रूप ले चुका है। वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान, खाद्य महँगाई, बीमा दावों में वृद्धि और ऊर्जा की बढ़ती मांग विश्व अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर रही है। ऐसे में नवीकरणीय ऊर्जा, सतत शहरी नियोजन, प्रभावी सार्वजनिक परिवहन और समय पर चेतावनी प्रणाली में किया गया निवेश भविष्य की आर्थिक सुरक्षा में किया गया निवेश माना जाना चाहिए।

हीना भाटिया कहती हैं कि आर्थिक दृष्टि से हीटवेव के पाँच प्रमुख प्रभाव, कृषि उत्पादन में कमी, श्रमिकों की उत्पादकता में गिरावट,बिजली की बढ़ती मांग और ऊर्जा लागत में वृद्धि, खाद्य महँगाई में बढ़ोतरी, सरकारी व्यय और वित्तीय दबाव में वृद्धि है।

हीना भाटिया कहती हैं कि यूरोप की हीटवेव केवल यूरोप की समस्या नहीं है, बल्कि भारत सहित पूरे विश्व के लिए एक गंभीर चेतावनी है। यदि आज भी जलवायु परिवर्तन को केवल पर्यावरण का विषय मानकर अनदेखा किया गया, तो आने वाले वर्षों में इसकी सबसे बड़ी कीमत अर्थव्यवस्था, कृषि, उद्योग, रोजगार और भावी पीढ़ियों को चुकानी पड़ेगी।

इसलिए जलवायु परिवर्तन से प्रभावी ढंग से निपटना केवल पर्यावरण संरक्षण का अभियान नहीं, बल्कि भारत के आर्थिक भविष्य को सुरक्षित रखने की अनिवार्य आवश्यकता है।

## अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले आज का दिन

### विदेशी पर्यटक ने जाली चेक देकर होटल को चूना लगाया

चंडीगढ़। स्थानीय सेक्टर 35 में एक विदेशी द्वारा माया पैलेस होटल को एक जाली चैक देकर चम्पत हो जाने का समाचार है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पाक जोन नामक एक विदेशी गत 20 मार्च को माया पैलेस होटल में कुछ दिन ठहरने के बाद जब वह वापिस जाने लगा तो उसने अपना 6170 रुपए का बिल एक चैक के जरिए चुकता कर दिया। लेकिन होटल प्रबंधकों को उस विदेशी द्वारा की गई चापलूसी का पता उस समय चला जब बैंक से चेक बिना कैश हुए वापिस लौट आया। होटल प्रबंधक हरीश कपूर की शिकायत पर चंडीगढ़ पुलिस ने धारा 420/461/471 के तहत केस दर्ज कर मामले की छानबीन शुरु कर दी है। इस मामले में अभी तक और अधिक जानकारी प्राप्त नहीं हो पाई है तथा उक्त विदेशी के मूल देश तथा बैंक चैक के बारे में जांच पड़ताल के बाद ही इस मामले की वास्तविकता सामने आने की उम्मीद है।

### सुपर बाजार के सेल्समैन द्वारा लाखों का घपला

चंडीगढ़। स्थानीय सेक्टर 22डी स्थित सुपर बाजार के एक सेल्समैन प्रेम चन्द द्वारा स्टोर में लाखों रुपए की घपलेबाजी करने का मामला प्रकाश में आया। सुपर बाजार के सहायक प्रबंधक द्वारा पुलिस में दायर रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रेमचन्द ने स्टोर में 5 लाख 28 हजार 122 रुपए की हेराफेरी की है। घटना के बाद अभियुक्त फरार बताया जाता है। पुलिस ने धारा 408 के अंतर्गत मामला दर्ज करके आर्थिक अपराध शाखा को इस मामले की जांच पड़ताल की जिम्मेवारी सौंप दी है।

### दुग्गल द्वारा बापूधाम, इंदिरा कालोनी का दौरा


चंडीगढ़। नगर प्रशासक सलाहकार विनोद दुग्गल ने आज बापूधाम कालोनी तथा इंदिरा कालोनी का दौरा किया तथा विकास कार्यों का एक जायजा लिया। बापूधाम कालोनी में किये जा रहे विकास कार्यों की प्रगति पर श्री दुग्गल ने संतोष व्यक्त किया। इस अवसर पर उन्होंने कालोनी में डिस्पेंसरी शुरु किए जाने की स्वीकृति प्रदान की। प्रशासक सलाहकार अनुसूचित जाति तथा कमजोर वर्गों के बच्चों के लिए शुरु किए शिक्षा कार्यक्रम की प्रगति से विशेष प्रभावित हुए।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

| | |
|---|---|
| 1306 | अलाउद्दीन खिलजी ने सिवाणा पर आक्रमण किया। |
| 1698 | थॉमस सावेरी ने भाप इंजन का पेटेंट कराया। |
| 1757 | प्लासी की लड़ाई में हार के बाद बंगाल के अंतिम नवाब सिराजुद्दौला की हत्या हुई। |
| 1777 | वर्मोंट अमेरिका का पहला राज्य बना जिसने गुलामी को समाप्त किया। |
| 1861 | कलकत्ता उच्च न्यायालय का उद्घाटन हुआ। |
| 1862 | एशिया के सबसे पुराने उच्च न्यायालयों में से एक, कलकत्ता उच्च न्यायालय का उद्घाटन हुआ। |
| 1882 | पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री और प्रख्यात चिकित्सक डॉ. बिधान चंद्र रॉय का जन्म हुआ। |
| 1901 | प्रसिद्ध उड़िया कवि, उपन्यासकार, कहानीकार, नाटककार और निबंधकार कालिंदी चरण पाणिग्रही का जन्म। |
| 1925 | भारतीय योगाचार्य स्वामी राम का जन्म। |
| 1927 | पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर का जन्म उत्तर प्रदेश के इब्राहिमपट्टी में हुआ। |
| 1934 | भारतीय क्रांतिकारी असित भट्टाचार्य का निधन। |
| 1940 | ब्रिटिश सरकार ने सुभाषचन्द्र बोस को विद्रोह भड़काने के आरोप में गिरफ्तार किया। |
| 1941 | लेम्बर्ग में नाजी नरसंहार, लगभग 7000 लोग मारे गए। |
| 1949 | कोच्चि और त्रावणकोर रियासतों का विलय करके तत्कालीन 'त्रावणकोर-कोचीन' राज्य (जो बाद में केरल बना) का गठन किया गया। |
| 1949 | भारत के प्रसिद्ध राजनीतिक नेता और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव का जन्म हुआ। |
| 1950 | स्वतंत्रता सेनानी एवं समाज सुधारक यूसुफ़ मेहरअली का निधन। |
| 1954 | पार्श्वगायक मोहम्मद अज़ीज़ का जन्म। |
| 1962 | सैम वाल्टन ने पहला वॉलमार्ट स्टोर खोला। |
| 1972 | इंदिरा गांधी और जुल्फिकार अली भुट्टो ने शिमला समझौते पर हस्ताक्षर किए। |
| 1979 | सुसान बी. एंथनी डॉलर जारी किया गया। |
| 1983 | पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी सुहास एल.वाई. का जन्म। |
| 1985 | आंद्रेई ग्रोमिको सोवियत संघ के राष्ट्रपति निर्वाचित हुए। |
| 1993 | अध्यादेश के जरिए ओएनजीसी को कॉरपोरेशन में बदला गया। |
| 2001 | फास्ट एंड फ्यूरियस सीरीज की पहली फिल्म रिलीज हुई। |
| 2002 | पूरे भारत में हेपेटाइटिस-सी की जांच अनिवार्य की गई। |
| 2004 | छत्रपति शिवाजी टर्मिनस को यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल घोषित किया गया। |
| 2004 | भारत और पाकिस्तान के विदेश मंत्रियों ने जकार्ता में वार्ता की। |
| 2006 | इंग्लैंड फुटबॉल टीम के कप्तान डेविड बेकहम ने पद छोड़ा। |
| 2020 | भारतीय रेलवे ने 2.8 किलोमीटर लंबी 'शेषनाग' ट्रेन चलाई, जो उस समय देश की सबसे लंबी ट्रेन थी। |

## बोल ब्यूटीफुल

**हर्ष वर्धन त्रिपाठी:** पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के बारे में लोगों ने जाने कौन-कौन से छोटे-छोटे देशों का नाम खोजकर बताया था कि अब उन्होंने वहीं की नागरिकता ले ली है। अब राजीव कुमार एचडीएफसी बैंक की कमान संभालते हुए नजर आ सकते है।



**संजय निरुपम:** हमारे सामने एक बड़ा संकट खड़ा है। इसे अल नीनो का दुष्प्रभाव बताया जा रहा है। किसान खेतों को सूखते देखकर परेशान है। ईरान युद्ध के दुष्परिणामों से अभी हम उबरे भी नहीं कि एक नई मुश्किल मंडराने लगी है।

**मीनाक्षी जोशी:** कालनेमियों से सावधान। चन्दा चोरों को सख्त सजा मिलनी चाहिए, लेकिन अचानक से जिन्हें भगवान राम से इतना प्यार हो गया है, ऐसे घड़ियाली आंसू बहाने वालों से सतर्क रहे। रामद्रोही न बदले है और न बदलेंगे।

**पल्लवी घोष:** कांग्रेस का एक आठ सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल अयोध्या में राम मंदिर का दौरा करने जा रहा है। काश कि उन्होंने प्राण प्रतिष्ठा के बाद ही ऐसा किया होता।

# राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस : सेवा, समर्पण और विश्वास का सर्वोच्च सम्मान

दैनिक अर्थ प्रकाश

हर वर्ष एक जुलाई को भारत में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस (National Doctors' Day) मनाया जाता है। यह दिन देश के महान चिकित्सक, शिक्षाविद्, समाजसेवी और पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. बिधान चंद्र राय (डॉ. बी. सी. राय) की जयंती एवं पुण्यतिथि के अवसर पर मनाया जाता है। उनका जन्म एक जुलाई 1882 को हुआ था तथा एक जुलाई 1962 को ही उनका निधन हुआ। चिकित्सा और जनसेवा के क्षेत्र में उनके अद्वितीय योगदान के लिए भारत सरकार ने उन्हें वर्ष 1961 में भारत रत्न से सम्मानित किया। वे भारत रत्न प्राप्त करने वाले पहले चिकित्सक थे। उनके सम्मान में मनाया जाने वाला यह दिवस हमें याद दिलाता है कि चिकित्सा केवल एक पेशा नहीं, बल्कि मानवता की सबसे बड़ी सेवा है।



भारतीय संस्कृति में चिकित्सक को भगवान के बाद दूसरा भगवान माना गया है। जब कोई व्यक्ति जीवन और मृत्यु के बीच संघर्ष कर रहा होता है, तब डॉक्टर अपनी शिक्षा, अनुभव और समर्पण के बल पर उसे नया जीवन देने का प्रयास करते हैं। यही कारण है कि समाज में डॉक्टरों का सम्मान और विश्वास बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। जिस प्रकार सैनिक सीमा पर देश की रक्षा करता है, उसी प्रकार चिकित्सक अस्पतालों में मानव जीवन की रक्षा करते हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के अनुसार आदर्श स्थिति में प्रति एक हजार जनसंख्या पर कम से कम एक डॉक्टर होना चाहिए। भारत ने इस दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की है और अब देश लगभग इस मानक तक पहुंच चुका है। फिर भी विकसित देशों जैसे अमेरिका, जर्मनी, फ्रांस और ऑस्ट्रेलिया में प्रति हजार आबादी पर लगभग तीन से चार डॉक्टर उपलब्ध हैं। भारत में विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी आज भी चुनौती बनी हुई है। इसलिए चिकित्सा शिक्षा, मेडिकल कॉलेजों और विशेषज्ञ डॉक्टरों की संख्या बढ़ाना समय की आवश्यकता है।

स्वतंत्रता के समय भारत में औसत जीवन प्रत्याशा लगभग 32 से 35 वर्ष थी। आज यह बढ़कर लगभग 70 वर्ष हो चुकी है। यह परिवर्तन आधुनिक चिकित्सा विज्ञान, डॉक्टरों की मेहनत, टीकाकरण अभियान, बेहतर पोषण, स्वच्छता, सुरक्षित प्रसव तथा सरकारों की स्वास्थ्य योजनाओं का परिणाम है। इसमें चिकित्सकों का योगदान सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने लाखों लोगों को नया जीवन दिया और देश के स्वास्थ्य स्तर को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया।

आज चिकित्सा विज्ञान ने अभूतपूर्व प्रगति की है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI), रोबोटिक सर्जरी,



अत्याधुनिक जांच मशीनें, जीन आधारित उपचार और आधुनिक दवाओं ने गंभीर बीमारियों का इलाज पहले की अपेक्षा अधिक प्रभावी बना दिया है। कैंसर, हृदय रोग, किडनी रोग और न्यूरोलॉजिकल बीमारियों का उपचार आज पहले से कहीं अधिक सफल हो रहा है। लेकिन इन तकनीकों का सही उपयोग तभी संभव है जब अनुभवी चिकित्सक उनका संचालन करें।

कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के उपचार में केवल अस्पताल का बड़ा नाम ही पर्याप्त नहीं होता। किसी भी कैंसर अस्पताल का चयन करते समय यह देखना चाहिए कि वहां अनुभवी अंग-विशेषज्ञ कैंसर चिकित्सक, बहु-विषयक ट्यूमर बोर्ड, आधुनिक जांच सुविधाएं, रेडिएशन, मेडिकल और सर्जिकल ऑन्कोलॉजी की सेवाएं तथा व्यापक सहायक देखभाल उपलब्ध हो। जब विभिन्न विशेषज्ञ मिलकर प्रत्येक मरीज के लिए व्यक्तिगत उपचार योजना तैयार करते हैं, तब उपचार की सफलता की संभावना काफी बढ़ जाती है। इसलिए स्वास्थ्य सेवाओं में गुणवत्ता, विशेषज्ञता और मान्यता (Accreditation) का विशेष महत्व है।

यह भी सच है कि समय के साथ चिकित्सा क्षेत्र में व्यावसायिकता बढ़ी है। महानगरों में अत्याधुनिक सुविधाओं वाले कॉरपोरेट और फाइव स्टार अस्पतालों का तेजी से विस्तार हुआ है। इन अस्पतालों में आधुनिक तकनीक उपलब्ध होने के कारण इलाज महंगा हो जाता है। इससे कभी-कभी लोगों को लगता है कि चिकित्सा सेवा व्यवसाय बन गई है। लेकिन यह पूरी तस्वीर नहीं है। आज भी देश के हजारों डॉक्टर सरकारी अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और गांवों में सीमित संसाधनों के बावजूद पूरी ईमानदारी, संवेदनशीलता और सेवा भाव से कार्य कर रहे हैं। ऐसे चिकित्सक ही इस महान पेशे की वास्तविक पहचान हैं।

भारत की चिकित्सा व्यवस्था आज भी दुनिया के अनेक विकसित देशों की तुलना में अपेक्षाकृत सस्ती मानी जाती है। अमेरिका और यूरोप के कई देशों में सामान्य सर्जरी या इलाज पर लाखों रुपये खर्च हो जाते हैं, जबकि भारत में वही उपचार काफी कम लागत पर उपलब्ध हो जाता है। यही कारण है कि भारत मेडिकल टूरिज्म का प्रमुख केंद्र बनकर उभर रहा है और बड़ी संख्या में विदेशी नागरिक भी यहां इलाज कराने आते हैं।

सरकारों ने भी स्वास्थ्य सेवाओं को आम नागरिक तक पहुंचाने के लिए अनेक योजनाएं शुरू की हैं। आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के माध्यम से करोड़ों गरीब परिवारों को स्वास्थ्य बीमा का लाभ मिल रहा है। इसके अतिरिक्त विभिन्न राज्यों ने भी अपनी-अपनी स्वास्थ्य योजनाएं लागू की हैं, जिनसे लाखों मरीजों को आर्थिक राहत मिली है। इन योजनाओं ने गरीब परिवारों के लिए बेहतर चिकित्सा सेवाओं के द्वार खोले हैं।

कोविड-19 महामारी के दौरान पूरे देश ने चिकित्सकों का वास्तविक समर्पण देखा। जब पूरी दुनिया भय और अनिश्चितता से जूझ रही थी, तब डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों ने अपनी जान जोखिम में डालकर लाखों लोगों की सेवा की। कई चिकित्सकों ने अपने परिवारों से दूर रहकर दिन-रात अस्पतालों में काम किया और अनेक ने अपने प्राणों का बलिदान भी दिया। उनका यह योगदान सदैव याद रखा जाएगा।

आज आवश्यकता इस बात की है कि समाज और डॉक्टरों के बीच विश्वास का रिश्ता और मजबूत हो। मरीजों को डॉक्टरों के परिश्रम और विशेषज्ञता का सम्मान करना चाहिए, वहीं डॉक्टरों को भी चिकित्सा को केवल व्यवसाय नहीं बल्कि सेवा का माध्यम मानते हुए नैतिकता, पारदर्शिता और करुणा के साथ कार्य करना चाहिए। यदि चिकित्सक सेवा भावना को सर्वोपरि रखें और सरकारें स्वास्थ्य ढांचे को लगातार मजबूत करती रहें, तो भारत आने वाले वर्षों में स्वास्थ्य सेवाओं और औसत जीवन प्रत्याशा दोनों के क्षेत्र में विश्व के अग्रणी देशों में शामिल हो सकता है। राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर देश के सभी चिकित्सकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। आपका ज्ञान, समर्पण, त्याग और सेवा भाव ही स्वस्थ भारत की सबसे बड़ी शक्ति है। राष्ट्र आपके अमूल्य योगदान के प्रति सदैव कृतज्ञ रहेगा।

– सतीश मेहरा

## कुल्लू अस्पताल विवाद : प्रदर्शनकारियों पर कार्रवाई की मांग, सौंपा ज्ञापन



अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू, 1 जुलाई।** क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में हाल ही में हुए धरना-प्रदर्शन के बाद अब डॉक्टरों और अस्पताल कर्मियों ने अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता जताते हुए सरकार से हस्तक्षेप की मांग की है। हिमाचल प्रदेश मेडिकल ऑफिसर्स एसोसिएशन, जिला कुल्लू तथा स्टाफ नर्सों ने एडीएम और एएसपी के माध्यम से प्रदेश सरकार को ज्ञापन सौंपकर अस्पताल परिसर में बड़ी संख्या में भीड़ एकत्र करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। हिमाचल प्रदेश मेडिकल ऑफिसर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र कोहली ने कहा कि धरना-प्रदर्शन के दौरान अस्पताल का माहौल पूरी तरह प्रभावित हुआ और डॉक्टरों, नर्सों सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने स्वयं को असुरक्षित महसूस किया। उनका कहना है कि प्रदर्शनकारियों ने अस्पताल परिसर में प्रवेश कर अभद्र व्यवहार किया, जिससे अस्पताल की कार्यप्रणाली बाधित हुई और कर्मचारियों में भय का माहौल बन गया। डॉ. कोहली ने मांग की कि अस्पताल परिसर में भारी भीड़ जुटाने और कानून-व्यवस्था प्रभावित करने वाले लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

इसके बाद मेडिकल ऑफिसर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने एएसपी कुल्लू को भी ज्ञापन सौंपा। वहीं स्टाफ नर्सों ने भी अलग से मांग पत्र देकर अस्पताल में कार्यरत सभी कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग उठाई।

**केंद्र सरकार से मिली स्टेज-1 इन-प्रिंसिपल मंजूरी, वर्षों पुरानी मांग हुई पूरी**

# 'चंडीकर–हाड़ाबोई सड़क को मिली वन स्वीकृति अब क्षेत्र के विकास को मिलेगी नई रफ्तार'

अर्थ प्रकाश /आदर्श यादव

**सुंदरनगर, मंडी, 1जुलाई।** सुंदरनगर विधानसभा क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित चंडीकर-हाड़ाबोई सड़क परियोजना को केंद्र सरकार से स्टेज-1 इन-प्रिंसिपल वन स्वीकृति मिल गई है। इसके साथ ही सड़क निर्माण का रास्ता साफ हो गया है और क्षेत्र के विकास को नई गति मिलने की उम्मीद बढ़ गई है।

भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग के पक्ष में 1.9784 हेक्टेयर वन भूमि के गैर-वानिकी उपयोग के लिए सैद्धांतिक मंजूरी प्रदान की है। इस स्वीकृति के बाद परियोजना के आगामी कार्यों को गति मिलेगी।

पूर्व मुख्य संसदीय सचिव सोहन लाल ठाकुर ने वन स्वीकृति मिलने पर क्षेत्रवासियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सड़क लंबे समय से वन विभाग की मंजूरी के अभाव में अटकी हुई थी। प्रदेश सरकार ने इसे प्राथमिकता के आधार पर लेते हुए आवश्यक



औपचारिकताएं पूरी करवाई और लगातार प्रयासों के परिणामस्वरूप यह महत्वपूर्ण स्वीकृति प्राप्त हुई है।

सोहन लाल ठाकुर ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार ने अपने तीन वर्षों के कार्यकाल में सुंदरनगर विधानसभा क्षेत्र की करीब आधा दर्जन ऐसी सड़क परियोजनाओं को वन स्वीकृति दिलवाई है, जो पिछली सरकार के समय से वर्षों से लंबित थीं। सरकार का लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर सड़क संपर्क उपलब्ध करवाना और विकास को गति देना है।

उन्होंने बताया कि चंडीकर-हाड़ाबोई सड़क बनने से हाड़ाबोई, धन्यारा, सोझा और किंदर पंचायतों के लोगों को कम दूरी वाला वैकल्पिक सड़क मार्ग उपलब्ध होगा। किसी आपात स्थिति अथवा अन्य मार्गों के बंद होने पर यह सड़क हजारों लोगों के लिए राहत का माध्यम बनेगी।

उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण से क्षेत्र में आवागमन सुविधाजनक होगा, विकास कार्यों को गति मिलेगी तथा शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य आवश्यक सेवाओं तक लोगों की पहुंच और अधिक सुलभ बनेगी।

सोहन लाल ठाकुर ने बताया कि चलोग से च्यूरी वाया धन्यारा सड़क मार्ग की वन स्वीकृति के लिए सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं। प्रदेश सरकार और वे स्वयं इस परियोजना की मंजूरी के लिए प्रयासरत हैं तथा जल्द ही इसकी स्वीकृति मिलने की उम्मीद है, जिससे क्षेत्रवासियों को एक और बड़ी सौगात मिलेगी।

### सलापड़-तत्तापानी और नेरी-बाड़ू सड़क को भी मिली स्वीकृति

उन्होंने कहा कि सलापड़-तत्तापानी सड़क परियोजना को भी वर्तमान सरकार ने प्राथमिकता के आधार पर वन स्वीकृति दिलवाई है। न्यायालय के आदेश के बावजूद यह परियोजना लंबे समय से अटकी हुई थी। अब इस सड़क पर डबल लेन निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसके अलावा नेरी-बाड़ू सड़क को भी वन स्वीकृति दिलाकर क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा किया गया है।



## शिव कुमार सैनी एपीएमसी ऊना के अध्यक्ष नियुक्त

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना, 1 जुलाई।** कृषि उपज मंडी समिति (एपीएमसी) ऊना के अध्यक्ष पद पर शिव कुमार सैनी सर्वसम्मति से निर्वाचित हुए हैं। मंगलवार को अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में आयोजित निर्वाचन प्रक्रिया में समिति के नामित सदस्यों ने सर्वसम्मति से उनके नाम का अनुमोदन किया। कृषि उपज मंडी समिति ऊना की सचिव अंजू वाला ने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुई, जिसमें समिति के सभी नामित सदस्यों ने भाग लिया।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष शिव कुमार सैनी ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे मुख्यमंत्री की अपेक्षाओं के अनुरूप पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि एपीएमसी ऊना किसानों के हितों की रक्षा और उनके कल्याण के लिए समर्पित भाव से कार्य करेगी तथा किसानों के हक और हितों का पूरा ध्यान रखा जाएगा। समिति के सभी सदस्य मिलकर किसानों के हित में प्रभावी ढंग से कार्य करेंगे। सैनी ने उन पर विश्वास जताने और सर्वसम्मति से समर्थन देने के लिए समिति के सभी सदस्यों का भी आभार व्यक्त किया।

## विवेक शर्मा ने 14.21 लाख रुपये की लागत निर्मित पंचवटी पार्क का किया शुभारम्भ

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना, 1 जुलाई।** कुटलैहड़ क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने आज कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत रायंसरी में श्री बिल्वकेश्वर महादेव मंदिर बाग वाला में मूर्ति प्रतिष्ठा कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर परिसर में 14.21 लाख रुपये की लागत से निर्मित पंचवटी पार्क का शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा मंदिर परिसर में डंगे के निर्माण पर फर्श डलवाने पर 3 लाख रुपये व्यय किए गए हैं।



विवेक शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार मंदिरों के सौंदर्यकरण और रख-रखाव पर विशेष बल दे रही है ताकि आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के कुशल नेतृत्व में प्रदेश सरकार आत्मनिर्भर हिमाचल के संकल्प को साकार करने की दिशा में पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में सड़क, स्वास्थ्य, पेयजल और सिंचाई सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए विकास कार्यों को निरंतर गति प्रदान की जा रही है।

विधायक ने मंदिर परिसर में शैड बनाने के लिए 2 लाख रुपये देने की घोषणा की। इससे पूर्व मंदिर के पुजारी मंहत महेंद्र सिंह मनकोटिया ने मुख्यातिथि का स्वागत किया और मंदिर में चलाए जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी दी।

## 'शूलिनीविवि के VC भारत के टॉप 25 वाइस-चांसलर्स में शामिल'

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन, 1 जुलाई।** शूलिनी यूनिवर्सिटी के वाइस-चांसलर प्रो. अतुल खोसला को LamiCons ने भारत की यूनिवर्सिटीज़ के टॉप 25 वाइस-चांसलर्स (2026) में शामिल किया है। LamiCons एक प्रमुख प्लेटफ़ॉर्म है जो हायर एजुकेशन में बेहतरीन काम और लीडरशिप को सम्मानित करता है।

यह सम्मान उन एकेडमिक लीडर्स को दिया जाता है जिन्होंने इनोवेशन, रिसर्च, ग्लोबल जुड़ाव और संस्थागत उत्कृष्टता के ज़रिए हायर एजुकेशन में शानदार योगदान दिया है। प्रो. खोसला का इसमें शामिल होना एक ऐसी यूनिवर्सिटी बनाने की उनकी लगातार कोशिशों को दिखाता है जो ग्लोबल स्तर पर मुकाबला कर सके।

उनकी लीडरशिप में, शूलिनी यूनिवर्सिटी भारत के प्रमुख रिसर्च-आधारित प्राइवेट संस्थानों में से एक बन गई है। इसे त्तरू वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स 2027 में भारत की नंबर 1 प्राइवेट यूनिवर्सिटी का दर्जा मिला है, ग्लोबल टॉप 500 में जगह बनाने वाली एकमात्र भारतीय प्राइवेट यूनिवर्सिटी के तौर पर इसे दुनिया भर में 452वां स्थान मिला है, और त्तरू एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स 2026 में %साइटेशन प्रति पेपर% के मामले में एशिया में नंबर 1 का स्थान मिला है। यूनिवर्सिटी ने नामी इंटरनेशनल यूनिवर्सिटीज़ के साथ पार्टनरशिप करके अपनी ग्लोबल मौजूदगी बढ़ाई है, इंडस्ट्री के साथ अपने संबंध मज़बूत किए हैं, और छात्रों पर केंद्रित लर्निंग के साथ-साथ रिसर्च, इनोवेशन और एंटरप्रेन्योरशिप का एक मज़बूत इकोसिस्टम तैयार किया है। आभार व्यक्त करते हुए, प्रो. अतुल खोसला ने यह सम्मान पूरी शूलिनी यूनिवर्सिटी कम्युनिटी को समर्पित किया।

## अन्नपूर्णा परियोजना से रोटरी क्लब शिमला हिल क्वींस ने सेवा कार्यों का किया शुभारंभ

अर्थ प्रकाश/अनिल कुमार शर्मा

**शिमला।** रोटरी वर्ष 2025-26 की शुरुआत सेवा कार्यों के साथ करते हुए रोटरी क्लब ने कमला नेहरू अस्पताल में प्रोजेक्ट अन्नपूर्णा के तहत जरूरतमंद मरीजों और उनके परिजनों को गर्म एवं पौष्टिक भोजन वितरित किया। क्लब ने इस सेवा कार्य के माध्यम से समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने और मानवता की सेवा का संदेश दिया।

क्लब अध्यक्ष रोटेरियन हरप्रीत कौर सेम्बी ने बताया कि नए रोटरी वर्ष की शुरुआत सेवा के इस अभियान से करना क्लब के लिए एक संकल्प और प्रार्थना के समान है। उन्होंने कहा कि भोजन की प्रत्येक थाली केवल भोजन नहीं, बल्कि सम्मान, करुणा और यह विश्वास थी कि समाज का कोई भी व्यक्ति अकेला नहीं है। क्लब पूरे वर्ष सेवा, सहयोग और जनकल्याण के कार्यों को निरंतर जारी रखेगा।



रोटरी का मूल मंत्र %सेवा ही सर्वोपरि% है और इसी भावना के साथ वर्ष 2025-26 में विभिन्न सामाजिक एवं जनहित परियोजनाएं संचालित की जाएंगी।

इस अवसर पर रोटेरियन विपन गुप्ता, मीना शर्मा, सीमा शर्मा, राशि बांटा, सोनिया ब्रागटा, रितु शर्मा, भावना सूद, किरण सूद, अब्बू अरोड़ा, पूर्व अध्यक्ष सुरभि करोल, पूर्व अध्यक्ष पूजा गोयल, शिवानी कंवर तथा हरप्रीत सेम्बी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। वहीं संभावित सदस्य आस्था महाजन सूद और नेहा शर्मा ने भी कार्यक्रम में भाग लेकर सेवा कार्य में सहयोग दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### जूनियर राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप के लिए चयन ट्रायल 4 को

**सुंदरनगर/मंडी, 1 जुलाई (आदर्श यादव)।** 16वीं हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप-2026 के लिए हिमाचल प्रदेश की जूनियर पुरुष टीम के चयन हेतु ट्रायल 4 जुलाई को मंडी के पड्डल मैदान में आयोजित किए जाएंगे। हॉकी हिमाचल ने प्रदेश के सभी पात्र खिलाड़ियों से चयन प्रक्रिया में भाग लेने का आह्वान किया है। द्रोणाचार्य अवॉर्डी एवं हॉकी हिमाचल के महासचिव रोमेश पठानिया ने बताया कि चयन ट्रायल 4 जुलाई को प्रातः 9:00 बजे आरंभ होंगे। चयनित टीम आगामी 16वीं हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय चैंपियनशिप 28 जुलाई से 8 अगस्त 2026 तक कोयंबटूर में आयोजित की जाएगी। जूनियर पुरुष वर्ग में केवल वही खिलाड़ी चयन के लिए पात्र होंगे जिनकी जन्म तिथि 1 जनवरी 2007 या उसके बाद की हो।

### दिशा की बैठक आज होगी

**सोलन।** जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति (दिशा) की बैठक 2 जुलाई, 2026 को आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता शिमला लोकसभा क्षेत्र के सांसद सुरेश कश्यप करेंगे। बैठक उपायुक्त कार्यालय सोलन के बैठक कक्ष में प्रातः 11.00 बजे आरम्भ होगी।

### गीत-संगीत और नुक्कड़ नाटक के जरिए कलाकारों ने गिनवाईं सरकार की योजनाएं



**कुल्लू, 1 जुलाई (अशेष शर्मा)।** सरकारी योजनाओं की जानकारी को मनोरंजक और प्रभावी ढंग से आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के अनुमोदित मन्नत कला मंच, कुल्लू के कलाकारों ने बुधवार को कुल्लू विधानसभा क्षेत्र की बंदल पंचायत के हलेणी तथा चताणी पंचायत के लारी गांव में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कलाकारों ने लोकगीतों, गीत-संगीत और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से अनुसूचित जाति वर्ग के कल्याण के लिए संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के जरिए शिक्षा, स्वरोजगार, आवास, स्वास्थ्य, सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण तथा अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन जैसी योजनाओं की जानकारी सरल, रोचक और प्रभावशाली शैली में दी गई। कलाकारों ने लोगों से अपील की कि वे इन योजनाओं का लाभ उठाकर अपने परिवार और समाज के विकास में भागीदार बनें। कार्यक्रम के दौरान कलाकारों ने नशे के बढ़ते दुष्प्रभावों पर भी प्रभावशाली प्रस्तुति दी। गीतों और संवादों के माध्यम से बताया गया कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों के लिए घातक है। युवाओं से नशे से दूर रहकर शिक्षा, रोजगार और सकारात्मक गतिविधियों को अपनाने का आह्वान किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में बंदल पंचायत के प्रधान बलदेव राज, उपप्रधान दीनदयाल ठाकुर, वार्ड पंच त्रिलोक चंद, महिला मंडल एवं युवा मंडल के सदस्य तथा चताणी पंचायत की प्रधान जयदेई, वार्ड पंच दूनी चंद, जौड़ा महिला मंडल, शिव युवा मंडल के सदस्य और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## सुनील शर्मा ने खटवीं गांव में किया योजनाओं का प्रचार

अर्थ प्रकाश/शिल्पा

**हमीरपुर 01 जुलाई।** मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू ने बुधवार को धने? क्षेत्र के गांव खटवीं का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनीं और प्रदेश सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियों की जानकारी भी दी। गांववासियों ने सुनील शर्मा बिट्टू का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया तथा मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा शुरू की गई विभिन्न योजनाओं की सराहना की।

इस अवसर पर सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू आम लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहे हैं। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों के चहुमुखी विकास और इन क्षेत्रों के लोगों की आर्थिकी मजबूत करने के लिए कई सराहनीय निर्णय लिए हैं।



मुख्यमंत्री ने प्राकृतिक खेती से पैदा की जाने वाले गेहूं, मक्की और कच्ची हल्दी के लिए अलग से उच्च दाम निर्धारित किए हैं। सरकार इस गेहूं को 80 रुपये प्रति किलोग्राम, मक्की को 50 रुपये प्रति किलोग्राम और कच्ची हल्दी को 150 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से खरीद रही है। गाय और भैंस के दूध के दाम में भी रिकॉर्ड वृद्धि की गई है। केंद्र सरकार के विरोध के बावजूद प्रदेश के कर्मचारियों के लिए ओपीएस का प्रावधान किया।

सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा कि प्रत्येक हमीरपुरवासी के लिए यह गर्व का विषय है कि मुख्यमंत्री इस जिले से संबंध रखते हैं और यहां के लिए एक से ब?कर एक परियोजनाएं मंजूर कर रहे हैं। उन्होंने विभिन्न विभागों और बोर्डों के 5 राज्य स्तरीय कार्यालय हमीरपुर स्थानांतरित किए हैं। मेडिकल कालेज, अंतर्राज्यीय बस अड्डे, हैलीपोर्ट और सिटी सेंटर के निर्माण का प्रावधान किया है।

## अवैध हथियार एवं जिंदा कारतूस के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**नालागढ़ (सलीम कुरैशी)।** पुलिस ने गांव भटोली में एक आरोपी व्यक्ति की गाड़ी से एक देसी पिस्टल,एक देसी कट्टा 9 जिंदा कारतूस 7.65 एमएम तथा 2 जिंदा कारतूस 8 एमएम बरामद किए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। और आगामी कार्यवाही शुरू कर दी है।

बद्दी पुलिस की स्पेशल सेल-एक्स की टीम द्वारा थाना नालागढ़ क्षेत्र के गांव भटोली में कार्यवाही करते हुए आरोपी निवासी गांव भटोली नालागढ़ के रिहायशी मकान एवं उसकी महिंद्रा थार की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान पुलिस को वाहन की डिग्गी से एक देसी पिस्टल, एक देसी कट्टा, 9 जिंदा कारतूस 7.65 एमएम तथा 2 जिंदा कारतूस 8 एमएम बरामद किए गए।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत बना वैश्विक डिजिटल शक्ति : अनुराग

अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा

**हमीरपुर।** हमीरपुर से सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने डिजिटल इंडिया अभियान के 11 वर्ष पूर्ण होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की डिजिटल क्रांति को ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कहा कि 1 जुलाई 2015 को शुरू हुई यह पहल आज भारत के सुशासन, पारदर्शिता, नवाचार और जनसशक्तिकरण की मजबूत आधारशिला बन चुकी है। उन्होंने कहा कि डिजिटल इंडिया ने देश को एनालॉग व्यवस्था से निकालकर तकनीक आधारित आधुनिक प्रशासन की दिशा में अग्रसर किया है, जिससे गांवों से लेकर महानगरों तक नागरिकों के जीवन में व्यापक बदलाव आया है।

अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में भारत ने डिजिटल अवसंरचना के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। आज देश में 144 करोड़ से अधिक आधार आईडी जारी की जा चुकी हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के माध्यम से 9.4 करोड़ से अधिक किसान परिवारों को प्रत्यक्ष आर्थिक सहायता डिजिटल माध्यम से उनके खातों में पहुंचाई जा रही है। भारतनेट परियोजना के अंतर्गत लगभग 97 प्रतिशत ग्राम पंचायतों को ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी से जोड़ा जा चुका है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, बैंकिंग और सरकारी सेवाओं की पहुंच और अधिक सुलभ हुई है।




**कार्यालय ग्राम पंचायत काण्ढा बगस्याड**
विकास खण्ड सराज जिला मंडी हिमाचल प्रदेश
**निविदा आमंत्रण सूचना**

[illegible]

...XEN-(RD&PR)-DB-General/2023-1/2024/92/2023-34307 dated 30/11/2023...

[illegible]



**कार्यालय ग्राम पंचायत भयारटा विकास खण्ड धनोटू**
**तहसील बल्ह जिला मंडी (हि.प्र.)**

प्रधान श्रीमती रोशन लाल — श्री तुलसी कौशल
मोबाइल :- ...... — मोबाइल :-9805822439

आज दिनांक 27/06/2026 को ग्राम पंचायत भायरटा की मासिक वैठक प्रधान श्री रोशन लाल जी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें उपस्थिति 07/07 रही। जिसमें निम्न कार्यावाही अम्ल में लाई गई।

**प्रस्ताव संख्या 4 – ग्राम पंचायत ढाबण के विभिन्न विकास कार्यों में विविध सामग्री प्रयोग हेतु निविदायें/कोटेशनें आमंत्रित करने बारे।**

यह कि बैठक में सर्वसमती से विनिश्चय हुआ कि ग्राम पंचायत भायरटा में विभिन्न मदों के अंतर्गत वित वर्ष 2026-27 में विकास कार्य करवाये जाने है जिस हेतु निम्न प्रकार से सामग्री उपलब्ध करवाने हेतु कोटेशने आमंत्रित की जानी अनिवार्य है ताकि विकास कार्यों को सुचारु रूप से चलाया जा सके।

| क्रम. संख्या | सामग्री का विवरण | मात्रा इकाई |
|---|---|---|
| 1. | रेत (Local Quarry) | प्रति घनमीटर |
| 2. | रेत (क्रशर की) | प्रति घनमीटर |
| 3. | बजरी 20mm (Local Quarry) | प्रति घनमीटर |
| 4. | बजरी 40mm (Local Quarry) | प्रति घनमीटर |
| 5. | बजरी 20mm (क्रशर की) | प्रति घनमीटर |
| 6. | बजरी40mm(क्रशर की) | प्रति घनमीटर |
| 7. | सोलिंग/ बोल्डर पत्थर | प्रति घनमीटर |
| 8. | पत्थर (Cut Stone) | प्रति घनमीटर |
| 9. | पकी ईंटे (मिटटी के भटे की ) | प्रति हजार |
| 10. | मशीन द्वारा कटान (Cutting through JCB Machine) | प्रति घनमीटर/ प्रति घंटा |
| 11. | सामग्री व अन्य सामग्री ढुलान ट्रेक्टर/जीप/अन्य वाहन द्वारा (सीमेंट स्टोर लुनापानी से पंचायत स्टोर व पंचायत स्टोर से कार्य स्थल तथा अन्य रूट आवशकता अनुसार ) | प्रति रूट/प्रति किलोमीटर |
| 12. | सीमेंट लोडिंग व अनलोडिंग लेबर ट्रेक्टर/जीप/अन्य वाहन | प्रति बैग |
| 13. | शटरिंग | प्रति square foot |
| 14. | सरिया (ISI Marked) | प्रति क्विंटल |
| 15. | दीवार लेखनी (Wall Writing) | प्रति square foot |
| 16. | SILT SAND | प्रति घनमीटर |
| 17. | इंटरलॉक टाइल्स (सभी साइज ) | प्रति square foot |
| 18. | पी 0वी0 सी0 पाइपें (सभी साइज ) | प्रति फूट |
| 19. | सीमेंट ब्लाक ((सभी साइज ) | प्रति square foot |
| 20. | RCC PIPES AND COLLER | प्रति पीस |
| 21. | सनेट्री फीटिग (ALL ITEMS) | प्रति पीस |
| 22. | स्टील फर्नीचर (ALL ITEMS) | प्रति पीस |
| 23. | प्लास्टिक फर्नीचर (ALL ITEMS) | प्रति पीस |
| 24. | वुडन फर्नीचर (ALL ITEMS) | प्रति पीस |
| 25. | स्पोर्ट्स (ALL ITEMS) | प्रति पीस |
| 26. | क्रोकरी (ALL ITEMS) | प्रति पीस |
| 27. | स्टेशनरी (ALL ITEMS) | प्रति पीस |
| 28. | GI Pipes/GI sheets (All Size) | प्रति पीस |
| 29. | सफेदी /Paint | प्रति square foot |
| 30. | कंप्यूटर / प्रिंटर/ computer peripherals (As per Sepecifiaction ) | As per Sepecifiaction |
| 31. | Transportation of Plastic waste from segregation shed to Plastic Unit | प्रति रूट |
| 32. | Sanitation Kits | प्रति पीस/ प्रति किट |

निविदायें/कोटेशनें ग्राम पंचायत भयारटा विकास खण्ड धनोटू मंडी जिला मंडी हि0 प्र0 पिन न 0 175027 के पक्ष में 06/07/2026 शाम 5 बजे तक पंजीकृत डाक द्वारा ही स्वीकार की जाएगी। यह निविदायें/कोटेशनें दिनांक 07/07/2026 को 12 बजे पूर्वाहन कार्यालय ग्राम पंचायत भयारटा में अधिकृत कमेटी के समक्ष खोली स्वीकृत की जायेगी।

**नियम व शर्तें :–**

i) निविदादाता के पास अपना पंजीकरण, पैन संख्या एवं GST नम्बर होना आवश्यक है।
ii) ठेकेदार/आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित M-Form जमा करवाना होगा।
iii) सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग (PWD) के स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होगी।
iv) दरें अंकों एवं शब्दों दोनों में लिखी होनी चाहिए।
v) निर्माण सामग्री पंचायत स्थल पर उपलब्ध करवानी होगी।
vi) ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्राधिकार में एक ही मूल्य देय होगा तथा अवशिष्ट सामग्री की अदायगी देय नहीं होगी।
vii) निविदादाता यदि सामग्री की आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी गत समय में दी गई सामग्री की देय राशि का भुगतान नहीं किया जाएगा तथा न ही अग्रिम/सुरक्षित राशि वापिस होगी।
viii) किसी भी निविदा को बिना कारण बताए स्वीकार/अस्वीकार करने, समान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने, सामग्री की गुणवत्ता के मद्देनज़र तथा निविदाएँ किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत/विभाग के पास सुरक्षित रहेगा।
ix) सामग्री लेने का अंतिम मूल्य/निर्णय विभाग की Justification एवं पारित निविदादाताओं के साथ Negotiation अनुसार/उपरांत किया जाएगा।
x) निविदाकर्ता को GST अदायगी का वापसी पत्र एवं GST अदायगी की रसीद भी हर तीन महीने के बाद देनी होगी।
xi) चयनित निविदादाता को रु. 20,000/- (रुपये बीस हजार मात्र) सुरक्षा/धरोहर राशि के रूप में ग्राम पंचायत के पास जमा करवानी होगी।

**सर्वसम्मति से पारित है**

# करनाल की महिला का उत्तर प्रदेश में डाक्टर ने किया गलत तरीके से गर्भपात

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 1 जुलाई।** करनाल की एक गर्भवती महिला के साथ उत्तर प्रदेश में गलत तरीके से गर्भपात किए जाने का मामला सामने आया है। महिला को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका ऑपरेशन कर जान बचाई गई। मामले की सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग की टीम ने यूपी जाकर कार्रवाई की और दो एएनएम को गिरफ्तार कर लिया, जबकि आरोपी डॉक्टर मौके से फरार हो गया। डिप्टी सीएमओ डा. शीनू चौधरी ने बताया कि 29 जून को कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज से सूचना मिली थी कि फुसगढ़ की एक महिला यूट्स फटने की हालत में भर्ती हुई है। 30 जून को टीम ने अस्पताल पहुंचकर महिला और उसके परिजनों से बात की। एक्सीडेंट के बाद अस्पतालों में घुमाया जांच में सामने आया कि महिला झिंझाणा और बड़ौली के बीच कहीं जा रही थी, तभी बाइक फिसलने से वह गिर गई और उसे ब्लीडिंग शुरू हो गई। परिजन उसे नजदीकी अस्पताल लेकर गए, जहां से उसे देव अस्पताल में डॉक्टर अर्पित के पास भेज दिया गया।





### यूपी में रेड, दो एएनएम गिरफ्तार

30 जून को स्वास्थ्य विभाग की टीम कैराना पहुंची और अस्पताल में छापा मारा। मौके से एमटीपी के उपकरण और दवाइयां बरामद हुईं। टीम ने दो एएनएम को गिरफ्तार कर लिया। डॉक्टर अर्पित फरार, अस्पताल सील टीम ने डॉक्टर अर्पित को ट्रेस करते हुए देव अस्पताल में भी दबिश दी, लेकिन वह वहां नहीं मिला। माना जा रहा है कि उसे पहले ही सूचना मिल गई थी और वह फरार हो गया। कार्रवाई के दौरान अस्पताल को सील कर नोडल अधिकारी को सौंप दिया गया।

### अनट्रेंड स्टाफ ने किया ऑपरेशन

देव अस्पताल में महिला का अल्ट्रासाउंड किया गया और ऑनलाइन पैसे की ट्रांजेक्शन हुई। इसके बाद उसे एंबुलेंस के जरिए कैराना के एक अस्पताल भेज दिया गया, जहां उसका गर्भपात (एमटीपी) किया गया। जांच में पाया गया कि वहां मौजूद स्टाफ प्रशिक्षित नहीं था। दो महिला एएनएम ने मिलकर गर्भपात कर दिया, जिससे महिला का यूट्स फट गया और युरेटर में भी चोट आ गई।

### दोनों राज्यों में दर्ज होगी एफआईआर

डा. शीनू चौधरी ने बताया कि इस मामले में यूपी और करनाल दोनों जगह एफआईआर दर्ज करवाई जा रही है। जांच में यह भी सामने आया कि महिला ने करनाल जाने की बात कही थी, लेकिन उसे वहां नहीं भेजा गया। डिग्री नहीं मिली, झोलाछाप निकला डॉक्टर जांच के दौरान डॉक्टर अर्पित की कोई मान्यता प्राप्त डिग्री नहीं मिली है, जिससे स्पष्ट है कि वह झोलाछाप था। फिलहाल महिला की हालत गंभीर बनी हुई है और पूरे मामले की जांच जारी है।

# ई रिक्शा चालक सूरज की हत्या करने के पांच आरोपी वारदात के 12 घंटे के अंदर गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन

**पानीपत, 1 जुलाई।** पुलिस अधीक्षक श्री भूपेंद्र सिंह आईपीएस के कुशल नेतृत्व में थाना पुराना औद्योगिक पुलिस ने गंगाराम कॉलोनी में 50 हजार रूपए के विवाद में ई रिक्शा चालक सूरज की पिटाई कर हत्या करने के पांच आरोपियों को वारदात के 12 घंटे के अंदर गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों को विराट नगर स्थित हैप्पी होम के नजदीक नहर के पास से गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान गंगाराम कॉलोनी निवासी अजीत, मुकेश, सूरज, राजा उर्फ काला तथा देवी नगर निवासी प्रिंस के रूप में हुई है।

थाना पुराना औद्योगिक प्रभारी सब इंस्पेक्टर विनोद ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने नामजद फरार अपने अन्य साथी आरोपियों के साथ मिलकर सूरज की हत्या करना स्वीकारा। आरोपी अजीत ने पूछताछ में पुलिस को बताया गंगाराम कॉलोनी में उसने किराए की दुकान में ऑफिस किया हुआ है। ऑफिस पर अक्सर सूरज भी उनके साथ बैठता था। उसने ऑफिस में 50 हजार रूपए रखे थे। पैसे सूरज उठाकर ले गया था। उसके कई बार कहने पर भी सूरज ने पैसे नहीं दिए। 29 जून को उसने अपने साथी आरोपी प्रिंस, मुकेश, सूरज, राजा उर्फ काला व फरार अन्य साथी आरोपियों के साथ मिलकर सूरज को मजा चखाने की साजिश रची और ऑफिस पर बुलाकर डंडों व लात घुस्सों से पिटाई की। उसके हाथ परने से बांध दिए और मुंह में पानी डाल दिया। सूरज बेसुध हो गया और वे दुकान पर ताला लगाकर मौके से फरार हो गए थे।

प्रभारी सब इंस्पेक्टर विनोद ने बताया कि पुलिस ने गिरफ्तार पांचों आरोपियों को बुधवार को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से दो आरोपी मुकेश व सूरज को न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया और आरोपी अजीत, प्रिंस व राजा उर्फ काला को 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपियों से गहनता से पूछताछ करने के साथ ही वारदात में शामिल फरार आरोपियों के ठीकानों का पता लगा काबू करने का प्रयास करेगी।

**यह है मामला:** थाना पुराना औद्योगिक में हरि नगर कच्चा काबड़ी फाटक निवासी मधु पत्नी सूरज ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसका पति सूरज गंगाराम कॉलोनी निवासी अजीत की ई रिक्शा किराये पर लेकर चलाता था। 29 जून की देर रात करीब 10/11 बजे उनके घर रणजीत, कुंदन व राजा उर्फ काला आए। रणजीत कहने लगा सूरज दुकान से 50 हजार रूपए लेकर आया है। पैसे बाल्टी में छुपाकर रखने की बात कही। रणजीत के कहने पर उसने चेकिंग की पर पैसे नहीं मिले। रणजीत ने मोबाइल से अजीत के पास फोन कर उसकी बात कराई। अजीत कहने लगा सूरज उसकी दुकान से 50 हजार रूपए लेकर गया है। फोन पर बात करने के दौरान पीछे से उसके पति सूरज की आवाज सुनाई दे रही थी। पति सूरज कह रहा था उसने कोई पैसा नहीं लिया है। रातभर पति सूरज घर नहीं लौटा और मंगलवार सुबह उसे पता चला अजीत, रणजीत, सूरज, मुकेश, प्रिंस, राजा उर्फ काला, कुंदन तथा धर्मेंद्र ने मिलकर उसके पति सूरज की हत्या कर दी। शव दुकान में पड़ा है। पुलिस ने गंगाराम कॉलोनी में मौके पर पहुंच दुकान के शटर का ताला तुड़वाकर शव को निकाला। एफएसएल टीम ने मौके से साक्ष्य एकत्रित किए। थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में मधु की शिकायत पर अभियोग दर्ज कर पुलिस ने जांच व आरोपियों की धरपकड़ शुरू कर दी थी।

## न्यूज़ ब्रीफ

### सहारा इंटरनेशनल स्कूल के नए सत्र की शुरुआत



**लाडवा (अप्रस/विकास कश्यप)।** ग्रीष्मकालीन अवकाश के उपरांत सहारा इंटरनेशनल स्कूल लाडवा में बुधवार को नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार एवं हवन के साथ शुरू हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं समस्त स्टाफ ने हवन में आहुति डालकर ईश्वर से नए सत्र के सफल, मंगलमय एवं ज्ञानवर्धक होने की प्रार्थना की। विद्यालय का वातावरण श्रद्धा, उत्साह एवं सकारात्मक ऊर्जा से ओत-प्रोत रहा। विद्यालय के चेयरमैन विक्रांत अग्रवाल एवं उप-प्रधानाचार्या रितु गोगिया ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान अर्जित करने का माध्यम नहीं, बल्कि उत्तम संस्कार, अनुशासन, परिश्रम और नैतिक मूल्यों को जीवन में अपनाने का सशक्त आधार है। उन्होंने विद्यार्थियों को पूरे समर्पण, आत्मविश्वास एवं सकारात्मक सोच के साथ नए सत्र की शुरुआत करने तथा अपने लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु निरंतर प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर स्कूल स्टाफ सहित स्कूली बच्चे भी मौजूद थे।

### स्कूलों में पहले दिन बच्चों का रुझान काफी कमजोर



**लाडवा (अप्रस/विकास कश्यप)।** गर्मी की लंबी छुट्टियों के बाद बुधवार को सरकारी व निजी स्कूल फिर से खुल गए, लेकिन लाडवा कस्बे के स्कूलों में पहले दिन बच्चों का रुझान काफी कमजोर दिखाई दिया। सुबह-सुबह स्कूल बसें तो तय समय पर बच्चों के लिए निकली मगर ज्यादातर बसें खाली ही स्कूल पहुंची। पहले दिन बच्चों की स्कूलों में 60 प्रतिशत से उपस्थिति अधिक नहीं रही। वरिष्ठ विद्यालय में तो फिर भी बच्चों की संख्या देखने को मिली, लेकिन प्राथमिक कक्षाओं में तो हालात और खराब रहे। कई निजी स्कूलों के संचालकों ने भी माना कि बसों में 15 से 20 प्रतिशत से ज्यादा बच्चे नहीं आए। बस चालकों को भी जिन स्टॉप पर प्रतिदिन 15 से 20 बच्चे होते थे वहां आज 2-3 ही मिले। पूरी बस खाली घूमती रही। ज्यादातर अभिभावकों का कहना था कि बच्चे अभी छुट्टियों के मूड से बाहर नहीं निकले हैं। कुछ परिवार गांव या रिश्तेदारी से लौटे नहीं हैं। तेज गर्मी और उमस के चलते भी कई माता-पिता ने बच्चों को 2-4 दिन बाद भेजने का फैसला किया है। शिक्षकों के अनुसार छुट्टियों के बाद पहले दिन अक्सर बच्चों की उपस्थिति कम रहती है। 3-4 दिन में स्थिति सामान्य हो जाती है। सोमवार से स्कूलों में रौनक लौट आएगी। क्योंकि कई अभिभावकों ने वीकेंड के बाद ही बच्चों को भेजने की बात कही है। वहीं निजी स्कूलों में शिक्षकों ने भी पहले दिन बच्चों का स्वागत टॉफी बांटकर और हल्की-फुल्की गतिविधियां करवाकर किया, ताकि उनका मन स्कूल में लगे। फिलहाल छुट्टियों के बाद का पहला दिन लाडवा के स्कूलों के लिए फीका ही रहा।

### सरदार गुरविंदर सिंह बने ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष



**निसिंग (अप्रस/कृष्ण)।** सरदार गुरविंदर सिंह को ब्लॉक निसिंग का कांग्रेस अध्यक्ष चुना गया और आज एक निजी होटल में भव्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें राजेश वैध जिला अध्यक्ष ग्रामीण सरदार गुरिंदर सिंह को जिम्मेदारियां और कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए पहुंचे। आयोजन में अनेक ऑन कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सैकड़ो कार्यकर्ता पहुंचे सभी ने मिलकर सरदार गुरविंदर सिंह को बधाई दी। राजेश वैध और सरदार गुरिंदर सिंह ब्लॉक निसिंग अध्यक्ष ने मौके की सरकार पर महंगाई, एस आई आर और बहुत सारे अन्य मामलों को लेकर इल्जाम लगाया। और बताया कांग्रेस पार्टी धीरे-धीरे एक द्वारा फिर मजबूत पार्टी बनती जा रही है और आने वाला समय कांग्रेस का ही होगा। कार्यक्रम में राजेश वैध मुख्य अतिथि और साथ वरिष्ठ कांग्रेस नेता कार्यकारिणी अध्यक्ष सुरेश गुप्ता, जिला उप प्रधान कृष्ण शर्मा बस्ताडा, जिला उप प्रधान महल सिंह डाचर पूर्व सरपंच, जिला उपाध्यक्ष संजय मैहला, तेजी मान, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष राजेश चौधरी, पार्षद पप्पू लाठर ब्लॉक अध्यक्ष, घरौंडा के ब्लॉक अध्यक्ष रोमी माइकल, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सचिन, विनोद वाल्मीकि, अधिवक्ता साहब सिंह मदान खेड़ा, राजीव गोंदर, गुरबख्श सिंह पूर्व सरपंच अमूपूर, संदीप कल्याण, आनंद प्रताप सिंह, करनाल सेवादल अनिल शर्मा, इंद्रजीत सिंह गोराया, जसवीर भानु,गुरविंदर कौर, सुनैना वाल्मीकि व समस्त कांग्रेस के नेता व कार्यकर्ता मौके पर मौजूद रहे।

## आहुलाना चीनी मिल अधिकारियों ने मेरी फसल मेरा ब्यौरा के प्रति किसानों को किया जागरूक

अर्थ प्रकाश/भंवर सिंह

**गोहाना, 1 जुलाई।** गांव आहुलाना स्थित चौधरी देवीलाल सहकारी चीनी मिल व कृषि विभाग के अधिकारियों ने गांव छिछड़ाना में सहकारिता सप्ताह दिवस मनाया। इसमें किसानों को मेरी फसल मेरा ब्यौरा के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीडीओ महाबीर शर्मा ने की। मिल के कार्यकारी गन्ना प्रबंधक धर्मबीर कादयान का मार्गदर्शन रहा।

धर्मबीर कादयान ने कहा कि मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर अपनी फसलों का पंजीकरण कराना जरूरी है। उसी के आधार पर फसलों पर मिलने वाले लाभ मिल सकेंगे। जिन किसान भाईयों ने गन्ने की फसल लगा रखी है। उसका भी पंजीकरण मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर जरूर करें। हमारी सरकार गन्ने की फसल के बहुत अच्छे भाव दे रही है। इसलिए किसान अपनी आमदनी बढ़ाने के लिए ज्यादा से ज्यादा गन्ने की फसल उगाए। सीडीओ महाबीर शर्मा ने बताया कि 2 जुलाई बृहस्पतिवार को चीनी मिल में किसानों के लिए परि हेल्थ कैंप भी लगाया जाएगा। जिसमें रोहतक के हॉस्पिटल पोजिट्रॉन की टीम अपनी सेवाएं देगी।

कृषि विभाग से पहुंचे एडीओ संजय ने कहा कि सरकार द्वारा गन्ने की फसल पर सब्सिडी भी दी जाती है। सब्सिडी का लाभ लेने के लिए मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण करना बहुत जरूरी है। इसके अलावा उन्होंने दूसरी फसलों पर मिलने वाली सब्सिडी के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर सरपंच राजबीर, सीडीओ महाबीर शर्मा, सीडीआई संजय, रमेश देहराज, सतीश कुमार, वेदपाल, जितेंद्र बांगड़, शमशेर व किसान धर्मबीर, जीता, नीरज, नान्हा आदि मौजूद रहे।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान में जुटे वार्ड-11 के पार्षद प्रतिनिधि विपिन छाबड़ा, लोगों से की सहयोग की अपील

अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार



**समालखा, 1 जुलाई।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची को शुद्ध, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत समालखा में भी व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत बीएलओ (क्रह्न) घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन कर रहे हैं तथा पात्र मतदाताओं से आवश्यक दस्तावेज एवं फार्म भरवाए जा रहे हैं।

इसी कड़ी में रघुनाथ मंदिर परिसर में बूथ नंबर 160 एवं 161 के बीएलओ मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में जुटे हुए हैं। इस दौरान नगर परिषद वार्ड नंबर-11 के पार्षद प्रतिनिधि एवं समाजसेवी विपिन छाबड़ा स्वयं बीएलओ के साथ रहकर मतदाताओं के फार्म भरवाने, दस्तावेजों की जांच कराने तथा लोगों को जागरूक करने में दिन-रात मेहनत कर रहे हैं।

विपिन छाबड़ा ने बताया कि मतदाता सूची में नाम सही दर्ज होना लोकतंत्र की मजबूती के लिए बेहद आवश्यक है। उन्होंने वार्ड के नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि बूथ नंबर 161 एवं 162 के सभी मतदाता अपने आवश्यक दस्तावेजों सहित निर्धारित फार्म भरकर समय रहते जमा कराएं, ताकि किसी भी पात्र मतदाता का नाम सूची से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि वह स्वयं बीएलओ के साथ मिलकर लोगों की सहायता कर रहे हैं ताकि किसी को भी किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि वार्ड नंबर-11 का बूथ नंबर 152, जिसके अंतर्गत गुरु नानक मोहल्ला, रेलवे रोड, शिव मार्केट के आसपास का क्षेत्र एवं बाग वाला मोहल्ला आता है, उसके बीएलओ वार्ड नंबर-10 के पार्षद मनीष बेनीवाल के निवास स्थान पर बैठकर फार्म जमा कर रहे हैं। संबंधित क्षेत्र के मतदाता वहां पहुंचकर अपने फार्म एवं आवश्यक दस्तावेज जमा कर सकते हैं।

### आर्य समाज का सम्मान समारोह 5 जुलाई को

**रादौर (अप्रस/योगेश कुमार)।** आर्य समाज रादौर की ओर से रविवार 5 जुलाई को सुबह 8 बजे एक सम्मान समारोह का आयोजन शहर के आर्य समाज भवन में किया जा रहा है। जिसमें गुरुकुल कुरुक्षेत्र के संगीताचार्य प्रसिद्ध भजनोपदेशक आर्य रत्न जयपाल आर्य को वेद प्रचार योद्धा के सम्मान से सम्मानित किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए आर्य समाज रादौर के प्रचार मंत्री अमित कांबोज ने बताया कि स्वामी दयानंद के सिद्धांतों व आर्य समाज के विचारों को अपनी वाणी के द्वारा जन जन तक पहुंचाने वाले वेदों के प्रकांड ज्ञाता गुरुकुल कुरुक्षेत्र के संगीताचार्य आर्य रत्न प्रसिद्ध भजनोपदेशक जय पाल आर्य को स्वामी दयानंद के सिद्धांतों व वेदों के प्रचार प्रसार में उनकी निष्ठा व समर्पण को देखते हुए उन्हें वेद प्रचार योद्धा के सम्मान से सम्मानित किया जा रहा है।

## पत्र सूचना कार्यालय की मीडिया वार्ता में विभागों ने साझा की उपलब्धियां और योजनाएं

अर्थ प्रकाश/वीरेंद्र त्यागी



**यमुनानगर, 1 जुलाई।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) द्वारा मंगलवार को मीडिया संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य केंद्र सरकार की नीतियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी मीडिया के माध्यम से आमजन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाना तथा जिला व उप-जिला स्तर के पत्रकारों का क्षमता विकास करना था।

कार्यक्रम में पीआईबी के पुनीत सक्सेना (दिल्ली), अहमद खान (चंडीगढ़), उपायुक्त प्रीति तथा अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों की उपलब्धियों, वर्तमान योजनाओं और भविष्य की कार्ययोजनाओं की जानकारी दी।

संवाद के दौरान पत्रकारों ने भी अपनी समस्याएं रखीं। उन्होंने बताया कि कई बार समाचारों के लिए अधिकारियों से समय पर जानकारी नहीं मिल पाती। पीआईबी अधिकारियों ने इन समस्याओं को संबंधित स्तर तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।

स्वास्थ्य विभाग ने अस्पतालों में दी जा रही सेवाओं और आगामी योजनाओं की जानकारी दी, जबकि कृषि विभाग ने पराली प्रबंधन और किसानों में बढ़ी जागरूकता पर प्रकाश डाला। बिजली वितरण निगम ने सौर ऊर्जा परियोजनाओं की प्रगति से अवगत कराया। पीआईबी अधिकारियों ने कहा कि सरकार की योजनाओं को प्रभावी ढंग से जनता तक पहुंचाने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका है और इसी उद्देश्य से ऐसे संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

### चाय के खोखे में लगी आग

**लाडवा (अप्रस)।** लाडवा-पिपली मार्ग पर रखे एक गरीब परिवार के चाय के खोखे में गत रात्रि आग लग गई। आग लगने से खोखे में रखा पूरा सामान जलकर खाक हो गया। घटना मंगलवार देर रात्रि की बताई जा रही है। डायल-112 ने मौके पर पहुंचकर फायर ब्रिगेड के माध्यम से आग बुझाई गई, लेकिन तक तक देर हो चुकी थी। यह चाय का खोखा लाडवा के वार्ड नंबर एक के रहने वाले सोमनाथ का था। आग लगने के बाद परिवार पर मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ा। सोमनाथ की पत्नी ममता ने रोते हुए बताया कि किसी शरारती तत्वों ने उनके चाय के खोखे में आग लगाई है। क्योंकि वह रात को अच्छी तरह से खोखे को बंद करके गए थे। आग में एक फ्रिज, तीन चारपाई, तीन काउंटर, चार कुर्सियां, मेज और बीडी, सिगरेट व करियाने का सामान जलकर राख हो गया।

## सुबह होते ही न्यू प्रभाकर कॉलोनी पहुंचा नगर परिषद का पीला पंजा अतिक्रमण हटाने

अर्थ प्रकाश/संजीव सिंगला

**टोहाना, 1 जुलाई।** शहर में कई दिनों से नगर परिषद के कारनामे शांत थे फिर दोबारा टोहाना नगर परिषद सुबह-सुबह चर्चा में आ गई जब शहर में यह बात फैली कि प्रभाकर कॉलोनी में नगर परिषद के अधिकारी पूरी टीम व पुलिस बल पीला पंजे के साथ पहुंची हुई है जल्द ही अतिक्रमण हटाने के लिए पीला पंजा चलाती भी दिखाई दी न्यू प्रभाकर कॉलोनी में अतिक्रमण की बात कोई नहीं नहीं है यहां पर वर्षो से हर दुकानदार व निजी अस्पताल वालों ने अतिक्रमण करने से 100 फुट का रोड सिर्फ 30 फुट का छोड़ रखा है अतिक्रमण भी पक्के किए हुए थे जब नगर परिषद की टीम के अधिकारी अतिक्रमण तोड़ रहे थे तब वहां एक शिकायतकर्ता ने वहां पर मौजूद पत्रकारों को दिखाया कि आप तो सिर्फ दुकानों के आगे से सामान हटवाने को अतिक्रमण कह रहे हैं यहां तो यह कॉलोनी का मालिक रास्ता नंबर 647 जो की 11 फुट का था वह भी निगल गया जो कि मैं आप सभी को नक्शे में भी दिखा सकता हूं तो अधिकारी जो अतिक्रमण हटवाने व रोड चौड़ा करवाने आए हुए थे वह शिकायतकर्ता की बात सुनने पर अगले बगले झांकने लगे जब अतिक्रमण की प्रक्रिया चल रही थी तब जितने भी शहर निवासी व राहगीर निकल रहे थे तो सभी ने नगर परिषद के अधिकारियों की कार्य की प्रशंसा की और कई कॉलोनी वासियों ने दबी हुई आवाज में कहा कि साहब हमारी कॉलोनी के नक्शे में सामुदायिक केंद्र व स्कूल जो बेचते वक्त कॉलोनाइजर द्वारा दिखाए गए थे वह भी जरा ढूंढ कर बता दो कहां है तो खूब वहां वहीं हुई नगर परिषद के अधिकारियों द्वारा की गई कार्रवाई से असंतुष्ट दुकानदारों ने नोटिस न देने की बात भी कही ओर सरकार के लीडरों पर कार्यवाही नहीं करने जैसे आरोप भी लगायें।

## सनातन धर्म की मूल नींव सत्य, प्रेम एवं वसुधैव कुटुंबकम पर आधारित है: महंत राजेंद्र पुरी

अर्थ प्रकाश/राजकुमार वालिया

**कुरुक्षेत्र, 1 जुलाई।** जग ज्योति दरबार में विश्व जाट महासभा के संत प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत राजेंद्र पुरी ने सनातन धर्म प्रचार प्रसार अभियान के अंतर्गत बुधवार को दरबार के सेवादल के सदस्यों एवं पदाधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए कहा कि सनातन धर्म की मूल नींव सत्य, प्रेम एवं वसुधैव कुटुंबकम पर आधारित है।

उन्होंने कहा कि संत महापुरुष इस शाश्वत परंपरा के सच्चे संवाहक होते हैं। जो अपने आध्यात्मिक ज्ञान, त्याग और समाज-कल्याण की शिक्षाओं के माध्यम से सनातन संस्कृति को न केवल मजबूत करते हैं, बल्कि युवा पीढ़ी को अपने गौरवशाली इतिहास और संस्कारों से भी जोड़ते हैं। महंत राजेंद्र पुरी ने कहा कि विभिन्न कालखंडों में संतों महापुरुषों द्वारा सनातन धर्म को मजबूत करने के प्रयास अत्यंत प्रेरणादायक रहे हैं। उन्होंने कहा कि अनेकों संत महापुरुषों ने वेदों और उपनिषदों के ज्ञान के माध्यम से सनातन धर्म की रक्षा की।

महंत राजेंद्र पुरी ने बताया कि आज भी सनातन धर्म प्रचार प्रसार अभियान में देश के विभिन्न राज्यों में संत महापुरुषों एवं धर्म गुरुओं का सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा कि संतों ने हमेशा जाति-पाति के भेद को मिटाकर समाज को जोड़ा है। संतों का उद्देश्य ऊंच-नीच से परे एक सशक्त और समरस समाज का निर्माण करना है। संतों का सत्संग लोगों को सात्विक जीवन, अहिंसा और पर्यावरण प्रेम का पाठ पढ़ाता है, जो सनातन धर्म की जान है। इस अवसर पर अश्विनी सिंह बिट्टू, प्रतीक सांगवान, नरेंद्र गोल्डी, अमन खेड़ी, कुलदीप सिंह, जोगध्यान सिंह, ज्ञान चंद, रवि शर्मा, मलकियत सिंह, रजनी बाला, मनप्रीत कौर, अजय राठी, विजय राठी, अक्षय राठी एवं कन्हैया लाल इत्यादि भी मौजूद रहे।

## रंगारंग कार्यक्रमों के बीच बी.फार्मेसी विद्यार्थियों को दी गई विदाई

अर्थ प्रकाश/योगेश कुमार



**रादौर,1 जुलाई।** ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी में बुधवार को बी.फार्मेसी तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा सत्र 2022-2026 के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। यह समारोह उत्साह, उमंग और भावनाओं से भरपूर रहा, जिसमें जूनियर विद्यार्थियों ने अपने सीनियर्स के साथ बिताए गए यादगार पलों को साझा करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ विदाई दी। पूरे कार्यक्रम के दौरान कॉलेज परिसर खुशी, उत्साह और अपनत्व के माहौल से सराबोर रहा। कार्यक्रम की शुरुआत सभी अतिथियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों के स्वागत के साथ हुई। इसके बाद विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, नृत्य, संगीत, मनोरंजक खेल, टैलेंट राउंड, रैंप वॉक तथा विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों के माध्यम से सभी का भरपूर मनोरंजन किया। बी.फार्मेसी तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने पूरे समारोह की शानदार योजना बनाई और उसे सफलतापूर्वक आयोजित किया। उनके समर्पण, टीमवर्क और बेहतर समन्वय ने इस आयोजन को सभी के लिए अविस्मरणीय बना दिया। कार्यक्रम का सबसे आकर्षक और बहुप्रतीक्षित हिस्सा टाइटल सेरेमनी रही। विभिन्न राउंड और गतिविधियों के आधार पर मिस्टर फेयरवेल का खिताब भव्य सैनी को, जबकि मिस फेयरवेल का खिताब मुस्कान को प्रदान किया गया। वहीं मिस्टर पर्सनैलिटी का सम्मान फराज़ अहमद तथा मिस पर्सनैलिटी का सम्मान खुशी को उनके आत्मविश्वास, प्रभावशाली व्यक्तित्व, मंच पर शानदार प्रस्तुति और सकारात्मक सोच के लिए दिया गया। सभी विजेताओं का उपस्थित शिक्षकों और विद्यार्थियों ने जोरदार तालियों के साथ स्वागत किया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. नेहा यादव ने अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक यात्रा के सफल समापन पर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि कॉलेज जीवन केवल शिक्षा प्राप्त करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह व्यक्तित्व विकास, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और जीवन के महत्वपूर्ण अनुभवों का भी आधार होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्य निर्धारित करने, अपने पेशे के नैतिक मूल्यों का पालन करने तथा समाज की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने का संदेश दिया। संस्थान के प्राचार्य डॉ. अश्वनी कुमार ने स्नातक होने जा रहे विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह उनके जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, जहाँ से वे अपने नए पेशेवर सफर की शुरुआत करेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों को मेहनत, ईमानदारी, अनुशासन और निरंतर सीखने की भावना के साथ आगे बढने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि एक सफल फार्मासिस्ट बनने के लिए ज्ञान के साथ-साथ मानवीय संवेदनाएँ, जिम्मेदारी और सेवा भाव भी उतने ही आवश्यक हैं। उन्होंने आयोजन समिति एवं सभी विद्यार्थियों के उत्कृष्ट समन्वय और सफल आयोजन की प्रशंसा करते हुए सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल, सफल एवं समृद्ध भविष्य की कामना की।

हिमाचल के कुल्लू जिले में चमत्कारी मंदिर

# हर 12 साल में गिरती है बिजली अचानक से किया गया बंद

हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में बिजली महादेव मंदिर स्थित है। जिसको अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि मंदिर समिति ने काशवरी गांव में स्थित मंदिर को बंद करने की सूचना के लिए जगह-जगह पोस्टर लगाए हैं। लेकिन अफवाह है कि पिछले दिनों मंदिर में बिजली गिरी थी, जिसके कारण मंदिर को काफी नुकसान पहुंचा है। इसलिए मंदिर कार्यों को बंद कर दिया गया है। लेकिन अब मंदिर समिति ने इन सभी अटकलों पर विराम लगा दिया है।

हालांकि मंदिर समिति ने बिजली महादेव मंदिर पर बिजली गिरने का खंडन किया है। वहीं मंदिर को अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिया गया है। यहां के स्थानीय लोगों को भी इस बारे में कोई जानकारी नहीं है कि मंदिर क्यों बंद किया गया है। बताया जा रहा है कि गुप्त कारज होने के कारण मंदिर को बंद किया गया है। इस अवधि में स्थानीय लोगों को भी मंदिर जाने की अनुमति नहीं



होती है।

**बिजली गिरने की है मान्यता:** माना जाता है कि देवता के आदेश पर ही मंदिर के गुप्त कार्य होते हैं। मंदिर कब तक बंद रहेगा, इस बारे में किसी को जानकारी नहीं है। इस मंदिर में सिर्फ पुजारी और पुरोहित रहते हैं। मंदिर को लेकर धार्मिक मान्यता है कि हर 12 साल में बिजली महादेव मंदिर में आकाशीय बिजली गिरती है और मंदिर का शिवलिंग खंडित हो जाता है। बिजली खंडित होने के बाद सत्तू और मक्खन आदि से शिवलिंग को जोड़ा जाता है। वहीं स्थानीय लोगों की मानें, तो यहां पर बिजली भगवान शिव के आशीर्वाद से गिरती है और इलाके में व्याप्त सभी बुराइयां दूर होती है। भोलेनाथ की आज्ञा से ही इंद्रदेव शिवलिंग का इस तरह अभिषेक करते हैं।

**कथा:** बिजली महादेव मंदिर को लेकर एक कथा प्रचलित है कि प्राचीन काल में कुलांत नामक राक्षस ने ब्यास नदी का प्रवाह रोकने के लिए कुल्लू घाटी को डुबाने की कोशिश की। कुलांत नामक राक्षस ने खतरनाक सांप का रूप धारण कर घाटी को तबाह करने की योजना बनाई थी। तब भगवान शिव ने राक्षस से कहा कि तुम्हारी पूंछ में आग लग गई थी। जैसे ही कुलांत ने पीछे मुड़कर देखा तो भगवान शिव ने अपने त्रिशूल से उसका वध कर दिया। जिससे कुलांत राक्षस का शरीर विशाल पर्वत में बदल गया। जिसको आज के समय में कुल्लू की पहाड़ी माना जात है। महादेव ने इंद्रदेव से कहा कि इस स्थान पर हर 12 साल में बिजली गिराएं, जिससे कि क्षेत्र की रक्षा हो सके।

## समालखा नगर परिषद में वाइस चेयरमैन पद को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म, कई दावेदार सक्रिय




अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार

समालखा। नगर परिषद समालखा में वाइस चेयरपर्सन पद को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। पूर्व वाइस चेयरपर्सन के इस्तीफे के बाद अब सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि परिषद को नया वाइस चेयरपर्सन कौन मिलेगा। राजनीतिक गलियारों में इस पद को लेकर चर्चाओं का दौर लगातार जारी है और कई पार्षद अपनी-अपनी दावेदारी मजबूत करने में जुटे हुए हैं।

सूत्रों के अनुसार, कुछ दावेदार पार्टी संगठन और शीर्ष नेतृत्व का समर्थन हासिल करने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। चंडीगढ़ और दिल्ली तक संपर्क साधे जा रहे हैं तथा वरिष्ठ नेताओं से मुलाकातों का सिलसिला भी जारी है। ऐसे में यह चर्चा भी जोर पकड़ रही है कि नया वाइस चेयरपर्सन सर्वसम्मति से चुना जाएगा या फिर पार्टी अपने अधिकृत उम्मीदवार को मैदान में उतारेगी।

नगर परिषद की राजनीति में इन दिनों जातीय, सामाजिक और राजनीतिक समीकरणों पर भी विशेष नजर रखी जा रही है। जानकारों का मानना है कि संगठन ऐसा चेहरा सामने ला सकता है जो सभी वर्गों को साथ लेकर चल सके और पार्टी की छवि को भी मजबूत करे।

वहीं, राजनीतिक गलियारों में लेन-देन और अंदरूनी खींचतान की चर्चाएं भी सुनाई दे रही हैं। हालांकि इन चर्चाओं की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन इनकी वजह से सियासी माहौल और अधिक गर्म हो गया है। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि अंतिम समय में किसके पक्ष में समीकरण बनते हैं और किसे शीर्ष नेतृत्व का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

इस पूरे घटनाक्रम के बीच एक बड़ा सवाल यह भी चर्चा का विषय बना हुआ है कि महिला सशक्तिकरण की बात करने वाली भारतीय जनता पार्टी क्या इस बार किसी महिला पार्षद को वाइस चेयरपर्सन की जिम्मेदारी सौंपेगी या फिर यह पद किसी पुरुष पार्षद के खाते में जाएगा। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यदि पार्टी महिला नेतृत्व को अवसर देती है तो यह महिला सशक्तिकरण के संदेश को और मजबूती दे सकता है। फिलहाल समालखा नगर परिषद की राजनीति में अटकलों का दौर जारी है और आने वाले कुछ दिन इस पद को लेकर बेहद महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं। अब सभी की निगाहें पार्टी नेतृत्व और नगर परिषद के आगामी निर्णय पर टिकी हुई हैं।

## प्रदेश के 325 अमृत सरोवरों का लोकार्पण, सोनीपत में तीन तालाब जनता को समर्पित



अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को नारायणगढ़ से वर्चुअल माध्यम से प्रदेश में करीब 222.97 करोड़ रुपये की लागत से तैयार 325 अमृत सरोवरों का लोकार्पण किया। जिला मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने भाखरपुर, दतौली और बली कुतुबपुर गांव के तीन अमृत सरोवरों का उद्घाटन किया। इन पर 88.34 लाख रुपये खर्च किए गए हैं। मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि सरकार जल संरक्षण और ग्रामीण विकास को प्राथमिकता देते हुए तालाबों का पुनर्जीवन कर रही है। प्रदेश में अब तक 604 अमृत सरोवर विकसित किए जा चुके हैं, जबकि पहले चरण में 2200 तालाबों के जीर्णोद्धार का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि अमृत सरोवरों में डी-सिल्टिंग, रिटेनिंग वॉल, पैदल पथ, स्ट्रीट लाइट, पौधारोपण और बैठने की व्यवस्था जैसी सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। उन्होंने अधिकारियों को तालाबों से जुड़े कार्य समयबद्ध ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में मेयर राजीव जैन, जिला परिषद चेयरपर्सन मोनिका दहिया, उपायुक्त नेहा सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता माईराम कौशिक, वरिष्ठ भाजपा नेता आजाद सिंह नेहरा, सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।


## जो अपनी मैं को मार देता है, वह अमर हो जाता है

निराकार परमात्मा घट-घट में समाया हुआ है। इसका कोई आदि अन्त नहीं पाया जा सकता। यह कल भी था, आज भी है और आगे भी रहेगा। आज इन्सान इतिहास से यह तो जान पाता हे कि पहले इन्सान की शक्ल-सूरत कैसी थी, लेकिन इस परमात्मा की होंद (अस्तित्व) के बारे में इन्सान कुछ नहीं जान पाता, क्योंकि इसका कोई आदि-अन्त नहीं पाया जा सकता। यह ऐसी शक्ति है, जो वास्तव में सारे संसार का संचालन कर रही है। यही शक्ति सदैव सत्य रहने वाली है। सत्य हम उसी को कहते हैं जो तीनों कालों में एकरस रहता है जो अभी कुछ हो, यन्द घण्टों में कुछ और हो जाए, चंद वर्षों में कुछ और हो जाये, उसे हम सत्य नही कह सकते। वह मिथ्या माया है।

इस निराकार परमात्मा के बारे में लिखा है कि 'आदि सचु जुगादि सचु। है भी सचु नानक होसी भी सचु। भाव, तीन काल सत्य रहने वाली सत्ता एक अकाल पुरुख ही है। इसके बारे में लिखा है-

**बिनु पग चलइ सुनई बिनु काना।**
**कर बिनु कर्म करइ विधि नाना।**
**आनन रहित सकल रस भोगी।**
**बिनु बाणी वक्ता बड़ जोगी।**

इस एकरस रहने वाले



सद्‌गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

परमात्माको आग जला नहीं सकती, शस्त्र काट नहीं सकते, वायु उड़ा नहीं सकती। इसका आदि-अन्त नहीं पाया जा सकता। तो ऐसे गुणों वाले दातार का आसरा ले लता है, आधार मानता और जानता है तो फिर वह किसी के समाप्त करने से समाप्त कैसे हो सकता है? यह दातार अमर है। जो भी आत्मा इसके साथ जुड़ जाती है, वह भी अमर हो जाती है। संत कबीर जी कहते हैं-

**मैं न मरउ मरिबो संसारा।अब**
**मोहि मिलियो है जीआवनहारा।7**

यह आत्मा के लिए कहा जाता है। क्योंकि यह शरीर तो खत्म होने वाला है। यह मिट्टी का एक पुतला है। पुरातन समय से हम देखते आ रहे हैं कि संसार पर परोपकार करने वाले का शरीर भी सदैव कायम नहीं रहा। दूसरी ओर सोने की लंका का मालिक होने के बावजूद रावण जैसे जुल्म करने वाले का शरीर भी कायम नही रहा। शरीर तो हर इन्सान का ही चला जाता है। कोई इन्सान चन्द वर्ष की आयु भोग कर चला जाता है तो कोई सौ वर्ष की आयु भोग कर चला जाता है। फिर अमर जीवन किसको कहा गया है? जो जीते जी मर जाता है, जो अपनी मैं को मार देता है, निराकार-दातार के साथ जुड़ कर अहंकार मिटा लेता है उसका जीवन ही अमर जीवन है।

जिस परमात्मा की अनेक निशानियां सन्तों ने बतलाई हैं इसको जानना है। इसकी पहचान करनी है। इस निज घर को ही जानना है। जिसको जब यह मंजिल प्राप्त हो जायेगी, उसका तभी यह लोक भी सुखी हो जाएगा और परलोक भी सुहेला हो जायेगा। केवल वस्तु का नाम लेने या पढ़ने मात्र से ही हमारा गुजारा नहीं हो सकता। जिस तरह से जल या पानी हम लेते हैं तो केवल नाम से ही हमारी प्यास नहीं बुझती। वह जल पीना पड़ता है, वह पानी ग्रहण करना पड़ता है, तब कहीं जाकर हमारी प्यास बुझती है। इसी तरह से कोई इन्सान केवल धन-दौलत का नाम ही लेता रहे, धन-दौलत की रकमें ही लिखता रहे तो वह अमीर नहीं हो सकता।

## पंचांग

बृहस्पतिवार, 2 जुलाई, 2026, सूर्योदयः 05:24 ए एम, सूर्यास्तः 07:30 पी एम, चन्द्रोदयः 09:26 पी एम, चन्द्रास्तः 07:06 ए एम, शक सम्वतः 1948 पराभव, विक्रम सम्वतः 2083 सिद्धार्थी, गुजराती सम्वतः 2082 पिङ्गल, अमान्त महीनाः ज्येष्ठ, पूर्णिमान्त महीनाः आषाढ़, वारः गुरुवार, पक्षः कृष्ण पक्ष, तिथिः द्वितीया - 09:37 ए एम तक, नक्षत्रः उत्तराषाढा - 09:27 ए एम तक, योगः वैधृति - 04:39 पी एम तक, करणः गर - 09:37 ए एम तक, द्वितीय करणः वणिज - 10:31 पी एम तक, सूर्य राशिः मिथुन, चन्द्र राशिः मकर, राहुकालः 02:13 पी एम से 03:58 पी एम, गुलिक कालः 08:55 ए एम से 10:41 ए एम, यमगण्डः 05:24 ए एम से 07:10 ए एम, अभिजित मुहूर्तः 11:59 ए एम से 12:55 पी एम, दुर्मुहूर्तः 10:06 ए एम से 11:02 ए एम, दुर्मुहूर्तः 03:44 पी एम से 04:41 पी एम, अमृत कालः 12:22 ए एम, जुलाई 03 से 02:07 ए एम, जुलाई 03

## भविष्य फल




**मेषः** एकतरफा प्यार आपको निराश कर सकता है। नई योजनाएं आकर्षक होंगी और अच्छी आमदनी का जरिया साबित होंगी।

**वृषः** दाम्पत्य जीवन खुशहाल बना रहेगा। आज वर्क प्लेस में आपको दो गुना फायदा होने के योग बन रहे है।

**मिथुनः** अपने जीवनसाथी के मामले में गैर-जरूरी टांग अड़ाने से बचें। अपने काम-से-काम रखना बेहतर रहेगा।

**कर्कः** आज नौकरी तथा व्यवसाय में परिश्रम से लाभ के योग हैं। आज आप थोड़ा तनाव में रहेंगे। थोड़ा सय्यम रखें।

**सिंहः** आज आपके परिवार में खुशियां बढ़ेंगी। संतान की शिक्षा में उन्नति संभव है। माता-पिता का स्वास्थ्य आज काफी अच्छा रहेगा।

**कन्याः** आज खास दिन है, क्योंकि अच्छा स्वास्थ्य आपको कुछ असाधारण काम करने की क्षमता देगा।

**तुलाः** आज आपको शैक्षिक कार्यों में सफलता प्राप्त होगी। आज का दिन मौज-मस्ती और आनन्द से भरा रहेगा क्योंकि आप जिन्दगी को पूरी तरह जिएंगे।

**वृश्चिकः** छात्रों को सफलता के लिए थोडी अधिक मेहनत करनी पड़ेगी। आपकी यह मेहनत रंग भी लाएगी।

**धनुः** नफरत को दूर करने के लिए संवेदना का स्वभाव अपनाएँ, क्योंकि नफरत की आग बहुत ज्यादा ताकतवर है और मन के साथ शरीर पर भी बुरा असर डालती है।

**मकरः** आज आप अपने काम से संबंधित यात्रा की तैयारी करेंगे। आज आप नई योजनाएं बनाएंगे। धन प्राप्ति संभव है।

**कुंभः** आज अपनी ऊर्जा नए प्रोजेक्ट में लगाएं, आपको दोगुना लाभ होगा। ट्रांसफर मनचाही जगह पर होगा।

**मीनः** आज आप खुद को सुकून में और जिंदगी का लुत्फ उठाने के लिए सही मनोदशा में पाएंगे। दिन के दूसरे हिस्से में आर्थिक तौर पर फायदा होगा।

## एचटेट के लिए सोनीपत में 22 परीक्षा केंद्र, 13,768 अभ्यर्थी होंगे शामिल



अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा (एचटेट)-2026 के लिए जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। उपायुक्त नेहा सिंह ने बताया कि चार और पांच जुलाई को आयोजित होने वाली परीक्षा के लिए सोनीपत शहर में 22 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा में लेवल-3 (पीजीटी) के 3961, लेवल-2 (टीजीटी) के 6843 तथा लेवल-1 (पीआरटी) के 2964 अभ्यर्थी शामिल होंगे।मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सभी उपायुक्तों के साथ परीक्षा तैयारियों की समीक्षा की। इसके बाद उपायुक्त ने अधिकारियों को बोर्ड के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सभी व्यवस्थाएं समय पर पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा, पेयजल, बिजली, चिकित्सा सुविधा और यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। गर्मी को देखते हुए परीक्षार्थियों के साथ आने वाले परिजनों के लिए छाया और पेयजल की व्यवस्था भी रहेगी। परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा और केंद्रों के आसपास भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 लागू रहेगी। परीक्षा के सफल संचालन के लिए फ्लाइंग स्क्वायड और निरीक्षण टीमों का गठन किया गया है। उपायुक्त ने अभ्यर्थियों से समय से पहले परीक्षा केंद्र पहुंचने तथा प्रवेश पत्र और वैध पहचान पत्र साथ लाने की अपील की। किसी भी आपात स्थिति में डायल-112 पर तत्काल सहायता उपलब्ध रहेगी।


## सब्जी मंडी गन्नौर में सफाई पर 1 लाख 25 हजार हर महीने , सफाई न मिलने पर ठेकेदार को नोटिस जारी

एक दिन सफाई न होने पर प्रतिदिन के हिसाब से 5 हजार रुपए का लगाया जाएगा जुर्माना : सचिव

अर्थ प्रकाश/सुरेन्द्र कुमार

**गन्नौर।** रेलवे रोड स्थित सब्जी मंडी में ठेकेदार की अनदेखी के कारण सफाई व्यवस्था का बहुत बुरा हाल है। जिस कारण मंडी में आने वाले किसान व सब्जी खरीदने आने वाले लोग बहुत परेशान है। किसानों ने मंडी प्रशासन से मांग की है कि लापरवाही बरतने पर सफाई वाली एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई की जाए ताकि सफाई व्यवस्था में सुधार हो सके। मंडी में आने वाले किसान ने बताया कि वह जब भी सब्जी मंडी में सब्जी लेकर आते हैं तो सफाई व्यवस्था का इतना बुरा हाल है कि ऐसा नहीं लगता कि सरकार मंडी में सफाई के लिए हर महीने लाखों रुपए खर्च कर रही हो। आरोप है कि दोपहर तक भी सफाई नहीं हो पाती। मंडी के सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि गंदगी से परेशान तो है लेकिन इस बारे में हम कुछ भी कह नहीं सकते, अपने ऊपर कार्रवाई के कारण डरते हैं।

नाम न छापने पर उन्होंने बताया कि पिछले महीने भी मंडी में 19,



25 , 30 जुलाई को पूरा दिन भी सफाई नहीं हुई। सब्जी विक्रेता व किसानों का कहना कि मंडी में टेंडर के अनुसार हर महीने सफाई के लिए 1 लाख 25 हजार रुपए की राशि खर्च किए जाते हैं। उसके बावजूद भी गंदगी का आलम रहता है। लापरवाही बरतने वाले ठेकेदार एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए ताकि मंडी में बेहतर सफाई रहे। इस बारे में ठेकेदार से संपर्क करना चाहा तो संपर्क नहीं हो पाया।

### मार्केट कमेटी ने दिया ठेकेदार को लापरवाही बरतने पर नोटिस: सचिव

इस बारे में मार्केट कमेटी के सचिव जगबीर सिंह ने बताया कि मंडी में सफाई व्यवस्था को लेकर मार्केट कमेटी ने ठेकेदार को नोटिस दिया है नोटिस के माध्यम से सफाई न होने का जवाब मांगा है। जवाब मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी। जिस दिन सफाई नहीं हुई है, एक दिन के हिसाब से 5000 रुपया ठेकेदार पर जुर्माना प्रावधान के अनुसार लगाया जाएगा।

### सफाई ठेकेदार को क्या है टेंडर के अनुसार आदेश

टेंडर के अनुसार मंडी में सफाई करने वाली एजेंसी को 125000 रुपए प्रति महीने के हिसाब से पेमेंट मिलेगी और उसे बेटे केदार को मंडी से निकलने वाले कूड़े को बार-बार डालने के लिए ट्रैक्टर ट्राली का प्रयोग करना पड़ेगा और मंडी में दिन में कई बार सफाई करनी होगी। इसके अलावा सफाई करने भी ड्रेस में नजर आएंगे आसपास जो भी शौचालय हैं उनकी भी सफाई रखनी होगी ।

## वरिष्ठ नागरिकों के लिए डबल ओटीपी प्रणाली कारगार साबित हो रही: हरीश कुमार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**कुरुक्षेत्र।** पुलिस महानिदेशक हरियाणा के आदेशानुसार हरियाणा पुलिस द्वारा आमजन को जागरुक करके के लिए जिला पुलिस द्वारा जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक श्री चन्द्र मोहन के कुशल मार्ग-दर्शन में जिला पुलिस आमजन को साईबर अपराध के बारे जागरुक कर रही है। बुधवार को साइबर राहगिरी के तहत साइबर थाना की टीम ने सैक्टर-13 सीनियर सिटिजन फोरम में बुजुर्गों और आमजन को साईबर अपराधों के प्रति जागरुक किया। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि बुधवार को साइबर थाना कुरुक्षेत्र की टीम ने सैक्टर-13 सीनियर सिटिजन फोरम में बुजुर्गों और आमजन को साईबर अपराधों के प्रति जागरूक किया। संबोधित करते हुए साइबर थाना के पीएसआई हरीश कुमार ने कहा कि बताया कि साईबर ठगों के निशाने पर हर वह आदमी है, जो किसी भी डिजिटल माध्यम से जुड़ा है।

## टूटी पुलिया का विधायक ने लिया जायजा, 15 दिन में यातायात बहाल होने की उम्मीद

अर्थ प्रकाश/सुरेन्द्र कुमार

गन्नौर। दतौली-बेगा रोड पर क्षतिग्रस्त पुलिया के पुनर्निर्माण कार्य का मंगलवार को विधायक देवेंद्र कादियान ने निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण स्थल पर पहुंचकर कार्य की प्रगति देखी और लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ तय समय में निर्माण पूरा करने के निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि मौसम अनुकूल रहा तो अगले 10 से 15 दिनों में पुलिया तैयार कर यातायात के लिए खोल दी जाएगी।उन्होंने कहा कि पुलिया टूटने से दतौली, बेगा, घसोली सहित आसपास के गांवों के लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। किसानों,



विद्यार्थियों और रोजाना आने-जाने वाले लोगों को कई किलोमीटर का अतिरिक्त सफर करना पड़ रहा है। ऐसे में निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं।बताया गया कि ओवरलोड वाहनों की लगातार आवाजाही के कारण पुलिया जर्जर हो गई थी। हाल ही में इसका एक हिस्सा टूटने के बाद प्रशासन ने सुरक्षा के मद्देनजर यातायात बंद कर दिया था। विधायक ने अधिकारियों से निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने को कहा, ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा न बने।पीडब्ल्यूडी के एसडीओ अनिल चहल ने बताया कि पुलिया का निर्माण चल रहा है। मौसम ने साथ दिया तो अगले 10 से 15 दिनों में कार्य पूरा कर पुलिया को यातायात के लिए खोल दिया जाएगा।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य समय पर पूरा करें: एसडीएम

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**गोहाना।** गोहाना के एसडीएम एवं निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) अंकित कुमार ने मंगलवार को राजकीय कन्या महाविद्यालय में 33-बरौदा विधानसभा क्षेत्र के सुपरवाइजरों और एईआरओ की बैठक लेकर विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार सभी कार्य समयबद्ध, पारदर्शी और त्रुटिरहित ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए।एसडीएम ने कहा कि मतदाता सूची को शुद्ध और अद्यतन बनाने में एसआईआर अभियान की अहम भूमिका है।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि



प्रपत्रों का वितरण और संग्रहण तय कार्यक्रम के अनुसार किया जाए तथा प्राप्त आवेदनों की सावधानीपूर्वक जांच कर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने स्पष्ट किया कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे और किसी अपात्र व्यक्ति का नाम सूची में शामिल न हो।उन्होंने अभियान के प्रत्येक चरण की नियमित समीक्षा करने, आपसी समन्वय बनाए रखने तथा किसी भी समस्या की सूचना तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को देने के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी दी कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

बैठक में बीईओ ललित किशोर, बीईओ बलजीत गहलावत, लेखाकार प्रवीन, संदीप तथा बरौदा विधानसभा क्षेत्र के सभी सुपरवाइजर और एईआरओ मौजूद रहे।




## -हरियाणा सूचना आयोग का आदेश-

# सभी विभाग निर्धारित सूचनाओं को करें सार्वजनिक

अधिनियम की धारा चार को प्रभावी तरीके से लागू करें सभी विभाग

अलग-अलग शाखाओं की जानकारी देना सूचना अधिकारी की जिम्मेदारी

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**चंडीगढ़, 1 जुलाई।** हरियाणा राज्य सूचना आयोग ने एक अंतरिम आदेश पारित करते हुए कहा है कि राज्य के सभी विभागों पर कानून के तहत निर्धारित सूचनाओं को स्वतः सार्वजनिक करने का वैधानिक दायित्व है। यह आदेश सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा-4 के प्रभावी क्रियान्वयन के आधार पर दिया गया है।

मामले में क्षितिज दत्ता ने आयोग से अनुरोध किया था कि उनकी शिकायत को द्वितीय अपील के रूप में माना जाए, क्योंकि उनका मुख्य विवाद सूचना उपलब्ध नहीं कराए जाने से संबंधित था। आयोग ने इस आग्रह को स्वीकार करते हुए आयोग सचिवालय को शिकायत को द्वितीय अपील में परिवर्तित कर उचित अपील संख्या आवंटित करने के निर्देश दिए।

राज्य सूचना आयुक्त डॉ.अजय कुमार सूरा ने अपने आदेश में कहा कि आरटीआई आवेदन में मुख्य रूप से धारा-4 के तहत अनिवार्य स्वतःप्रकटीकरण से संबंधित सूचनाएं मांगी गई थी। आयोग ने कहा कि धारा-4 प्रत्येक लोक प्राधिकरण पर यह वैधानिक दायित्व डालती है कि वह अपने कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखे और निर्धारित श्रेणियों की सूचनाओं का सक्रिय रूप से प्रसार करे, ताकि नागरिकों को व्यक्तिगत आरटीआई आवेदन दाखिल करने की आवश्यकता न पड़े। धारा-4 के पीछे विधायी मंशा अधिकतम प्रकटीकरण और औपचारिक सूचना मांगने की प्रक्रिया का न्यूनतम उपयोग सुनिश्चित करना है।

सुनवाई के दौरान विभाग की ओर से कहा गया कि मांगी गई सूचना जीएसटी, वैट, आबकारी, प्रवर्तन, विधिक, कंप्यूटर एवं सूचना प्रौद्योगिकी, लेखा और प्रशासन समेत कई शाखाओं से संबंधित है तथा उसकी शाखा से जुड़ी जानकारी नौ जून, 2026 के पत्र के माध्यम से उपलब्ध करा दी गई है। हालांकि आयोग ने पाया कि रिकॉर्ड पर ऐसा कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं है, जिससे यह साबित हो सके कि आरटीआई आवेदन को निर्धारित अवधि के भीतर संबंधित शाखाओं अथवा नामित लोक सूचना अधिकारियों को स्थानांतरित किया गया था।

## किसानों को एक दिन में मिलेगा जे-फॉर्म, कृषि विपणन बोर्ड की 10 सेवाएं अब राइट टू सर्विस के दायरे में

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 1 जुलाई।** हरियाणा सरकार ने नागरिकों एवं किसानों को समयबद्ध, पारदर्शी और जवाबदेह सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड (एचएसएएमबी) की 10 सेवाओं को हरियाणा सूचना का अधिकार अधिनियम, 2014 के तहत अधिसूचित कर दिया है।

मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा इस संबंध में बुधवार को अधिसूचना जारी की गई है।

अधिसूचना के अनुसार अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी), डुप्लीकेट आवंटन एवं पुनः आवंटन, कन्वेयन्स डीड जारी करना, बिक्री की स्थिति में संपत्ति का पुनः हस्तांतरण तथा कृषि कार्यों के दौरान चोट लगने या मृत्यु हो जाने पर (विसरा रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद) अनुग्रह सहायता (एक्स-ग्रेशिया) प्रदान करने से सम्बन्धित सेवाएं उपलब्ध 30 दिनों के भीतर उपलब्ध कराई जाएंगी।

इसी प्रकार बेबाकी प्रमाण-पत्र (नो ड्यूज सर्टिफिकेट) तथा बंधक (मॉर्गेज) के लिए एनओसी जारी करने की सेवाएं 15 दिनों के भीतर प्रदान की जाएंगी। निर्विवाद मृत्यु (अनकंटेस्टेड डेथ) के मामलों में संपत्ति का पुनः हस्तांतरण तथा कृषि कार्यों के दौरान चोट लगने या मृत्यु हो जाने पर अनुग्रह सहायता (एक्स-ग्रेशिया) प्रदान करने से संबंधित सेवाएं उपलब्ध 60 दिनों के भीतर उपलब्ध कराई जाएंगी।

किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जे-फॉर्म जारी करने के लिए एक दिन तथा मंडियों में सार्वजनिक शौचालयों की सफाई सुनिश्चित करने के लिए दो दिन की समय-सीमा निर्धारित की गई है।

# रेडक्रॉस की कार्रवाई: फर्स्ट एड ट्रेनिंग में फर्जीवाड़े की शिकायतों पर बदला टेंडर

17 जिलों से मिली शिकायतों पर हुई कार्रवाई

पुरानी कंपनी ने हैंडओवर से किया इनकार, विवाद बढ़ा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 1 जुलाई।** हरियाणा रेडक्रॉस सोसायटी ने फर्स्ट एड ट्रेनिंग से संबंध में बड़ा फैसला लेते हुए फर्स्ट एड ट्रेनिंग टेंडर में बदलाव कर दिया है। टेंडर बदलाव के बाद विवाद बढ़ा तो पुरानी कंपनी ने हेंडओवर देने से भी इंकार कर दिया है।

हरियाणा में ड्राइविंग लाइसेंस के लिए ऑनलाइन बेसिक फर्स्ट एड प्रशिक्षण जरूरी है। वर्ष 2020 से सेफडॉट ई-सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से संचालित किया जा रहा था। कंपनी का अनुबंध अगस्त 2025 में समाप्त हो गया था, लेकिन आम नागरिकों की सुविधा के लिए नई एजेंसी के चयन तक उसे कार्य जारी रखने की अनुमति दी गई थी।

हरियाणा रेडक्रॉस सोसायटी ने फर्स्ट एड ट्रेनिंग में हो रहे फर्जीवाड़े पर अंकुश लगाने के लिए ई-टेंडर प्रक्रिया पूरी की। हरियाणा रेडक्रॉस सोसायटी ने स्पष्ट किया कि पिछले कुछ समय से जिला शाखाओं से ऑनलाइन प्रशिक्षण प्रणाली को लेकर लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। आरोप थे कि प्रशिक्षण व्यवस्था संतोषजनक नहीं है, पोर्टल तकनीकी रूप से अपेक्षित स्तर पर कार्य नहीं कर रहा और प्राथमिक सहायता प्रमाणपत्रों की डुप्लीकेट प्रतियां अवैध रूप से जारी किए जाने जैसी गंभीर अनियमितताओं की शिकायतें भी सामने आईं। इन शिकायतों के आधार पर सभी 22 जिला शाखाओं से समीक्षा रिपोर्ट मांगी गई, जिसमें 17 जिलों ने सेवाओं को लेकर असंतोष व्यक्त किया। झज्जर जिला शाखा में प्रशिक्षण संबंधी अनियमितताओं का मामला सार्वजनिक होने के बाद संबंधित प्रकरण में कार्रवाई भी की गई। इन परिस्थितियों को देखते हुए नई एजेंसी यह कार्य अलाट कर दिया गया।

हरियाणा रेडक्रॉस सोसायटी के वाइस चेयरमैन अंकुश मिगलानी ने बताया कि फर्स्ट एड ट्रेनिंग में हो रहे फर्जीवाड़े पर काबू पाने के लिए ई-टेंडर प्रक्रिया पूरी की गई। क्योंकि पूर्व एजेंसी का अनुबंध अगस्त 2025 में समाप्त हो गया था, लेकिन प्रशिक्षण व्यवस्था बाधित न हो, इसलिए नई एजेंसी के चयन तक उसे सेवाएं जारी रखने की अनुमति दी गई। बाद में वेबसाइट, डोमेन, सर्वर, सोर्स कोड और अन्य तकनीकी अधिकार रेडक्रॉस को सौंपने के निर्देश दिए गए, लेकिन संस्था का आरोप है कि पुरानी कंपनी ने हैंडओवर करने से इंकार कर दिया। वहीं, सेफडॉट ई-सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर जसबीर का कहना है कि कंपनी की ओर से रेडक्रॉस को प्रतिवेदन भेजकर टेंडर रद्द करने के कारणों बारे पूछा गया है।

# एसवाईएल, रेणुका, किशाऊ और लखवार बांध का पानी ला नहीं सके, यमुना का पानी राजस्थान को कर दिया सुपर्द: रामपाल माजरा

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 1 जूलाई।** इनेलो प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा ने कहा कि इनेलो हमेशा हरियाणा के जल अधिकारों की रक्षा के लिए लड़ाई लड़ती रही है और राज्य के यमुना जल में उसके वैधानिक हिस्से पर किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं करेगा। बीजेपी ने जो हरियाणा और राजस्थान के बीच जल समझौता किया है इसका इनेलो पूरजोर विरोध करेगी। यमुना का पानी राजस्थान को देने से यमुनानगर, करनाल, पानीपत , सोनीपत, पलवल और फरीदाबाद जिले पानी न मिलने से सूख जाएंगे और फसलें न होने से किसान बर्बाद हो जाएंगे। माजरा सेक्टर-20 अपने निवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उनके साथ जिलाध्यक्ष अनिल तंवर ञ्चयोड?, राममेहर खुराना आदि कार्यकर्ता भी उपस्थित थे। रामपाल माजरा ने कहा कि एसवाईएल नहर का निर्माण भी सर्वोच्च न्यायालय के तीन बार फैसले के बावजूद अधूरा है, जिससे हरियाणा को लगातार जल संकट का सामना करना पड़ रहा है। 1994 में कांग्रेस ने यह फैसला कुर्सी बचाने के लिए किया था, बीजेपी ने उसी समझौते को ज्यों का त्यों लागू कर दिया। केंद्र सरकार ने जो यमुना पानी का समझौता किया है, राजस्थान को ताजेवाला हैड से पानी दिया जाएगा। इसके लिए 33 हजार करोड़ रुपए खर्च होंगे। ताजेवाला हैड से लेकर चुरू तक 295 किलोमीटर अंडरग्राऊंड पाइपप लाइन बिछाई जाएगी, इसके लिए 39 हजार करोड़ की जमीन का अधिग्रहण होगा। राजस्थान ने जैसा कहा, हरियाणा के सीएम ने सिर झुकाकर यह फैसला मान लिया। उन्होंने कहा कि इनेलो पानी की एक-एक बूंद की रक्षा के लिए लड़ती रहेगी। 1994 में स्व. चौधरी ओम प्रकाश चौटाला के नेतृत्व में यमुना जल समझौते के विरोध में इनेलो के सभी विधायकों ने विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने इसे हरियाणा के जल अधिकारों की रक्षा के लिए किसी भी राजनीतिक दल द्वारा दिया गया सबसे बड़ा बलिदान बताया। उन्होंने कहा कि हर बार सरकार नहरें तो बना देती है, लेकिन पानी आता नहीं, एसवाइएल और हांसी बुटाना नहर ऐसे ही पड़ी हैं, इनके बनाने में केवल कमीश्न खोरी का खेल हुआ, अब राजस्थान को पानी देने का जो समझौता भाजपा सरकार ने किया है वह हरियाणा की जनता के साथ धोखा है।

### राजस्थान के किसान अब धरने पर बैठ गए

हिसार घग्गर ड्रेन बन गई है, इससे हिसार और सिरसा के सेमग्रस्त क्षेत्र का पानी राजस्थान में जाना था। अब इसका 90 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है, लेकिन राजस्थान के किसान हनुमानगढ़ में धरने पर बैठ गए हैं, इससे हरियाणा प्रदेश को बहुत ज्यादा नुकसान होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि इन पुराने विवादों का समाधान करने के बजाय वर्तमान भाजपा सरकार राजस्थान के साथ ऐसे नए समझौते कर रही है, जो हरियाणा के हितों को और कमजोर करते हैं।

### हरियाणा के हितों की रक्षा के अपना संघर्ष जारी रखेगी इनेलो

उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा और कांग्रेस दोनों ही हरियाणा के वैध जल अधिकारों की प्रभावी रक्षा करने में विफल रही हैं। इनेलो लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीकों से हरियाणा के हितों की रक्षा के लिए अपना संघर्ष जारी रखेगी। माजरा ने कहा कि शीघ्र ही चौधरी अभय सिंह चौटाला के नेतृत्व में पार्टी की बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें आगामी कदम का फैसला किया जाएगा। पांच जुलाई को इनेलो के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता चैनत पहुंचेंगे। वहां पर गांव के लोगों को पीने का पानी नहीं दिया जा रहा है। इनेलो पार्टी ग्रामीणों की इस लड़ाई में उनके साथ खड़ी है।




## भ्रष्टाचारियों के खिलाफ एंटी करप्शन ब्यूरो की तोबड़तोड़ कार्रवाई सराहनीय: नरेश कुमार

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 1 जुलाई।** हरियाणा सरकार की भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति को और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से कैथल के सरकारी कार्यालयों में जल्द ही एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) के टोल-फ्री नंबर प्रदर्शित किए जाएंगे। इस पहल का शुभारंभ शीघ्र किया जाएगा। यह जानकारी एंटी करप्शन ऑर्गेनाइजेशन, हरियाणा के प्रभारी नरेश कुमार ने बुधवार को कैथल में पत्रकारों से बातचीत के दौरान दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा स्पष्ट है कि पूरे हरियाणा से भ्रष्टाचार का पूरी तरह उन्मूलन किया जाए। इसी दिशा में एंटी करप्शन ब्यूरो लगातार सराहनीय कार्य कर रही है और भ्रष्टाचार के मामलों में प्रभावी कार्रवाई कर रही है। नरेश कुमार ने कहा कि जिन सरकारी कार्यालयों में एंटी करप्शन ब्यूरो के टोल-फ्री नंबर लगाए गए हैं, वहां लोगों में जागरूकता बढ़ी है। अब आम नागरिक भ्रष्टाचार के खिलाफ खुलकर शिकायत दर्ज करा रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप कई मामलों में भ्रष्ट अधिकारियों और कर्मचारियों को रंगे हाथों पकड़ा गया है। हरियाणा प्रभारी नरेश कुमार ने कहा कि कैथल में भी सरकारी कार्यालयों में टोल-फ्री नंबर लगाए जाने से आम जनता को शिकायत दर्ज कराने में सुविधा मिलेगी तथा पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि यदि किसी भी सरकारी कार्यालय में रिश्वत की मांग की जाती है या भ्रष्टाचार से जुड़ी कोई जानकारी हो तो उसकी सूचना बिना किसी संकोच के एंटी करप्शन ब्यूरो को दें, ताकि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।










अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशकः महावीर जैन, मुद्रण स्थानः 'अर्थ प्रकाश प्रेस', चंडीगढ़, प्रकाशन स्थानः 1244, सेक्टर-7, करनाल, हरियाणा - 132001, प्रधान संपादकः महावीर जैन, प्रबंध संपादकः अक्षित जैन, आर.एन.आई. पंजीकरण संख्याः HRHIN/25/A/2947, दूरभाषः 0172-2638515, 9815033624, ई-मेलः arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकारः हरीश चंद्र जैन, HCS (सेवानिवृत्त)